CMYK

news@group5.in | group5news | group5news

www.group5news.com

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

सदैव आपके साथ...

www.group5news.com/epaper

लखनऊ || रविवार || 13 अप्रैल , 2025    वर्ष: 17 || अंक : 114 || पृष्ठ: 12 || मूल्य: 2/-



अंदर पढ़ें » 07 कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर शुल्क लगाने » 08 गुजरात टाइटंस के ग्लेन फिलिप्स चोट के कारण » 11 पाकिस्तानी कलाकारों पर सुष्मिता सेन का बयान



## देशभर में यूपीआई सर्विस ठप्प, यूजर रहे परेशान

● 3 घंटे से ज्यादा समय तक रही डाउन, बनी हुई है दिक्कत ● 20 दिन में तीसरी बार आई परेशानी, ट्रांजेक्शन में समस्या

**मुंबई (एजेंसी)।** देशभर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई सर्विस में करीब तीन घंटे तक समस्या रही। सुबह करीब 11.30 बजे से 1.00 बजे तक सबसे ज्यादा पेमेंट फेल्योर रिपोर्ट की गई। काफी देर तक लोगों को यूपीआई पेमेंट करने में दिक्कत आ रही है। बीते 20 दिन में यह तीसरी बार है जब ट्रांजेक्शन में समस्या हो रही है। वेबसाइट और ऑनलाइन सर्विसेज की रियलटाइम स्टेटस बताने वाला प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार के



अनुसार, समस्या फेस कर रहे करीब 81 फीसदी लोगों को पेमेंट करने में समस्या आ रही है। 17 फीसदी लोगों को फंड ट्रांसफर करने और लगभग 2 फीसदी को खरीदारी करने में दिक्कतें हुईं। रुक-रुक कर इश्यू का सामना करना पड़ा।

● **शिकायतों की संख्या पहुंची 2 हजार के पार-** डाउनडिटेक्टर पर यूपीआई डाउन होने की शिकायत में दोपहर 12 बजे के आसपास तेजी आई। खबर लिखे जाने तक शिकायतों की संख्या 2 हजार के पार पहुंच गई थी। डाउनडिटेक्टर वेबसाइट पर लाइव ग्राफ के अनुसार दोपहर 1.01 बजे तक टोटल 2,333 यूजर्स ने यूपीआई डाउन होने की शिकायत की है।

## आगरा में करणी सेना ने पुलिस को घेरा, लहराई तलवारें

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा में शनिवार को करणी सेना के कार्यकर्ता और पुलिसवाले आमने-सामने आ गए। करणी सेना के 80 हजार कार्यकर्ता राणा सांगा जयंती मनाने आगरा पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा हरियाणा, राजस्थान और गुजरात से कार्यकर्ता आए हैं। संभावना है कि कार्यकर्ताओं की संख्या 3 लाख पहुंच सकती



है। इसे रक्त स्वाभिमान सम्मेलन नाम दिया गया है। ये कार्यकर्ता आगरा के गढ़ी रामी में 50 बीघे में पंडाल में इकट्ठा हुए। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस भी पहुंची, जिसे देखकर करणी सेना के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को घेर लिया और तलवारें-डंडे लहराने लगे। हालात बिगड़ते देख पुलिस को आयोजन स्थल से बाहर जाना पड़ा।

## एल्युमीनियम फॉयल फैक्ट्री में विस्फोट, 5 लोगों की मौत

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित एक एल्युमिनियम फॉयल फैक्ट्री भयावह घटना सामने आई है। शुक्रवार की शाम को उमरेड में स्थिल इस फैक्ट्री मे भयानक विस्फोट हो गया। इसमें पांच लोगों की मौत हे गई। यह घटना फैक्ट्री की पॉलिश



ट्यूबिंग यूनिट में हुई, जहां उस समय 87 लोग मौजूद थे। अस्पताल में इलाज के दौरान दो पीड़ितों की मौत हो गई, जबकि तीन लापता व्यक्तियों की बाद में मौत की पुष्टि हुई। एमआईडीसी में स्थित फैक्ट्री में विस्फोट की जांच चल रही है। नागपुर जिले के उमरेड में शुक्रवार शाम को एक एल्युमिनियम फॉयल निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

## बांग्लादेश के आर्मी चीफ को अरेस्ट कराएंगे यूनुस

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में बीते साल हुए नाटकीय सियासी बदलाव के बाद सेना प्रमुख जनरल वकार उज जमां सबसे प्रमुख व्यक्ति बनकर उभरे थे। उनके इशारे पर ही शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार की कमान सौंपी गई। हालांकि कुछ महीनों के बाद ही बांग्लादेश के



आर्मी चीफ जनरल वकार जमां और देश की सरकार के मुखिया यूनुस के बीच तनातनी की खबरें आने लगीं। अब स्थिति बद से बदतर हो गई है और यूनुस किसी तरह जमां को रास्ते से हटाने की जुगत में हैं। यहां तक कि उनकी गिरफ्तारी कर फांसी भी दी जा सकती है। ये सब दावे बांग्लादेश के ही एक पत्रकार ने किए हैं। एक कार्यक्रम में बोलते हुए बांग्लादेशी पत्रकार सलाउद्दीन शोएब चौधरी ने यह दावा किया है।

## अब हर बिल पर 3 महीने के भीतर लेना होगा फैसला

● 'सुप्रीम' सख्ती, कोर्ट ने राष्ट्रपति के लिए भी तय की डेडलाइन

### कहा-राज्यपाल जो भी बिल भेजते हैं, उनको रोकना होगा गलत





नई दिल्ली (एजेंसी)। अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे।

## बिहार में चुनावी माहौल गरमाने की शुरू हुई तैयारी!

**पटना (एजेंसी)।** इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसमें भाजपा भी पूरी तरह चुनावी मोड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी आ रहे हैं। पीएम मोदी की प्रस्तावित यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह पटना में पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि



इस बैठक में एनडीए घटक दल के नेता भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को मधुबनी में आगमन हो रहा है। वह यहां एक रैली को संबोधित करेंगे। इसमें मधुबनी जिला के अलावा आसपास के सीतामढ़ी जैसे जिलों के लोग भाग लेंगे।

## दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

● 400 जवानों ने नक्सलियों को घेरा, शव और हथियार बरामद

**दंतेवाड़ा/बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर के भैरमगढ़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुबह 9 बजे से दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। जिसमें जवानों ने 3 माओवादी को ढेर किया है। तीनों के शव के साथ हथियार बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा जिले के एसपी गौरव राय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद करीब 400 जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। जवानों ने 2025 में अब तक 146 नक्सलियों को मार गिराया है। एसपी गौरव राय के मुताबिक,





दोनों जिलों का यह जॉइंट ऑपरेशन है। सर्च अभियान अभी जारी है। एनकाउंटर में माओवादियों को भारी नुकसान होने की संभावना है। मुठभेड़ खत्म होगी तब स्थिति क्लियर होगी। नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है, इसके बाद ही पता लग पाएगा।

## खुद को 'आलमगीर' कहने वाला महाराष्ट्र में हारा

● औरंगजेब कब्र विवाद के बीच अमित शाह का बड़ा बयान ● मैं यहां पर शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने के लिए आया हूं

**मुंबई (एजेंसी)।** मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए विवाद के बीच गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को रायगढ़ किला पहुंचे। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने छत्रपति महाराज को नमन किया। इसके बाद अमित शाह ने कहा कि शिवाजी को महाराष्ट्र तक सीमित मत रखिए। उनकी विरासत पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

अमित शाह ने औरंगजेब खुद को आलमगीर कहता था, लेकिन वह महाराष्ट्र में पराजित हुआ और यहीं पर उसकी समाधि बनी। इससे पहले अमित शाह छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर कहा कि वे इस रायगढ़ किले पर कोई राजनीति करने नहीं आए हैं। शाह ने कि कल्पना कीजिए जब शिवाजी भगवा लेकर इस रायगढ़ के किले पर आए होंगे तब देश में कैसा माहौल रहा होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ, तब पूरा देश



अंधकार में था। उस वक्त पर किसी के लिए भी स्वराज के बारे में सोचना मुश्किल था। देवगिरि के पतन के बाद अगले 100 साल में पूरा दक्षिण ढह गया। इसके बाद 12 साल के बच्चे ने जीजाबाई से प्रेरणा लेकर सिंधु से कन्याकुमारी तक भगवा (शासन) स्थापित करने की शपथ ली थी। अमित शाह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने जिजाऊ के संस्कार को वटवृक्ष बनाया और शिवाजी के बाद जब तक औरंगजेब जिंदा रहा तब तक संभाजी महाराज, महारानी लक्ष्मी बाई, धनोजी संतो जी लड़ते रहे। अपने आपको आलमगीर कहने वाला (औरंगजेब) महाराष्ट्र में पराजित हुआ और यहीं उसकी समाधि बनी। शाह ने कहा कि ये शिवचरित्र को हम सबका दायित्व की भारत के बच्चे-बच्चे को सिखाया और पढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मैं यहां पर प्रेरणा लेने आया हूं।

## वक्फ कानून पर बंगाल में भारी हिंसा, 3 लोगों की मौत

● 120 लोग किए गए गिरफ्तार, 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल ● भाजपा का वार- ममता राज्य को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं





मुर्शिदाबाद (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद सहित चार जिलों में नए वक्फ कानून के खिलाफ शनिवार को हुए हिंसक प्रदर्शनों में 3 लोगों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने अब तक 120 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 70 लोगों को सूती से, 41 लोगों को शमशेरगंज से गिरफ्तार किया गया है। वक्फ कानून के विरोध के दौरान शुक्रवार को मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना और मालदा में स्थिति बिगड़ी थी। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-12 पर सरकारी बसों और वाहनों में आग लगाई, पुलिस पर पथराव किया। सुइटी थाना क्षेत्र के साजूर क्रॉसिंग में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर क्रूड बम फेंके। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, उन पर आंसू गैर के गोले दागे। हमले में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शन के दौरान 3 लोगों की मौत की खबर भी आई, लेकिन पुष्टि नहीं हो सकी है।

● **शुभेंदु अधिकारी बोले-कट्टरपंथी खुलेआम हिंसा कर रहे-** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में अराजकता और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा, कुछ कट्टरपंथी समूह संविधान और कानून का विरोध कर खुलेआम हिंसा कर रहे हैं। आम लोग असुरक्षित हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

## पति के टुकड़े करने वाली मुस्कान डेढ़ महीने की प्रेग्नेंट

● मेरठ जेल से 2 घंटे के लिए बाहर आई, हाई सिक्योरिटी में हुआ अल्ट्रासाउंड



**मेरठ (एजेंसी)।** मेरठ में सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान 5-7 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। शुक्रवार सुबह उसे कड़ी सुरक्षा के बीच लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज लाया गया। हाई सिक्योरिटी में मुस्कान का अल्ट्रासाउंड कराया गया। वह करीब 2 घंटे जेल से बाहर रही। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया- जिला जेल के महिला बैरक की दो कैदियों को चेकअप और कुछ टेस्ट के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। मुस्कान और संगीता दोनों का अल्ट्रासाउंड कराया गया। जिसमें मुस्कान डेढ़ महीने और संगीता 3 महीने की प्रेग्नेंट मिली हैं। 19 मार्च से मुस्कान जिला जेल में बंद है। आज 20 दिन बाद मुस्कान जेल से बाहर निकली। उसने जेल से बाहर का माहौल देखा।

## भारतीय महाद्वीप के दो हिस्सों में टूटने का बढ़ा खतरा

● बार बार आ सकते हैं महाविनाशक भूकंप, नई स्टडी में डराने वाली जानकारियां

**लंदन (एजेंसी)।** फर्ज कीजिए, एक विशाल जमीन का टुकड़ा, जो पिछले लाखों सालों से स्थिर है, वो अचानक अंदर से टूटने लगे। ये कोई साइंस फिक्शन कहानी नहीं है, बल्कि भारत के भूगर्भीय भविष्य को लेकर की गई एक गंभीर चेतावनी है। हाल ही में भूवैज्ञानिकों ने संकेत दिए हैं कि भारतीय प्लेट दो हिस्सों में विभाजित हो रही है, जिससे हिमालय क्षेत्र में बड़े भूगर्भीय परिवर्तन हो सकते हैं। हाल ही में की गई स्टडी से पता चला है कि भारतीय प्लेट दो भागों में विभाजित हो रही है, जो इस क्षेत्र के भूवैज्ञानिक स्थिति को हमेशा के लिए एक नया आकार दे सकती है। अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन में



प्रकाशित एक लेख में इस अभूतपूर्व खोज को लेकर जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस भूभाग में प्लेट अलग हो रही है और पृथ्वी के मेंटल में डूब रही है। इस स्टडी रिपोर्ट में भारतीय महाद्वीप में आने वाले भूकंप और खतरों को लेकर कई अहम जानकारियां दी गई हैं। इस स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय प्लेट, जो लगभग 60 मिलियन वर्षों से यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है, वो अब एक नई प्रक्रिया से गुजर रही है, जिसे 'डेलैमिनेशन' कहा जाता है। इस प्रक्रिया में प्लेट का घना निचला हिस्सा पृथ्वी के मेंटल में समा रहा है, जिससे प्लेट के भीतर एक लंबवत दरार उत्पन्न हो रही है। तिब्बती झरनों में भूकंप की तरंगों और हीलियम समस्थानिकों का विश्लेषण करने के बाद इस घटना के बारे में पता चला है, जिससे प्लेट में एक ऊर्ध्वाधर दरार का पता चला, जिसके बारे में वैज्ञानिकों को पहले जानकारी नहीं मिल पाई थी। आपको बता दें कि डेलैमिनेशन एक भूगर्भीय प्रक्रिया है जिसमें टेक्टोनिक प्लेट का निचला हिस्सा अलग होकर मेंटल में समा जाता है। यह प्रक्रिया प्रभावित कर सकती है।

CMYK

### अम्बेडकर जयंती को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# कानून–व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने दिए सख्त आदेश

- गौहत्या और लव जिहाद को गंभीरता से लें
- ऑनर किलिंग व अवैध धर्मांतरण पर कड़ा रुख अपनाया गया



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की । पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था अमिताभ यश एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की तैयारियों व डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध एवं कानून-व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा गोष्ठी की गयी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय स्थापना शाखा के उपलब्ध कराये गये डाटा बुकलेट में अंकित टाइमलाइन के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन की कार्यवाही प्रारम्भ की जानी है, जिसमें उन्हें समय से सूचित किया जाए। चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन कराकर कार्यवाही प्रारम्भ की जाय। जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो ।

### सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित अफवाहों को रोका जाए

सोशल मीडिया सेल के विभिन्न प्लेटफार्म (यथा ट्वीटर, फेसबुक, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम आदि) पर प्रसारित होने वाली अफवाहों तथा आपतिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन करते हुये समुचित विधिक कार्यवाही की जाये अपराधिक घटना होने की स्थिति में अच्छी नाकेबन्दी स्कीम तैयार कर लिया जाय। ऑनर किलिंग, लव जिहाद व अवैध धर्मान्तरण के प्रकरणों को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के दृष्टिगत थाना अभिलेखों में विगत वर्षों की प्रविष्टियों का अध्ययन कर विगत वर्षो में कोई विवाद सामने आया हो तो सम्बन्धित मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर उसका त्वरित निस्तारण किया जाय।

### गौवध और गौ-तस्करी पर होगी सख्त कार्रवाई

गौवध और गौ-तस्करी की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाकर कार्यवाही की जाएगी। ऐसे प्रकरणों में संगठित गिरोहों का चिन्हांकन कर उनके विरूद्ध नियमानुसार सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही भी की जाये। डीजीपी ने कहा कि लव जिहाद में भी कार्रवाई की जाए। अपराध एवं मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त पुलिस कर्मियों के विरूद्ध भी कार्यवाही होगी।गर्मी के मौसम के दृष्टिगत फायर बिग्रेड की गाड़िया एवं एक्यूपमेन्ट को तैयारी की हालत मे रखा जाये तथा पूर्व में ऐसे स्थान जहां पर आग लगने की घटनाये अधिक हुयी है, ऐसे स्थानों का चिन्हित कर अस्थायी चौकियां स्थापित की जाय।

### ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी 'नजर'

कानून-व्यवस्था की स्थिति में ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी का समुचित उपयोग किया जायेगा। पुलिस जन शक्ति का समुचित उपयोग किया जाय तथा उनका संतुलित व्यवस्थापन किया जाय तथा बेसिक पुलिसिंग को मजबूत किया जाये। थानों पर बीट सूचना तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाये तथा मिशन मोड में कार्य करें। महाकुम्भ-2025 के दौरान डिजिटल वारियर्स बनाया गया, जिसके सार्थक परिणाम प्राप्त हो रहे है। इस पर विशेष रूचि लेकर कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि में युवाओं का प्रेरित कर अधिक से अधिक उन्हे जोड़ा जाए तथा उनका सकारात्मक सहयोग प्राप्त जाय।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि पर बीबीडी ग्रुप एवं सामाजिक, राजनैतिक व खेल जगत से जुड़े लोगों ने याद किया

## प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार एवं राजधानी लखनऊ के पूर्व मेयर तथा बीबीडी ग्रुप के संस्थापक प्रेरणास्रोत डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता, डा0 अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिन्टन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ0प्र0 बैडमिन्टन एसोसिएशन व यू0पी0 ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास, बीबीडी ग्रुप की वाइस चेयरमैन देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास सहित बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों द्वारा डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिल्ली में भी इंजीनियरिंग कालेज संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि मेरे पिताजी सदैव लोगों की मदद में जुटे रहते थे। उनका मानना था कि एक दूसरे की सहायता करके लोगों के चेहरे पर मुस्कान लायी जा सकती है। उन्हीं के प्रेरणा से हम लोग टीम भावना के साथ आगे बढ़कर समाज की सेवा में तत्पर हैं और जो भी समाज के लिए कर सकते हैं वह सब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होने कहा कि आज बीबीडी परिवार डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता जी को याद कर रहा है ऐसे में हम सभी को एक दूसरे की मदद करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है यही डॉ0 दास के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होने कहा कि मेरे पिताजी ने जो रास्ता दिखाया है कि जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जानी चाहिए उसी रास्ते पर चलते हुए समाज की सेवा करता रहूंगा। पुण्यतिथि के मौके पर प्रातः हनुमान सेतु मंदिर पर महेश राठौर द्वारा सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त दोपहर लेटे हनुमान जी मंदिर पक्का पुल पर सुशील दुबे द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। दोपहर में जय श्री प्रिया गुप्ता एवं अजय दीप द्वारा संत मदर टेरेसा आश्रम सप्रू मार्ग हजरतगंज में फल वितरण किया गया। दोपहर फॉक्सवैगन व होटल सागर सोना की वर्किंग टीम द्वारा भण्डारा व शर्बत वितरण, अपरान्ह बीबीडी टाइम स्क्वायर टावर गोमतीनगर के बाहर कार्यालय टीम द्वारा श्रद्धांजलि सभा, बीबीडी बैडमिंटन अकादमी विपिन खण्ड गोमतीनगर में बैडमिंटन खिलाड़ियों व अकादमी के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम, सायं डा0 भीमराव अम्बेडकर चौराहे के समीप डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन द्वारा विशाल भण्डारा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नरही में संदीप अग्रवाल द्वारा प्याऊ लगाकर शर्बत वितरण किया गया। हरिश्चन्द्र इण्टर कालेज सदर में गुरू जी अखाड़े के तत्वावधान में प्रथम विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विराज सागर दास मौजूद रहे।

## वक्फ संशोधन बिल पर चुप्पी को लेकर मायावती ने राहुल गांधी से पूछा सवाल

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा सत्र के दौरान पेश हुए वक्फ संशोधन बिल की चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुप्पी साधने पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने निशाना साधा है। सोशल मीडिया एक्स पर मायावती ने राहुल गांधी के चुप्पी साधने पर सवाल पूछा है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश व इंडिया गठबंधन में भी बेचैनी स्वाभाविक है।उन्होंने आगे लिखा वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी और निष्क्रिय बनाकर इन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, बीजेपी आदि यह पार्टियां बराबर की दोषी है। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावे से बचना जरूरी है। इनके ऐसे रवैया के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है, जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है।साथ ही बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंतनीय बने हैं। सरकार जन कल्याण का संवैधानिक दायित्व सही से निभाए।

## सर्वेश पाटिल दोबारा बने अध्यक्ष, रवींद्र महामंत्री

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उप्र. के द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव के परिणाम शनिवार रात को जारी हुए। दो दिवसीय अधिवेशन के समापन पर हुए चुनाव में एक बार फिर से सर्वेश पाटिल को अध्यक्ष चुना गया, जबकि महामंत्री रवींद्र यादव बने। चारबाग के रवींद्रालय में सभागार में शुक्रवार को शुरू हुए राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उप्र. के द्विवार्षिक अधिवेशन में अतिथि एमएलसी पवन सिंह रहे। दूसरे दिन शनिवार को एसोसिएशन के चुनाव में प्रदेश भर से आए ऑप्टोमेट्रिस्ट ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव में सर्वेश पाटिल को 251 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी जीएम सिंह को 190 मत मिले। सर्वेश ने प्रतिद्वंदी जीएम सिंह को करारी शिकस्त देते हुए 61 वोट से अध्यक्ष पद दोबारा अपना परचम लहराया। इसके अलावा महामंत्री पद पर रविंद्र यादव ने 259 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंदी अनुराग मिश्रा 75 वोट से हराया। इसके अलावा प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पंडित पीडी गौतम, प्रांतीय कोषाध्या पर कमलेंद्र प्रताप सिंह अनूप, प्रांतीय संयुक्त सचिव में डीडी वर्मा, प्रांतीय संगठन मंत्री पद पर अरुणा यादव ने विजय पताका लहरायी। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के प्रधान महासचिव अशोक कुमार, एलटी एसोसिएशन के प्रवक्ता सुनील कुमार, अध्यक्ष सुरेश रावत व महामंत्री कमल कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता डीपीए के मंत्री कपिल वर्मा, रजत यादव आदि पदाधिकारियों ने सर्वेश पाटिल के पूरे पैनल को जीतने पर बधाई दी।



राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव चारबाग रवींद्रालय में संपन्न हुआ

## अवैध वसूली और बमबाजी करने वाले चार गिरफ्तार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** चिनहट इलाके में अवैध वसूली, धमकी देने, जान से मारने की नियत से बमबाजी कर लोगों में दहशत फैलाने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी भरत पाठक ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 12देशी सुतलीबम व नगदी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि गगन सिंह उर्फ उदित नरायन सिंह, सुमित मौर्या, आदित्य त्रिपाठी, ऋषभ ठाकुर को किसान पथ लिंक रोड जुगौर की तरफ जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तारी किया गया है। चारों पर आरोप है कि डर व भय दिखाकर दुकानदारों से हफ्ता वसूली करते थे। अवैध वसूली न देने पर जान से मारने की नियत से बमबाजी किये थे। इससे लोगों में दहशत फैल गया था।




लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)। **हिमालय** की ऊंचाइयों में जहां बादल धरती से मिलते हैं और घाटियां रहस्य बुनती हैं। वहीं भारतीय रेल का सपना हकीकत बना है। यह सपना है उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का जो अब पूरे यथार्थ के साथ साकार हो गया है। इस परियोजना की असली शान इसकी सुरंगें हैं। जो सिर्फ पथ नहीं बनातीं बल्कि पहाड़ों के साथ भविष्य की दिशा तय करती हैं। 272 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग में करीब 119 किलोमीटर का सफर सुरंगों से होकर गुजरता है। इनमें 36 प्रमुख सुरंगें हैं जिनमें कुछ इतनी लंबी और जटिल हैं कि वे इंजीनियरिंग की अद्भुत मिसाल बन चुकी हैं।

### T-50 – भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग




**लंबाई: 12.77 किमी | स्थान: सुंम्बड–खड़ी सेक्शन**

यह कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। इसे न्यू टनलिंग मेथड से बनाया गया। जिसमें क्वाट्र्जाइट, ग्रीश और फिल्लाइट जैसी कठिन चट्टानों को पार किया गया। इसमें मुख्य सुरंग के साथ-साथ समानांतर बचाव सुरंग भी है। जिसे हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज से जोड़ा गया है। इसकी खुदाई को अस्थिर चट्टानें, तेज़ पानी का रिसाव, शीयर ज़ोन, और ज्वालामुखीय स्तर की जॉइंटेड रॉक ने अत्यंत जोखिम भरा बनाया था।

इन कठिनाइयों से निपटने के लिए परियोजना टीम ने तीन ऐडिट बनाए, जिससे खुदाई के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ काम हो सके और काम की गति बढ़ सके। इस सुरंग के निर्माण ने एक इंजीनियरिंग चमत्कार को जन्म दिया।



### T-33 नवीनतम तकनीक से बनी चुनौतीपूर्ण सुरंग

**लंबाई: 5.2 किमी | स्थान: कटरा–बनिहाल खंड**

मेन बाउंड्री थ्रस्ट जैसे जटिल भूगर्भीय क्षेत्र से गुजरने के कारण यह सुरंग चुनौतीपूर्ण रही। भारी जल रिसाव और ढहती चट्टानों के चलते 'आई-सिस्टम टनलिंग' अपनाया गया। यह सुरंग इंजीनियरिंग कौशल और धैर्य की मिसाल है।



### T-1 नवीनतम तकनीक से बनी चुनौतीपूर्ण सुरंग

**लंबाई: 3.209 किमी**

सुरंग में मेन बाउंड्री थ्रस्ट क्षेत्र के कारण यहां कीचड़ और पानी की समस्या थी। 'आई-सिस्टम टनलिंग' की मदद से इसे सफलतापूर्वक पार किया गया। जिसमें गहरे ड्रेनेज पाइप, छतरीनुमा पाइप रुफिंग और केमिकल ग्राउटिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किया गया।



### T-23 तकनीकी नवाचार की मिसाल

**लंबाई: 3.15 किमी | स्थान: उधमपुर–चक रखवाल**

यह इस खंड की सबसे लंबी सुरंग है और इसमें बैलेस्ट-लेस ट्रैक बिछाया गया है। वर्ष 2008 में इसमें भारी दवाब और उभार की समस्या आई। जिसके बाद सुरंग के लगभग 1.8 किमी हिस्से को फिर से डिज़ाइन कर रुट बदला गया।

### T-25 जलधारा के विरुद्ध संघर्ष

**लंबाई: 3 किमी**

2006 में खुदाई के दौरान भूमिगत जलधारा मिली, जिससे 500–2000 लीटर प्रति सेकंड पानी बहने लगा। इस जल संकट को नियंत्रित करने में छह वर्ष लगे। यह सुरंग झज्जर नदी पर बने ब्रिज 186 से जुड़ती है।

### T-34 – जुड़वां सुरंग का अद्भुत नमूना




**लंबाई: 5.099 किमी | स्थान: पाई-खड़ से अंजी खड्ड**

यह एक जुड़वां सुरंग है जिसमें ट्रेन संचालन और आपातकालीन निकासी के लिए दो अलग-अलग टनल हैं। इसे सिरबन डोलोमाइट चट्टानों में बनाया गया। यह सुरंग भारत के पहले केबल-स्टे ब्रिज से जुड़ती है और इसमें हर 375 मीटर पर क्रॉस-पैसेज बनाए गए हैं।

### T-80 पीर पंजाल में बनी कश्मीर की रीढ़

**लंबाई: 11.2 किमी | स्थान: बनिहाल–काज़ीगुंड**

पीर पंजाल के नीचे बनी यह सुरंग जम्मू और कश्मीर के बीच सालभर संपर्क बनाए रखती है। यह हिंमपात और ऊंचाई की बाधाओं को पार कर यातायात और व्यापार को गति देती है। इसे USBRL की 'मेरुदंड' कहा जा सकता है।

**USBRL** की सुरंगें हिमालय के सीने में बसी वे धमनियां हैं, जो कश्मीर को देश के दिल से जोड़ रही हैं। हर सुरंग एक कहानी है- संघर्ष की, नवाचार की और जीत की। ये पत्थरों को तोड़ने वाली मशीनों की गूंज के साथ एक नए युग की आहट हैं। हिमालय की ये सुरंगें यात्रियों की मंजिल भारत के अटूट संकल्प का प्रतीक हैं।




## समय से पहले आम के पेड़ों को बूढ़ा कर रही कल्टार

- अधिक पैदावार के लालच में किसान पेड़ों को पहुंचा रहे नुकसान
- एक वर्ष के अंतराल में केवल पुराने पेड़ों पर करना चाहिए कल्टार का उपयोग



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** आम उत्पादन के लिए देश-विदेश मे मशहूर मलिहाबाद के आम उत्पादक अपने आमो की फलत को बढ़ाने के लिए कल्टार दवा का प्रयोग अधिक मात्रा में कर रहे हैं, लेकिन जो पेड़ सक्षम है। उन पर इसका इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्यादा इस्तेमाल करने से लगातार जल्दी फल देने के कारण कुछ ही सालों में नए पेड़ सूखने लग जाते है। लेकिन शायद वे नहीं जानते कि अधिक पैदावार के लालच में वे लोग अपने ही पेड़ों को नुकसान पहुंचाकर उन्हें समय से पहला बूढ़ा बना रहे है। आम के पेड़ों में कल्टार की दवा डालने का समय सितंबर, अक्टूबर और नवंबर के प्रथम सप्ताह तक कल्टार दवा का प्रयोग भरपूर मात्रा में बागवान करते हैं बागवान बताते हैं कि कल्टार दवा का प्रयोग बौर आने से तीन चार महीने पहले ही कर लेना चाहिए। बबलू व सुमित (बागवान) ने बताया आम के पेड़ों में हर वर्ष फल नहीं आते हर एक वर्ष के अंतराल में ही फल आते हैं जबकि यहां के बागवानों का मुख्य व्यवसाय आम ही है।इसलिए हर वर्ष उन्हें फल प्राप्त करने के लिए कल्टार दवा का प्रयोग करना पड़ता है इनकी ही तरह माल, मलिहाबाद व काकोरी के अनेक बागवान कल्टार दवा का प्रयोग कई सालो से करते आ रहे है। ताकि वे हर वर्ष अच्छी फसल प्राप्त कर सके लेकिन ऐसा करके शायद वे नही जानते कि वे अपने आम के मूल व्यवसाय को ही खत्म कर रहे हैं।

### कल्टार दवा का प्रयोग पेड़ों के लिए घातक सिद्ध हो सकता : कीट वैज्ञानिक डॉ. सचिन आर्या



मुख्य उद्यान विशेषज्ञ और कीट वैज्ञानिक डॉ. सचिन आर्या बताते है कि कल्टार दवा का प्रयोग पेड़ों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है इस दवा के प्रयोग केवल उन पेड़ों में करना चाहिए जो कि ज्यादा पुराने हो चुके हैं या 4-5 सालो से लगातार फल नहीं दे रहे हैं। बागवानो को दवा की सही मात्रा व दवा की सही जानकारी ना होने के कारण वे लोग ज्यादा पैदावार के लालच में अधिक मात्रा में पाईक्लोबट्रजॉल (कल्टार )का इस्तेमाल कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि कलटार दवा का इस्तेमाल फूल आने से पहले अक्टूबर के महीने में कर लेना चाहिए ताकि ठंड मे बौर खराब ना हो इस दवा का इस्तेमाल लंगड़ा और चौसा आम के लिए अच्छा होता है और दशहरी पेड़ों में इसका इस्तेमाल 2 साल के अंतराल में ही करना चाहिए ऐसा करने से पेड़ों को कोई नुकसान नहीं होगा लेकिन कल्टार दवा के साथ ही साथ अपने पेड़ो को समय समय पर अच्छी मात्रा मे गोबर की खाद,जैविक व उर्वरक खाद देने से लंबे समय तक पेड़ फल दे सकेंगे और आपके पेड़ भी स्वस्थ रहेंगे।लेकिन जो पेड़ सक्षम है उन पर इसका इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना चाहिए क्योंकि ज्यादा इस्तेमाल करने से लगातार जल्दी फल देने के कारण कुछ ही सालों में नए पेड़ बूढ़े हो जाते है।

## रुजी कीट की आहट ने बागवानों की उड़ाई नींद

- कीट वैज्ञानिक ने बताए बचाव के तकनीकी उपाय
- स्टिकी ट्रैप लगाकर रुजी की आबादी को किया जा सकता है नियंत्रण





**मलिहाबाद, (ग्रुप 5 सं)।** आम के बागों में रुजी कीट का प्रकोप देखा गया है यदि समय पर इनका नियंत्रण नही किया गया तो यह कीट फूलों और फलों की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं। उद्यान विशेषज्ञ से सलाह कर बागवानों ने बचाव के तकनीकी उपाय शुरू कर दिए है। रात दिन की मेहनत और देखरेख के बाद बागों में बागवानों की फसल अपना आकार लेना शुरू ही किया था कि अचानक रुजी कीट की आहट ने बागवानों की नींद उड़ा दी यह कीट आम का वर्तमान और भविष्य दोनो नष्ट कर देता हैं। यह छोटे कीट आम के पुष्पक्रम और नई कोमल पत्तियों को प्रभावित करते है जिससे पत्तियों पर धब्बे मुड़ने की समस्या और फल विकास में बाधा उत्पन्न होने की शुरूआत हो गई है। रुजी कीट के प्रकोप को रोकने के लिए बागवानों ने कीट विशेषज्ञ की सलाह से अपने बागों की नियमित रूप से देखभाल शुरू कर दी है। राजकीय उद्यान के कीट विशेषज्ञ डॉ सचिन आर्या ने बताया प्रारंभिक अवस्था में पहचान और नियंत्रण सबसे प्रभावी होता है। रासायनिक नियंत्रण के अलावा बाग में सफाई बनाए रखना, खरपतवारों और वैकल्पिक पोषक पौधों को हटाकर यांत्रिक रूप से ब्लू स्टिकी ट्रैप लगाकर रुजी की आबादी को कम किया जा सकता है। इन उपायों से बागवान अपने आम के बागों को इस कीट से बचा सकते हैं और अच्छी उपज प्राप्त कर सकते हैं। रसायनिक रूप में इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल या फिप्रोनिल 5 एससी या थियाक्लोप्रीड 21.7 एससी का 0.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में अच्छे से घोलकर छिड़काव करे। आवश्यकतानुसार 8 से 10 दिन बाद दूसरा छिड़काव करें।

## अम्बेडकर प्रतिमा रखने को लेकर बवाल, पथराव, हंगामा व मारपीट

# महिला इंस्पेक्टर समेत छह के सिर फूटे

- पीएसी व भारी पुलिस फोर्स किया गया तैनात
- बक्शी का तालाब इलाके की घटना
- सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने इकट्ठे होकर नारेबाजी की

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में सरकारी जमीन पर अंबेडकर प्रतिमा रखने को लेकर जमकर बवाल हुआ। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।







### महिला थाना समेत पांच थानों की फोर्स पहुंची

सूचना मिलते ही शनिवार दोपहर करीब 2बजे बीकेटी, इटौंजा, महिंगवा, मड़ियांव, महिला थाने की पुलिस पहुंची। तनाव देखते हुए पीएसी को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने हालात संभालने के लिए ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। लेकिन, इसी बीच गांव वाले उग्र हो गए। उन्होंने पथराव कर दिया। इसमें महिला इंस्पेक्टर मेनका सिंह के अलावा महिगंवा थाने के दरोगा रामेंद्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल जय प्रकाश, लाल मोहम्मद, नगुवामऊ चौकी प्रभारी शेष मणि और एलआईयू के क्षेत्रीय प्रभारी सिद्धेश वर्मा घायल हुए हैं।

सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने इकट्ठे होकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें महिला इंस्पेक्टर मेनका सिंह समेत छह लोगों के सिर फूट गए। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए पांच राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। करीब छह घंटे तक बवाल चलता रहा। बाद में काफी मशक्कत के बाद प्रशासन और ग्रामीणों की बीच सहमति बन पाई। फिलहाल प्रतिमा कपड़े से ढकी रहेगी। घटना लखनऊ कलेक्ट्रेट से करीब 36-किमी दूर बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मवई खातरी गांव की है। यह गांव बीकेटी मेन रोड से एक-किलोमीटर अंदर है।

### प्रशासन-ग्रामीणों में बनी सहमति, प्रतिमा ढकी रहेगी

प्रशासन और ग्रामीणों की बीच बनी सहमति बनने के बाद कहा गया है कि प्रतिमा कपड़े से ढकी रहेगी। इसके बाद गांव से थानों की पुलिस वापस बुला ली गई। हालांकि, एहतियात के तौर पर पीएसी तैनात रहेगी। डीसीपी नार्थ गोपाल चौधरी ने बताया- बातचीत के जरिए समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाएगा। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में और सामान्य है। मूर्ति लगाने को लेकर विवाद गांव के ही दो पक्षों के बीच का है। एक पक्ष ने 3 दिन पहले प्राथमिक स्कूल के सामने अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। जहां प्रतिमा लगाई गई, वह ग्राम समाज की जमीन है। इसको लेकर गांव के ही दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। दोनों पक्षों के बीच झगड़ा बढ़ा, तो किसी ने पुलिस को सूचना दे दी।



### पुलिस पर मारपीट व महिलाओं के कपड़े फाड़ने का आरोप

पुलिस की कार्यशैली से परेशान महिलाएं बोलीं- पुलिस ने पीटा, कपड़े भी फाड़े। ऐसे आरोप लगाए गए है। हालात बिगड़ते देख मौके पर बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी, कई थानों की पुलिस और पीएसी बल को तैनात किया गया। प्रशासन की अपील का कोई असर नहीं हुआ। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि को लिया हिरासत में

पुलिस ने इस मामले में गांव के प्रधान प्रतिनिधि को हिरासत में ले लिया, जिससे ग्रामीण और भड़क गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया। ग्रामीण मुन्नी देवी ने कहा कि पुलिस ने ग्रामीणों को जमकर पीटा है। उन्हें ईंट लगी है। पुलिस ने कपड़े भी फाड़े हैं। ग्राम प्रधान को किडनैप करके ले गए हैं। उन्होंने ढूंढ़ने गए तीन-चार लोगों को भी किडनैप कर लिया है। वहीं, रमावती ने कहा कि लोगों ने पैसे एकत्र करके सहमति पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की थी। पता नहीं है कि विरोधी कौन है और लाठीचार्ज क्यों किया गया? गांव में लोग शांति चाहते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता देवराज कुमार बौद्ध ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा 9 अप्रैल को ग्राम प्रधान की सहमति और ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थापित की गई थी। उन्होंने दावा किया कि एसडीएम को भी इस संबंध में पूर्व सूचना दी गई थी। प्रतिमा लगाए जाने के समय किसी भी व्यक्ति या संस्था ने कोई विरोध नहीं किया।

### नहीं लिया गया था परमिशन

बिना परमिशन मूर्ति लगाने पर भड़के गांव वालों का कहना है कि तीन दिन पहले ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर रात में चुपचाप प्रतिमा रखी गई थी। न तो प्रशासन से इसकी इजाजत ली गई और न ही ग्रामीणों से राय ली गई। प्रतिमा जिस जगह रखी गई, वह ग्राम समाज की जमीन है। यहां पहले हाट-बाजार और शादी-समारोह होते थे। इससे नाराज सैकड़ों बुजुर्ग, महिलाएं और युवा खातरी गांव से निकलकर पहाड़पुर चौराहा पहुंच गए। उन्होंने सड़क पर बैठकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। नारेबाजी कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि प्रतिमा हटाई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो।

### बिना अनुमति लगी प्रतिमा हटायी जायेगी



देवराज कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल की दोपहर प्रशासन के दो कर्मचारी गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि अंबेडकर प्रतिमा बिना अनुमति के लगाई गई है, इसलिए इसे हटाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो प्रशासन की टीम ने गांव के प्रधान समेत तीन अन्य ग्रामीणों को हिरासत में ले लिया। अब तक यह पता नहीं चला है कि उन लोगों को कहां ले जाया गया है?

**सोशल वर्कर बोले-** हमारे जीते जी प्रतिमा नहीं हटेगी देवराज कुमार ने प्रशासन से सवाल किया कि जब सभी को सूचित करके ग्राम सभा की सहमति से प्रतिमा स्थापित की गई थी, तो अब इसे हटाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही। उन्होंने कहा कि हमारे जीते जी ये प्रतिमा नहीं हटेगी, चाहे जो भी हो जाए।

# राजधानी में करणी सेना का प्रदर्शन, छावनी बना हजरतगंज

- पीएसी के तैनात की गई, कई पदाधिकारी हाउस अरेस्ट

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** क्षत्रिय समाज सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध को देखते हुए हजरत गंज इलाके में भारी फोर्स तैनात की गई है। करणी सेना, क्षत्रिय महासभा, राष्ट्रीय राजपूत महासभा समेत कई संगठनों के इकट्ठा होने के बाद से पुलिस अलर्ट है। हजरतगंज चौराहे पर पीएसी के साथ कई थानों की पुलिस फोर्स लगाई गई है। मौके पर डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी समेत अन्य अधिकारियों ने मोर्चा संभाल रहे हैं। भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवेंद्र शाही को प्रदर्शन से पहले हाउस अरेस्ट किया गया है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं के मुताबिक संगठन के 20 से अधिक पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया गया है।इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू भी प्रदर्शन की तैयारी में पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया- अटल चौक हजरतगंज में समाजवादी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक हुई। हजरतगंज विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे क्षत्रिय कल्याण सेवा समिति के सदस्य तेज प्रताप सिंह ने कहा- राणा सांगा की जयंती मनाने आए लेकिन पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हमारी यही मांग है कि रामजीलाल सुमन माफी मांगें। अखिलेश यादव मुखिया हैं। उनका कर्तव्य है कि सबको साथ लेकर चलें। लेकिन वह कुछ स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। पीडीए में 'ए' को साइलेंट क्यों रखा है।



### डीसीपी सेंट्रल आशीष श्रीवास्तव ने दी जानकारी

डीसीपी सेन्ट्रल आशीष श्रीवास्तव ने कहा- आज राणा सांगा की जयंती पर कुछ लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड की गई थी। इस पोस्ट में हजरतगंज में जयंती मनाने की बात कही गई थी। कुछ लोगों के द्वारा प्रदर्शन की भी बात कही गई थी। पुलिस सभी से बातचीत की, जिसके बाद संगठन के लोगों ने कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

## इलाज के दौरान कैदी की मौत

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** जिला कारागार लखनऊ में बंद कैदी में बंद सजायाफ्ता कैदी की इलाज के दौरान शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जिला कारागार लखनऊ में आशियाना पुलिस ने नवम्बर 2024 में वही के रहने वाले विशाल वर्मा (32) को हत्या के आरोप में गिराफ्तार कर उसे जेल भेजा था। मृतक को सात साल की सजा हुई थी। बेटे मनीष के मुताबिक कुछ दिनों से मेडिकल कालेज में उसका डायलिसिस किया जा रहा था। जिनकीं शनिवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के ऊपर पत्नी की दहेज के लिए हत्या किए जाने के आरोप था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## निजी कम्पनी का हजारों रुपये का लोहा चोरी, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सरोजनीनगर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मेसर्स ऋषभ टेक्नो कास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर योगेश सुखवानी ने कंपनी से करीब 60 हजार रुपये कीमत का लोहा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। योगेश सुखवानी का कहना है कि बीती 29 मार्च की रात अज्ञात लोग कंपनी के अंदर घुस गए और वहां से करीब 60 हजार रुपए कीमत का लोहा चोरी कर ले गए। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने योगेश सुखवानी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों की तलाश में जुट गई है।

## एटीएम का एसी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** अलीगंज पुलिस ने एटीएम से एसी चोरी करने वाले एक-शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा सीतापुर रोड अहिबरनपुर त्रिवेणीनगर-3 अलीगंज के एटीएम से एसी चोरी बीते दिनों किया गया था। बताया गया है कि पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग में मामूर थी कि मुखविर ने सूचना दी कि बैंक के एटीएम से स्प्लिट एसी चोरी करने वाला शातिर पुरनिया पुल के नीचे एसी बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम पुरनिया पुल के नीचे पहुंची तो देखा कि ओवर ब्रिज के पिलर के पास बेंच पर बैठा हुआ शातिर दिखायी दिया, जिसके पास चोरी की एसी थी। पुलिस टीम करीब पहुंची तो भागने लगा इस पर उसे पकड़ा गया। भागने का कारण पूछा तो फरहान शेख उर्फ फरहान पुत्र अली अहमद निवासी बी-1/18 सेक्टर-एच अलीगंज मूल पता क/166 कटरा बारादरी नबावगंज बारबंकी के कब्जे से दो-स्प्लिट एसी बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया गया कि 4-5 दिन पहले आईसीआईसीआई बैंक मौसमबाग सीतापुर रोड गल्लामण्डी के एटीएम परिसर से एसी चोरी किया था।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** मड़ियांव कोतवाली इलाके में अपनी जिन्दगी से परेशान युवक ने फांसी के फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। हालंकि मौके के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों से पूछताछ करने में लगी हुयी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 11बजे सुशील कुमार सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी जगलाल पेट्रोल पंप के पीछे गाजीपुर बलराम मड़ियांव उम्र करीब 18 वर्ष ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि जिसे उसके परिजनों ने फंदे से उतार कर उपचार हेतु मेडिकल कालेज, ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके के कारणों की जानकारी करने में लगी हुयी है।

## शान्ति भंग करने पर पांच गिरफ्तार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले पांच अराजकतत्वों को बीबीडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया की दो पक्षों में विवाद हो रहा था। दोनो पक्षों में पुनः मुकदमा लिखाने व पुरानी बात को लेकर आपस में मारपीट करने लगे थे। पुलिस ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया परन्तु कुछ समझने को तैयार नही हुए। जिस कारण पांचों लोगों का चालान किया गया। इस मामले में सचिन पुत्र स्व. इन्द्रपाल यादव निवासी-धौकल पुरवा चिनहट, श्रवन यादव पुत्र स्व.इन्द्रपाल यादव निवासी-धौकल पुरवा चिनहट और दूसरी ओर से ज्ञान चतुर्वेदी पुत्र मनोज कुमार चतुर्वेदी निवासी भारतीपुरम कालोनी बीबीडी, ऋ षभ राज पुत्र अजय कुमार निवासी- उजकापर विहार सरीक नालन्दा हाल पता- 9/24 सेक्टर-9 लोहिया विहार इन्दिरानगर, हर्षकेश तिवारी पुत्र जय प्रकाश तिवारी निवासी- 1548 संतोष नगर पाण्डेयसरा गुजरात हाल पता- 810 बीसीसी शक्ति अपार्टमेन्ट तिवारी गंज बीबीडी को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# मिथाइल अल्कोहल से भरे टैंकर के साथ दो गिरफ्तार

- एसटीएफ ने दोनों को सरोजनीनगर इलाके से दबोचा
- आरोपियों के एक साथी मौके से फरार, टीमें लगी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** एसटीएफ ने मुखबिर सूचना पर सरोजनीनगर से 40 हजार लीटर मिथाइल अल्कोहल से भरे टैंकर को पकड़ा है। यह अल्कोहल कर्नाटक से राजधानी के राजाजीपुरम पहुंचाया जा रहा था। इस मामले में एसटीएफ ने टैंकर चालक और खरीददार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उनका एक साथी फरार है। एसटीएफ के निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के मुताबिक उन्हें 10 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली की सरोजनीनगर में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर संजीवनी हॉस्पिटल मोड़ के पास अवैध रूप से मिथाइल अल्कोहल भरा एक टैंकर खड़ा है। यह जानकारी मिलने के बाद निरीक्षक संतोष कुमार ने आबकारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह को मामले से अवगत कराया और उनसे मदद मांगी। इसके बाद दोनों टीमों ने सरोजनीनगर इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति को पुलिस फोर्स के साथ लिया और मौके पर पहुंच गए। जहां उन्हें टैंकर (एमएच 43 बीपी 8831) खड़ा मिला। इसके बाद एसटीएफ ने टैंकर चालक को पकड़ कर पूछताछ की जहां। टैंकर चालक ने अपना नाम पंजाब प्रांत में गुरदासपुर के जिगरियाल जुगनात निवासी अगरेज सिंह बताया। एसटीएफ ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि टैंकर में 40 हजार लीटर अवैध केमिकल है, जो कर्नाटक के मलूर कोलार से लेकर आया है और राजधानी लखनऊ स्थित राजाजी पुरम में रहने वाले गौरव गुप्ता के पास पहुंचाने जा रहा है। इस पर एसटीएफ ने टैंकर चालक को हिरासत में ले लिया और अल्कोहल की जांच के लिए उसके नमूने भरकर क्षेत्रीय आबकारी प्रयोगशाला लखनऊ भेज दिया गया। जांच में मिथाईल अल्कोहल पाया गया। इसके बाद आबकारी टीम ने राजाजीपुरम में रहने वाले गौरव गुप्ता से संपर्क किया तो पता चला कि वह वहां पर इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित करता है, जो करीब 7 माह से किराए पर है। बाद में गौरव गुप्ता से संपर्क कर उसे बहाने से सरोजनीनगर कोतवाली बुलाया गया और एसटीएफ ने उसे भी हिरासत में ले लिया। गौरव गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि वह अधिक कमाई के चक्कर में बिना लाइसेंस के अल्कोहल कर्नाटक से मंगाकर थिनर, वारनिश और पेंट आदि में इस्तेमाल करने के लिए फुटकर रूप में बेचता है। उसके साथ प्रतापगढ़ के आलापुर स्थित बिजलीपुर निवासी आनंद सिंह भी मिलकर काम करता है। फिलहाल यह जानकारी होने के बाद एसटीएफ निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सरोजनीनगर थाने में तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर टैंकर और पकड़े गए अगरेज व गौरव को सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेने के साथ दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि फरार आनंद सिंह की तलाश की जा रही है।



## दो चेन लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** आशियाना इलाके में घर के बाहर टहल रही महिला से चेन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटी गयी चेन बरामद हुयी है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दीप अवस्थी और आयुष पाल को शानिवार को देवीखेड़ा मोड़ निकट गन्ना अनुसंधान केन्द्र बंगलाबाजार आशियाना से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बीते 10अप्रैल को खाना खाने के बाद कॉलोनी में टहलते समय स्कूटी सवार दो लुटेरों ने महिला से चेन लूट की थी।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

**विषयः निविदा सूचना संख्या –6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 08.04.2025 का पहला शुद्धिपत्र**

दिनांक 10.04.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनाँक 08.04.2025 के संबंध में निम्नलिखित शुद्धि निर्गत की जा रही है–

| विवरण | प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|
| धरोहर राशि | रु. 94,84,851/– | रु. 94,84,900/– |
| विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 05.06.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 22.05.2025 से 05.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 11.04.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनाँक 22.05.2025 से 05.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।

**संख्या 6–टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी/प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक 10.04.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1092/25

# भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड में किया प्रवास






ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर राजधानी में चल रहे पखवाड़े के क्रम में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय वार्ड संख्या-96 में विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित किये गए कार्यक्रमों में भाग लिया। इन कार्यक्रमों की रचना में स्वच्छता का अभियान भी था तो आपातकाल एवं राम मन्दिर निर्माण में सहयोग देने वाले कारसेवकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, किसी वार्ड में पहुंच कर स्थानीय निवासियों के साथ चौपाल, सरकारी विभाग, अस्पताल, नगर निगम, जलकल आदि विभागों का निरीक्षण, भाजपा बूथ कमेटी के साथ बैठक जैसे कार्यक्रम शामिल थे। इस क्रम में शनिवार को सुबह 11:00 बजे से शुरू हुए प्रवास में सबसे पहले विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने कुर्मांचल नगर में भाजपा कार्यकर्ता के आवास पर बूथ समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सम्बोधित भी किया। यहाँ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से उन्होंने संवाद भी किया। इसके बाद कुर्मांचल नगर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया एवं उनको भाजपा के पत्रक भी वितरित किये। फिर उन्होंने मानस विहार स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके से ही सी. एम. ओ महोदय को फोन कर अस्पताल में नर्सिंग स्टॉफ की कमी की पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुर्मांचल नगर स्थित हनुमान वाटिका मन्दिर, मानस विहार में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।विधायक ने शक्ति नगर स्थित श्री सुनील कुमार जी के आवास पर क्षेत्रीय निवासियों के साथ चौपाल की। भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के राजनैतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया एवं उनको भाजपा शासन के 8 वर्षों में प्रदेश में किये गये ऐतिहासिक कार्यों की पुस्तक एवं पत्रक भी वितरित किये। कार्यक्रम में पार्षद भूपेंद्र शर्मा, अर्जुन, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, भाजपा के मंडल महामंत्री संदीप पाठक, भाजपा कार्यकर्ता शशांक शेखर गोल्डी, देवेश उपाध्याय देवा, पूर्व पार्षद मनोज अवस्थी, संत शरण वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाढ़ पंपिंग स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण भी किया

भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पखवाड़ा के क्रम में शक्ति नगर स्थित कुकरैल नाले पर बने बाढ़ पंपिंग स्टेशन, बैरल नंबर 3 का स्थलीय निरीक्षण किया एवं स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनी। पार्षद भूपेंद्र शर्मा द्वारा नाला सफाई में आ रही समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच

पत्रांक : 1767 /8 काम/ई–टेण्डरिंग/बहराइच–श्रावस्ती वृत्त/2025–26 दिनांक : 08.04.2025

ई–निविदा सूचना प्रकाशन

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच–श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए' श्रेणी भवन कार्य के पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार निर्माण एवं तदोपरान्त 02 वर्ष का अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरों के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क+ स्टेशनरी शुल्क +जी0एस0टी0 (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा–बलहा | | | | | | |
| 1 | बहराइच | जनपद बहराइच की तहसील–मिहींपुरवा (मोतीपुर) में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय भवनों का निर्माण कार्य। | 545.00 | 10.90 | 2715.00 | 12 माह |

2. अनुरक्षण की अवधि कार्य पूर्ण होने की तिथि से 02 वर्ष होगी।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड–सबमिट करने का माध्यम–
(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15–04–2025 से 06–05–2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन इसी साइट पर सबमिट की जायेगी।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 06–05–2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल बिड दिनांक 06–05–2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच–श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender. up.nic.in पर देखा जा सकता है।
(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http://etender. up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 06–05–2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।
(ड़) उक्त कार्य Comprehensive Bidding Document (सी0बी0डी0) की शर्तो के अनुसार पूर्ण कराया जायेगा।

(इं0 प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच

www.upidadv.gov.in
UPID : 232265 Dt. : 11/04/2025

(इं0 योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच–श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच

# वाराणसी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती शहर में विशेष अनुष्ठान और शोभायात्राओं का आयोजन





**वाराणसी।** हनुमान जयंती के अवसर पर वाराणसी के मंदिरों में रंग-बिरंगी सजावट की गई, सुबह से ही आरती, भक्ति गीत और रामचरितमानस का पाठ किया गया। कई स्थानीय समितियों ने शोभायात्राएं निकालीं, जबकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में गश्त की। समारोह के प्रमुख केंद्र, प्रसिद्ध संकट मोचन मंदिर में विशेष व्यवस्था की गई थी। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विशंभर नाथ मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान हनुमान का विशेष श्रृंगार, झांकी, पूजा और आरती की जा रही है। सुबह की शुरुआत शहनाई वादन, ब्राह्मण पुजारियों द्वारा रुद्राभिषेक, रामचरितमानस के पाठ, सीता-राम कीर्तन और वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड से हुई। उन्होंने कहा कि शाम को भक्ति गायन जारी रहेगा। शाम पांच बजे रामकृष्ण मिशन की संकीर्तन मंडली प्रस्तुति देगी, उसके बाद शहर की विभिन्न रामायण मंडलियां रामचरितमानस का अखंड पाठ करेंगी। मिश्रा ने कहा कि 13 से 15 अप्रैल तक काशी और देश भर के कई प्रसिद्ध रामायण कथावाचक प्रत्एक शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक प्रवचन देंगे। इसके बाद 16 से 21 अप्रैल तक मंदिर परिसर में छह रातों तक चलने वाले संकट मोचन संगीत समारोह का 102वां संस्करण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह भव्य संगीत समारोह पूरी तरह से भारतीय शास्त्रीय संगीत को समर्पित है। इस वर्ष, 11 पद्म पुरस्कार विजेता और 16 उभरते कलाकार भाग लेंगे, जो राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कलाकार हैं। इस बीच, पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने कहा कि शहर में विभिन्न समितियां इस अवसर पर शोभायात्राएं निकाल रही हैं। उन्होंने कहा, हमने इन समितियों के साथ समन्वय किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कानून - व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शोभायात्राओं के साथ-साथ गश्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है और गलत सूचना या भड़काऊ बयानों को फैलने से रोकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नजर रखी जा रही है।(भाषा)

## हनुमान जयंती पर संभल में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

**संभल।** हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के संभल में भक्ति और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने के लिए हल्लू सराय स्थित बाला जी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। पिछले साल 24 नवंबर को हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद संभल में यह पहला ऐसा आयोजन था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभा यात्रा विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी और पूरे शहर में जय बजरंगबली के नारे गूंज उठे। पिछले साल की हिंसा के बाद रोके गए इस वार्षिक धार्मिक आयोजन को इस साल फिर से शुरू किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। पूरे भारत में उत्साह के साथ मनाई जाने वाली हनुमान जयंती पर संभल में पूरे शहर के मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। हल्लू सराय स्थित श्री बाला जी मंदिर में सुबह से ही भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हो गई। भक्त पवित्र हवन के लिए एकत्र हुए, प्रार्थना की और विभिन्न समारोहों में भाग लिया। इस दिन का मुख्य आकर्षण भव्य शोभा यात्रा रही, जिसमें भगवान हनुमान की एक सुंदर रूप से सजी हुई मूर्ति को प्रदर्शित किया गया। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और प्रसाद वितरण में शामिल हुईं। शोभा यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी और शांति सुनिश्चित करने के लिए शहर भर में पुलिस और प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवान तैनात किए गए थे। शोभा यात्रा के मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई थी। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कार्यक्रम बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बाला जी मंदिर के ट्रस्टी नितेश चंद्र ने कहा, शोभायात्रा हल्लू सराय से शुरू हुई और पूरे शहर में घूमी। सुबह भगवान हनुमान को पवित्र वस्त्र पहनाया गया, उसके बाद आरती, हवन और भक्ति गायन हुआ। आज बाद में रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा और कल सामूहिक भोज (भंडारा) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मंदिर में उत्सव देखने और प्रार्थना करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आए थे। नितेश चंद्र ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल एक धार्मिक अवसर था, बल्कि संभल में एकता और शांति की पुष्टि भी थी।(भाषा)

## प्रयागराज में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**प्रयागराज।** संगम नगरी में शनिवार को बड़ी धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। संगम तट पर स्थित लेटे हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया, वहीं सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर के बाहर सुबह से ही पूड़ी सब्जी और हलवा का भंडारा चला। लेटे हनुमान मंदिर के एक सेवादार ने बताया कि आज सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोले गए और सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा है। इस दौरान, बड़ी संख्या में लोग मन्नतें पूरी होने पर गाजे-बाजे के साथ निशान (झंडा) लेकर भी यहां आ रहे हैं। हनुमान जयंती के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिषेक भारती ने बड़े हनुमान मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिसकर्मियों के साथ दौरा कर शांति एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। अभिषेक भारती ने बताया कि नगर में सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। वहीं, अलग-अलग थानों की पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में गश्त कर रही है। उधर, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर के बाहर सुबह से ही मेंहदीपुर बाला महाराज का 16वां भंडारा जारी है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद के रूप में पूड़ी सब्जी और हलवा ग्रहण कर रहे हैं। भंडारे में प्रसाद वितरण कर रहे गुड्डू डेंटर ने बताया कि आज सुबह से भी भंडारा चल रहा है जो आज देर शाम तक चलेगा। इसके अलावा, सड़क के दोनों ओर लाइटें भी लगाई गई हैं ताकि शाम को यहां मेले जैसा माहौल रहे।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हनुमान का जन्मोत्सव



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। बदोसराय चौराहे पर विशेष सुंदरकांड पाठ हुआ। आए हुए कलाकारों ने ढोल की थाप पर सुंदरकांड का पाठ किया। बाला जी सेवा समिति और संकल्प हेल्प फाउंडेशन के तत्वाधान में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान के जन्मदिन पर भक्तों ने केक काटकर पूजा-पाठ किया। भंडारे में पूड़ी, सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में रामू गुप्ता, सानू मिश्रा, सोनू पाण्डेय, प्रहलाद कुमार, विमल, भाजपा नेता नीरज वर्मा, आलोक कनौजिया, शिवहरि अवस्थी, हर्षित गुप्ता, पवन गुप्ता, राजाराम गुप्ता, अमन कनौजिया, मनीष गुप्ता, अमित भैया, रामजी, अजय गुप्ता और बलराम मौर्य सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने व्यक्ति को कुचला

**अमेठी।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात को हुई जब व्यक्ति अयोध्या रोड पर मौर्य मार्केट के पास अपनी बाइक खड़ी करने के बाद सड़क पार कर रहा था। पुलिस ने बताया कि सरोज प्रजापति नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जगदीशपुर के थाना प्रभारी (एसएचओ) धीरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना में शामिल ट्रक की तलाश की जा रही है। (भाषा)

# कोतवाली बदोसरांय में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** कोतवाली बदोसरांय में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने की। रामनगर की पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत ने संयोजन किया। समाधान दिवस में कुल चार शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष एक शिकायत के लिए राजस्व और पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया है। एसडीएम प्रीति सिंह ने पुलिस और राजस्व कर्मियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में कोतवाल सन्तोष कुमार उपनिरीक्षक सालिक राय, सुरेश चंद्र, रविकुमार सरोज, आशुतोष मिश्रा, सुधांशू कटियार, अमरेश शुक्ला और महेन्द्र जायसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम और सीओ ने थाना समाधान दिवस में सुनी जनता की समस्याएं



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** कोतवाली परिसर में एसडीएम कार्तिकेय सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे एसडीएम और सीओ ने जनता की समस्याएं सुनीं।इस दौरान दो शिकायतें दर्ज की गई।एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने इन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।उन्होने कहाकि जांच अधिकारी मौके पर जाकर पीड़ित की मौजूदगी में समस्या का समाधान करे। एसडीएम ने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहाकि अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी समाधान दिवस में सीओ जगत राम कनौजिया, प्रवीण मिश्रा, मनोज राणा, संदीप दुबे सहित अन्य पुलिसकर्मी और राजस्व विभाग के कर्मचारी,अधिकारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ के बाद दो गो-तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** जिले के थाना लालगंज क्षेत्र में एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने शनिवार को दो शातिर गो-तस्करों को एक मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से 12 गोवंश व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन, दो तमंचे व कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि जयकर खर्द जंगल में पुलिस मुठभेड़ के दौरान आकाश गुप्ता (22) और मनीष यादव उर्फ मंगरू यादव (23) को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान आकाश गुप्ता के बाएं पैर तथा मनीष यादव के दाहिने पैर में गोली लगी है। (भाषा)

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-देवीपाटन गोण्डा (कार्यालय का पता-निकट एस0पी0 आवास, पुलिस लाईन, जनपद-गोण्डा)

### ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक 03/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/पूर्वा0वि0नि0यो0/2025–26,दिनांक 03.04.2025

महामहीम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–देवीपाटन गोण्डा द्वारा 'ए', 'बी' एवं 'सी' श्रेणी (जैसी स्थिति हो) कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी0एस0टी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूर्वांचल विकास निधि योजना (वित्तीय वर्ष 2024–25) | | | | | | |
| विधानसभा–गोण्डा सदर। | | | | | | |
| 1 | गोण्डा | डी0एम0बी0 किमी0 03 से बिरवा बभनी गौशाला सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 37.13 | 0.74 | 5000 | 06 माह |
| 2 | गोण्डा | बालपुर जाट से हनुमंन नगर तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 58.08 | 1.16 | 5000 | 06 माह |
| विधानसभा–मनकापुर। | | | | | | |
| 3 | गोण्डा | उतरौला मनकापुर मेन रोड पर छोटकी देवरिया शुकुलपुरवा होते हुए करोहा नाथ मन्दिर संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 109.42 | 2.19 | 5000 | 12 माह |
| विधानसभा–कटरा बाजार। | | | | | | |
| 4 | गोण्डा | प्रधानमंत्री सड़क कमरांवा से तिवारीपुरवा, तमहीपुरवा, नागबाबा पुरवा, राम छबीले यादवपुरवा से बभनी सराय तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 149.71 | 2.99 | 5000 | 12 माह |
| विधानसभा–करनैलगंज। | | | | | | |
| 5 | गोण्डा | आटा कडरू मार्ग से लालपुरवा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 37.16 | 0.74 | 5000 | 06 माह |
| 6 | गोण्डा | नारायणपुर मर्दन में लल्ला मन्दिर से कोरिन पुरवा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 42.17 | 0.84 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0–पयागपुर। | | | | | | |
| 7 | बहराइच | ग्रा0पं0 शिवपुर बैरागी के मजरा मोती पुरवा से होते हुए प्रताप तरहर संपर्क मार्ग तक पक्की सड़क का नव निर्माण कार्य। | 126.24 | 2.53 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0–तेजवापुर। | | | | | | |
| 8 | बहराइच | बहराइच सीतापुर मार्ग (एस0एच0–30बी) के किमी013 से निकलकर ग्राम तेजवापुर तक पक्की सड़क का नव निर्माण कार्य। | 161.18 | 3.23 | 5000 | 12 माह |
| 9 | बहराइच | वि0ख0–तेजवापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर रामगांव तमाचपुर रोड के चौथे किमी0 से खालेपुरवा (ग्राम पं0मैगला) संपर्क मार्ग पर स्थित पुल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 40.61 | 0.81 | 5000 | 06 माह |
| 10 | बहराइच | विख0–तेजवापुर ग्राम सभा मिर्जापुर बहराइच नानपारा कठाईघाट से तालाब होते हुए रानीपुर गांव तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 67.12 | 1.34 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0–शिवपुर। | | | | | | |
| 11 | बहराइच | ग्रामसभा डल्लापुरवा मुजेहना सम्पर्क मार्ग से गिर्दा तक मार्ग निर्माण कार्य। | 214.01 | 4.28 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0–बलहा। | | | | | | |
| 12 | बहराइच | वि0ख0 बलहा अन्तर्गत ग्राम ककरहा बोधवा में बेलहा–बेलहारी तटबंध के 02.00 किमी0 पर स्थित वीर सेन चौधरी स्मृति द्वार से अनन्त राम के घर होते हुए शिव मन्दिर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 40.38 | 0.81 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0–कैसरगंज। | | | | | | |
| 13 | बहराइच | वि0ख0–कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत नकौड़ा में कुण्डासर–हुजूरपुर मार्ग से तिलक पुरवा तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 39.95 | 0.80 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0–हुजूरपुर। | | | | | | |
| 14 | बहराइच | वि0ख0–हुजुरपुर ग्राम पंचायत अब्बोपुर नकहरा में गफ्फार नाऊ के घर के सामने पुलिया निर्माण कार्य। | 80.74 | 1.61 | 5000 | 06 माह |
| वि0ख0–चित्तौरा सदर। | | | | | | |
| 15 | बहराइच | मोहल्ला चॉदमारी में चॉदमारी चौराहा से शिवालय होते हुए चैतूपुरवा में मिठौरी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 108.64 | 2.17 | 5000 | 12 माह |
| वि0ख0–मिहींपुरवा। | | | | | | |
| 16 | बहराइच | वि0ख0 मिहींपुरवा ग्राम पंचायत ककरहा में प्रा0वि0 से कुदन पाल के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 34.14 | 0.68 | 5000 | 06 माह |
| 17 | बहराइच | वि0ख0 मिहींपुरवा ग्राम पंचायत कुड़वा मे अधिवक्ता मदन गोपाल वर्मा जी के घर से दिनेश लोधी के खेत तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 34.67 | 0.69 | 5000 | 06 माह |
| 18 | बहराइच | वि0ख0–मिहींपुरवा ग्रांम पंचायत ककरहा में खुशीराम में घर से आत्माराम के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 34.47 | 0.69 | 5000 | 06 माह |
| विधानसभा–भिनगा। | | | | | | |
| 19 | श्रावस्ती | ग्राम पंचायत के मजरा रामपुर चौराहे से नेपाल बार्डर जाने वाली रोड पर पुलिया(काजवे) निर्माण कार्य। | 42.03 | 0.84 | 5000 | 06 माह |

1. बेब साइट पर बिड डायक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 15.04.2025 से 01.05.2025 तक।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 01.05.2025 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.05.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे।
4. नियोक्ता को आई.टी.बी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर जायें।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें तथा बिड डाउनलोड करें।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल–देवीपाटन गोण्डा

www.upidadv.gov.in
UPID : 232240 Dt. : 11/04/2025

# डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ाया मान, बिना चीरा लगाए किया सफल सर्जरी





**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जनपद के महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा जगत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जहां वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक श्रीवास्तव ने महज 16 वर्षीय किशोर मनेश तिवारी के दाहिने घुटने की पूरी तरह से क्षतिग्रस्त एसीएल को टिबिया हड्डी से अलग होने के बावजूद अत्याधुनिक तकनीक के ज़रिए सफलतापूर्वक जोड़कर न सिर्फ एक जीवन बचाया, बल्कि पूरे क्षेत्र में चिकित्सा का नया मानक स्थापित किया। आमतौर पर यह गंभीर स्थिति अधेड़ उम्र के लोगों में देखने को मिलती है, लेकिन किशोर अवस्था में जब हड्डियों की ग्रोथ प्लेट अभी पूरी तरह परिपक्व नहीं होती, तब ऐसी जटिल सर्जरी करना किसी चुनौती से कम नहीं होता, जिसे डॉ विवेक ने बिना किसी चीरे और बिना टांका लगाए आर्थ्रोस्कोपिक तकनीक से महज कुछ घंटों में सफलतापूर्वक अंजाम दिया। 11 अप्रैल 2025 को हुई इस बेमिसाल सर्जरी में मरीज को न केवल तीव्र राहत मिली, बल्कि उसकी रिकवरी भी रिकॉर्ड समय में संभव हो सकी। इस सफल सर्जरी को अंजाम देने वाली विशेषज्ञ टीम में डॉ व्युत्पन्न मिश्रा, ओटी सहयोगी अंकुर, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ मीनाली और डॉ सुदीप मौर्य शामिल रहे, जिन्होंने डॉ विवेक के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट समन्वय और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि महामाया मेडिकल कॉलेज में एसीएल सर्जरी की नींव भी डॉ विवेक ने ही रखी थी और आज उन्हीं के नेतृत्व में यह सुविधा जिलेभर के मरीजों के लिए उम्मीद की एक मजबूत किरण बन चुकी है। स्थानीय जनता, चिकित्सा जगत और विशेषज्ञों से मिल रही जबरदस्त सराहना यह दर्शाती है कि अब अंबेडकर नगर जैसे जिलों में भी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं न सिर्फ उपलब्ध हैं, बल्कि महानगरों को टक्कर देने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## पत्नी की हत्या कर शव खेत में दफनाया, गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर शराब के नशे में विवाद के बाद अपनी पत्नी की हत्या कर दी और बाद में उसका शव एक खेत में दफना दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जमुनापार थाने के अंतर्गत सुखदेवपुर गांव में हुई और मामला तब सामने आया जब आरोपी के भाई ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि शव को खेत से बरामद कर लिया गया है। उसने बताया कि घटना बृहस्पतिवार रात को हुई। आरोपी विजय राजमिस्त्री है और उसने कथित तौर पर शराब के नशे में विवाद के बाद अपनी 30 वर्षीय पत्नी रेखा को छत से धक्का दे दिया। पुलिस के अनुसार, महिला की मौके पर ही मौत हो जाने के बाद आरोपी रात में शव को घसीटकर खेत में ले गया और उसे एक गड्ढे में दफना दिया। अगली सुबह, उसने ऐसा व्यवहार किया जैसे कुछ हुआ ही न हो। जब उसके पिता ने रेखा को गायब पाया और उसके बारे में पूछा तो विजय ने उसकी हत्या करने की बात बताई। आरोपी के छोटे भाई ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि विजय का एक दिव्यांग महिला से प्रेम प्रसंग है और उसके साथ वह अक्सर फोन पर बात करता है, रेखा ने इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने बताया कि घटना की रात दंपति के बीच इसी बात को लेकर तीखी बहस हुई जिसके बाद पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने विजय के कबूलनामे के आधार पर शुक्रवार को रेखा का शव बरामद किया। उन्होंने कहा कि महिला के पिता छित्तर सिंह ने विजय, उसके बड़े भाई राजकुमार, छोटे भाई कमल और दिनेश तथा माता-पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।(भाषा)

# आगरा की जामा मस्जिद के बाहर शुक्रवार को प्रदर्शन करने वाले 60 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**आगरा।** पुलिस ने शुक्रवार को मस्जिद परिसर से पशु मांस बरामद होने के बाद जामा मस्जिद के बाहर प्रदर्शन करने वाले करीब 60 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (शहर) सोनम कुमार ने शनिवार को बताया, मस्जिद के अंदर मांस का टुकड़ा रखने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा, जामा मस्जिद के बाहर उपद्रव करने वालों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शन में शामिल होने वाले करीब 60 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना बृहस्पतिवार देर रात तब हुई जब शहर के मंटोला इलाके में स्थित जामा मस्जिद के अंदर कथित तौर पर नजरुद्दीन नाम के व्यक्ति ने पशु मांस से भरा एक पैकेट रखा लेकिन यह मामला शुक्रवार सुबह सामने आया, जिससे जुमे की नमाज से पहले इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में नजरुद्दीन को स्कूटी पर मस्जिद में आते और जाने से पहले परिसर के अंदर पैकेट रखते हुए देखा गया। मामले की जांच और इलाके की सुरक्षा के लिए 100 से ज़्यादा पुलिसकर्मियों की टीम तैनात की गई थी। मांस को जब्त कर लिया गया और जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस कृत्य में इस्तेमाल की गई स्कूटी को स्थानीय मांस की दुकान के सामने देखा गया। दुकानदार से पूछताछ के बाद उन्हें आगरा के टीला नंदराम इलाके के रहने वाले आरोपी नजरुद्दीन का पता चला। उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया और पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि उसने अकेले ऐसा किया या उसके साथ कोई और था।अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम इस कृत्य के पीछे की मंशा और इस बात की जांच कर रहे हैं कि इसमें और लोग शामिल थे या नहीं। शुक्रवार की नमाज़ के तुरंत बाद, लोगों का एक समूह मस्जिद के बाहर इकट्ठा हो गया और आरोपी के लिए मौत की सज़ा की मांग करने लगा। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। हालात के मद्देनजर जामा मस्जिद और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई।(भाषा)

## कंटेनर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

**हरदोई।** जिले में एक तेज रफ्तार कंटेनर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि संडीला कोतवाली क्षेत्र के समदखेड़ा गांव के निकट हुए इस हादसे में मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति बाल-बाल बच गया। पुलिस के मुताबिक, कासिमपुर थाना क्षेत्र के ढकवा गांव निवासी बबलू अपनी पत्नी रीता (30) और तीन वर्षीय बेटी मानवी के साथ मोटरसाइकिल से संडीला की ओर आ रहे थे। पुलिस ने बताया कि समद खेड़ा के निकट पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे रीता और मानवी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चला रहा बबलू किसी तरह सुरक्षित बच गया। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। (भाषा)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में नई एलिवेटेड रोड को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की हरी झंडी, सुगम होगी चारधाम यात्रा



**देहरादून, एजेंसी।** चारधाम यात्रा के प्रमुख पड़ाव श्रीनगर शहर को यातायात के दबाव से राहत मिलेगी। यात्रियों को भी जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। शीघ्र ही पंच पीपल से स्वीत तक 7.5 किमी एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य शुरु होगा। नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण को अंतिम स्वीकृति दी गई। कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक डा धन सिंह रावत ने बताया कि यह परियोजना श्रीनगर शहर के यातायात को सुगम बनाने के साथ पर्यटन एवं सामरिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ परियोजना के संबंध में हुई बैठक में वह स्वयं भी उपस्थित रहे। उन्होंने परियोजना के निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एलिवेटेड रोड के निर्माण को बेहतर विकल्प अपनाने को कहा। साथ ही शीघ्र ही इसकी डीपीआर बनाकर निर्माण कार्य शुरु करने के निर्देश दिए। एलिवेटेड रोड बनने से श्रीनगर में चारधाम यात्रियों को आवाजाही में सुविधा रहेगी।

### कैमरे में दिखे 425 पशु और मौके पर मिले 712

**देहरादून, एजेंसी।** नगर निगम की शंकरपुर गोशाला के हस्तांतरण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। करीब 50 लोगों ने नगर निगम की टीम को घेर लिया। इसके बाद गणना हुई और 712 पशु निकले। निगम ने कैमरे की फुटेज के आधार पर 425 पशु ही गोशाला में होने का दावा किया था। गोशाला चलाने वाली संस्था और निगम एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल ने पांच अप्रैल को शंकरपुर गोशाला में छापा मारा था। दावा किया था कि मौके पर 225 के लगभग पशु कम हैं। मौके पर एक्सपायरी दवा और बीमार पशु मिलने की बात भी कही गई थी। बाद में निगम ने आईटी सेल से वीडियोग्राफी कराई, उससे करीब 425 पशुओं की संख्या उसमें दिखी। ऐसे में नगर निगम ने शंकरपुर गोशाला में पशुओं की देखभाल का काम संभाल रही दून एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। बुधवार को नगर निगम की टीम फिर गोशाला में पहुंची और गोशाला का हस्तांतरण कराने के लिए कहा। आरोप है कि 40-50 लोगों ने नगर निगम की टीम को घेर लिया और पशुओं की गिनती कराने के कहा। शाम को शुरू हुई पशुओं की गिनती रात करीब 11 बजे तक चली। इस दौरान 712 गोवंश मिले। इसके बाद नगर निगम के कनिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी ने संस्था को इसकी रिसीविंग भी दी। इसके बाद मौके से टीम लौट आई।

### बाइक सवारों ने महिला का पर्स छीना

**देहरादून, एजेंसी।** अधोईवाला में बाइक सवार दो बदमाश महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। रायपुर थानाक्षेत्र के 21 बैंक कॉलोनी अधोईवाला निवासी पीड़िता निर्मला गुप्ता ने तहरीर में बताया कि वह गत नौ अप्रैल का सुबह के समय घर के पास स्थित दुकान से दही लेने गई थीं। वापस आते समय बाइक पर आए दो बदमाश उनका पर्स छीनकर भाग गए। पीड़िता के मुताबिक पर्स में चार हजार रुपये और एक मोबाइल फोन था। रायपुर थानाध्यक्ष प्रदीप नेगी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### सहसपुर में दूसरे की भूमि दिखाकर हड़पे 12 लाख

**विकासनगर, एजेंसी।** दो लोगों ने देहरादून निवासी एक व्यक्ति को सहसपुर में दूसरे की भूमि दिखाकर 12 लाख रुपये हड़प लिए। जब, धोखाधड़ी का खुलासा हुआ तो व्यक्ति ने दोनों लोगों से अपने रुपये वापस मांगे। दोनों ने व्यक्ति को कुछ चेक दिए, पर चेक बाउंस हो गए। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर दोनों गाली-गलौज करने के साथ धमकी भी दी रहे हैं। थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में देहरादून के मझौन गांव निवासी कर्मवीर ने बताया कि वह जमीन की तलाश कर रहे थे। उनकी मुलाकात विकासनगर के विद्यापीठ मार्ग निवासी मोहित और सहसपुर निवासी ईशम सिंह से हुई। दोनों ने बताया कि उनके पास ईशम के नाम से सहसपुर में 500 वर्गमीटर भूमि है। जिसे आबादी घोषित करने के लिए मोहित ने अपने नाम से तहसीलदार विकासनगर, देहरादून के पास वाद दाखिल किया है। बताया कि उन्होंने वाद की प्रति भी दिखाई थी। दोनों पर विश्वास करते हुए उन्होंने 12 लाख रुपये में भूमि का सौदा तय कर लिया। दोनों के खातों और नकद रूप से कुल 12 लाख रुपये दे दिए। जब, उन्होंने मोहित को भूमि की रजिस्ट्री करने के लिए बोला। तो, वह टाल-मटोल करने लगा। वह रजिस्ट्री उनके नाम कराने से बचता रहा। इसके बाद जब वह भूमि पर गए।

# उत्तराखंड में फिर बढ़े बिजली के दाम, आम आदमी को लगा महंगाई का झटका

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में एक बार फिर आम उपभोक्ताओं को महंगाई का करंट लगने जा रहा है. दरअसल, प्रदेश में उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने विभिन्न वर्ग के लिए बिजली के दामों में बढ़ोतरी की घोषणा की है. इसमें फिक्स चार्ज में बढ़ोतरी नहीं की गई है. प्रति यूनिट बिजली के दाम करीब 33 पैसे तक बढ़ाए गए हैं.

उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने प्रदेश में घरेलू और व्यावसायिक समेत विभिन्न वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए नई दरों की घोषणा की है. आयोग ने पिछले साल के टैरिफ के लिहाज से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 33 पैसे की दर से वृद्धि की है. इसी तरह व्यवसायिक उपभोक्ताओं के लिए 42 पैसे की वृद्धि की गई है. छोटी इंडस्ट्री के लिए 36 पैसे और बड़ी इंडस्ट्री के लिए 46 पैसे की बढ़ोतरी की गई है. उधर इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन में 65 पैसे की बढ़ोतरी सुनिश्चित की गई है.



प्रदेश में उपभोक्ताओं द्वारा बिजली उपयोग के लिहाज से बिजली बढ़ोतरी की दरों को देखें तो जीरो से 100 यूनिट तक उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए अब 25 पैसे की बढ़ोतरी हुई है. इसी तरह 101 से 200 यूनिट तक उपयोग करने वालों को अब प्रति यूनिट 35 पैसे अधिक देने होंगे. 201 यूनिट से 400 यूनिट के उपयोग वाले उपभोक्ताओं के लिए 45 पैसे की वृद्धि की गई है. 400 यूनिट से अधिक उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 45 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हुई है. एक तरफ जहां आयोग ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली के दाम बढ़े हैं तो वहीं उच्च हिमालय क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को भी महंगाई का झटका दिया है. हिमाचली क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए करीब 10 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर में बढ़ोतरी की गई है.सरकारी और शैक्षणिक संस्थाओं के साथ चिकित्सालयों के लिए 25 किलोवाट तक उपयोग करने पर 30 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है. 25 किलोवाट से अधिक उपयोग करने पर 35 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हुई है.

व्यवसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी बिजली के दाम बढ़ें हैं. यहां भी फिक्स चार्ज नहीं बढ़ाया गया है. 4 किलोवाट तक उपयोग करने वाले व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए 35 पैसे की बढ़ोतरी की गई है. 25 किलो वाट तक का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 40 पैसे की बढ़ोतरी की गई है. आयोग ने फिक्स चार्ज के रूप में केवल उन बड़े उद्योगों पर बोझ बढ़ाया है जो आम किसान के रूप में अब तक लाभ ले रहे थे. ऐसे कृषि उत्पादों से जुड़े उद्योगों को फिक्स चार्ज के रूप में अब 75 रुपए से 100 तक का फिक्स चार्ज देना होगा.

## व्यवस्था में कोई छेद तो नहीं विंडो बंद होते ही ठगों का आया कॉल

**देहरादून, एजेंसी।**
हेली टिकट बुकिंग में ठगी के लिए साइबर ठगों ने इस तरह का जाल बुना है कि उन्हें विंडो बंद होने का भी तत्काल पता चल गया। बंगलूरू के रहने वाले अजय कुमार को उस वक्त फोन आया जब वह ओटीपी का इंतजार कर रहे थे।

ऐसे में इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि व्यवस्था में कोई छेद है, जिससे ठगों तक उन लोगों के नंबर पहुंच रहे हैं जो लोग टिकट बुकिंग की लाइन में लगे हैं। हालांकि, साइबर पुलिस के पास फिलहाल ऐसी कोई शिकायत नहीं है।

सोशल मीडिया और इंटरनेट पर तमाम विज्ञापनों को देखकर वहां मिले नंबरों पर बात करते हैं। मगर, मंगलवार को सामने आया यह मामला नया है। बंगलूरू के अजय कुमार ने बताया कि वह मंगलवार को दोपहर 12 बजे से ही टिकट बुकिंग का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने अपनी पूरी डिटेल फॉर्म में भर दी थी और ओटीपी का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच पता चला कि विंडो बंद हो चुकी है और उनका टिकट बुक नहीं हो पाया है। ऐसे में चंद सेकेंड बाद ही उनके पास किसी का फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि मई में जिस तिथि का टिकट चाहिए, उसका ही उपलब्ध करा देंगे।

अजय कुमार को अपने साथ दो और लोगों को ले जाना था। ऐसे में उन्हें तीन टिकट चाहिए थे। उनसे इसके लिए 25 हजार रुपये की मांग की गई। अब सवाल यह है कि क्या ठग उन लोगों पर भी नजर रख रहे हैं जो सीधे और सही वेबसाइट से टिकट बुक करना चाह रहे हैं? इसके लिए उन्होंने किस आधुनिक तकनीक का सहारा लिया, इस बात का पता भी जांच के बाद ही चल सकेगा।

हालांकि, साइबर थाना पुलिस कई दिनों से ऐसी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर मौजूद विज्ञापनों की निगरानी कर रही है। मगर, अब तक ऐसी कोई शिकायत वहां नहीं पहुंची है। सीओ साइबर अंकुश मिश्रा ने बताया कि कई तरह के नंबरों की शिकायत आती है। इनकी जांच के बाद ही इन्हें बंद कराया जाता है।

## मूल निवास भू कानून संघर्ष समिति में हुआ परिवर्तन, बदले गए संयोजक



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में भूमि संरक्षण और मूल निवासियों के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक देहरादून. में हुई. बैठक में मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने लुशुन टोडरिया को संयोजक पद पर नामित किया. इस बैठक में समिति ने टोडरिया को सर्वसम्मति से समिति का नया संयोजक घोषित किया. इस मौके पर समिति का नेतृत्व कर रहे मोहित डिमरी ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन संगठन को और ऊर्जावान बनाता है.

इधर नवनियुक्त संयोजक टोडरिया का कहना है कि अब युवा नेतृत्व इस आंदोलन को और तेज करेगा और मूल निवास और भू कानून की लड़ाई को और जोरदार ढंग से लड़ेगा. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की अस्मिता को बचाने के लिए इससे पहले भी देहरादून में ऐतिहासिक महारैली हुई. इसके बाद हल्द्वानी, गैरसैंण, कोटद्वार, टिहरी, श्रीनगर, ऋषिकेश और भिकियासैंण समेत कई आने जगह जागरूकता के लिए महारैली की गई. आंदोलन किए जाने के बावजूद अपने अधिकारों के लिए लोग जागरूक हुए और कई कई गांवों में ग्रामीणों ने भू माफियाओं को अपनी जमीन नहीं बेची. लुशुन का कहना है कि अस्मिता और अपनी संस्कृति के लिए उनका यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा. बैठक में संघर्ष समिति की ओर से फैसले भी किए गए. जिसमें प्रदेश भर में स्वाभिमान महारैली आयोजित किए जाने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया. साथ ही जिला, ब्लॉक और ग्राम लेवल पर कार्यकारिणी विस्तार का निर्णय लिया गया.

# सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों के गोल्डन कार्ड से इलाज पर संकट

## इलाज से हाथ खड़े कर रहे अस्पताल

**देहरादून, एजेंसी।**
प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों व उनके आश्रितों के लिए गोल्डन कार्ड से इलाज पर संकट खड़ा हो गया है। राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत अस्पतालों की देनदारी 100 करोड़ से अधिक हो गई है। जिस कारण तमाम बड़े अस्पताल इलाज करने से हाथ खड़े कर रहे हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से दखल की मांग की है। राज्य सरकार से मांग की है कि वह अपने स्तर से पूर्व की भांति इस योजना में चिकित्सा प्रतिपूर्ति को बजट स्वीकृत करते हुए, राज्य कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित देयकों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराए। इस योजना को और अधिक सुदृढ बनाए जाने का प्रयास करे।

परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अरुण पांडेय ने कहा कि यह योजना कुप्रबंधन का शिकार रही है। जिससे राज्य कार्मिकों का इसका उचित लाभ प्राप्त नहीं हो पाया है। जिस कारण राज्य कार्मिकों एवं पेंशनरों को कोर्ट की शरण में जाने को बाध्य होना पड़ा। वहीं वर्तमान में यह योजना सरकार की अनदेखी का शिकार है।



पांडेय ने कहा कि पूर्व में अपर मुख्य सचिव कार्मिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मांग रखी गई थी कि उक्त योजना अंशदान आधारित है और इसमें कार्मिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भी हकदार हैं। सरकार को कार्मिकों के अंशदान के अतिरिक्त चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर आने वाले अतिरिक्त व्यय को वहन करना चाहिए। जिस पर तत्कालीन अपर मुख्य सचिव व वर्तमान मुख्य सचिव ने अपनी सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की थी। पर सरकार ने वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए कोई धनराशि नहीं रखी है, जो कि घोर आपत्तिजनक है। इस कारण कार्मिकों के उपचार में हुए व्यय के देयको का भुगतान न होने के कारण देश- प्रदेश के बड़े अस्पतालों ने योजना से हाथ खींच लिए हैं।

परिषद के प्रदेश महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट ने यह आरोप लगाया कि कई अस्पताल उपचार में खर्च को बढ़ा चढाकर दिखा रहे हैं। इससे भी व्ययभार अप्रत्याशित रुप से बढ गया है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक की अध्यक्षता में पूर्व में हुई बैठक में यह भी तय हुआ था कि यह समीक्षा की जाए कि अचानक से यह वृद्धि कैसे हुई। पर इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के प्रबंधन को समय-समय पर अवगत कराया गया कि कतिपय अस्पतालो की ओवर बिलिग की शिकायत है। ऐसे अस्पतालों के फर्जी देयकों के भुगतान पर रोक लगाई जाए।

कहा कि कार्मिकों के अंशदान मात्र से ही उनका उपचार कराया जा रहा है, जबकि पूर्व में बगैर अंशदान ही राज्य कार्मिकों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जाता था। इससे यह प्रतीत होता है कि सरकार अपनी ओर से कोई अंशदान उक्त योजना के लिए नहीं देना चाहती है।

## उत्तराखंड में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी, रहिए सतर्क

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में बीते दिन से मौसम का मिजाज तल्ख है. प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है. वहीं मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताई है. साथ ही अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है.

देहरादून मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों के अधिकांश स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है. मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर व अल्मोड़ा जिले में कहीं-कहीं गरज व आकाशीय बिजली चमकने के साथ बारिश हो सकती है. ओलावृष्टि और झोंकेदार हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटा) से चलने की संभावना जताई गई है. वहीं हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी और उधम सिंह नगर में गरज व आसमानी बिजली चमकने के साथ बारिश की संभावना जताई है. साथ ही ओलावृष्टि व झोंकेदार हवाए (60-70 किमी प्रति घंटा) से चलने की संभावना जताई गई है.



नैनीताल, चंपावत व पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं गरज व आकाशीय बिजली चमकने के साथ बारिश हो सकती है.वहीं मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और झक्कड (60-70 किमी प्रति घंटा) से चलने की संभावना जताई गई है. वहीं मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. राजधानी देहरादून में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. कुछ स्थानों पर हल्की बारिश, आसमानी बिजली गरजने व ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है. झक्कड़ (60-70 किमी/घंटा) से चलने का अंदेशा जताया है. यहां अधिकतम व न्यूनतम तापमान 31एष्ट व 18एष्ट के लगभग रहने की संभावना है.

वहीं पहाड़ों की रानी मसूरी में गुरूवार को बारिश और ओलावृष्टि के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है. मौसम के इस बदलते मिजाज के कारण किसान और मजदूर वर्ग के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

## ऑन द स्पॉट पंजीकरण के लिए 25 अप्रैल तक कर लें पूरी व्यवस्था : रोहेला

**देहरादून, एजेंसी।**
अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रोहिला ने बृहस्पतिवार को ट्रांजिट कैंप में पहुंचकर यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऑन द स्पाट पंजीकरण काउंटरों को 25 अप्रैल तक पूर्ण रूप से तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

अपर सचिव पर्यटन रोहेला ने कहा कि ऋषिकेश में 30 ऑन द स्पॉट पंजीकरण काउंटर खोले जाने हैं। ट्रांजिट कैंप के बाद उन्होंने आईएसबीटी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने अपर सचिव रोहेला को बताया कि वर्तमान में 12 काउंटर तैयार हैं। आईएसबीटी स्थित पंजीकरण केंद्र में छह नए काउंटर खोले जा रहे हैं। अन्य काउंटर भी बनाए जाएंगे। तीर्थयात्रियों को गर्मी से बचाने के भी उपाय किए जा रहे हैं।

अपर सचिव पर्यटन अभिषेक रोहिला ने कहा कि जो तीर्थयात्री जानकार हैं वह अपना पंजीकरण ट्रांजिट कैंप परिसर में स्वयं कर सकते हैं। इसके लिए 15 पीओएस काउंटर लगाए जाएंगे। अपर सचिव ने दूसरे राज्यों से अपने वाहनों के माध्यम से आने वाले श्रद्धालुओं के पंजीकरण की जांच के लिए रायवाला के नजदीक जांच केंद्र खोलने के निर्देश दिए। एसपी देहात जया बलूनी ने बताया कि रायवाला के समीप खांड गांव में इसके लिए स्थान देख लिया गया है।

## आबादी खिसकने से और खिसक जाएगी पहाड़ की सियासी जमीन, मतदाता सूचियां तथ्यों की कर रही तस्दीक

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड के नौ पर्वतीय जिलों से आबादी जिस तेजी से खिसक रही है उतनी ही तेजी से राज्य के चार मैदानी जिलों में आबादी बढ़ रही है। अगले परिसीमन तक पलायन रोकने के उपाय नहीं हुए तो राजनीतिक वजूद कमजोर हो जाएगा।

देहरादून परिसीमन को लेकर दक्षिण भारत के पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों की गोलबंदी के बाद उत्तराखंड में भी इस मुद्दे पर सुगबुगाहट है। हालांकि अभी परिसीमन आयोग का गठन नहीं हुआ है और पहले जनगणना होनी है। इसलिए इसमें अभी काफी वक्त है। लेकिन दक्षिण भारत से इतर हिमालयी राज्य उत्तराखंड की अपनी चिंताएं हैं।

पहाड़ी राज्य की अवधारणा पर बने उत्तराखंड के नौ पर्वतीय जिलों से आबादी जिस तेजी से खिसक रही है उतनी ही तेजी से राज्य के चार मैदानी जिलों में आबादी बढ़ रही है। चुनाव आयोग की मतदाता सूचियां इन तथ्यों की तस्दीक करती हैं। पहाड़ की तुलना में मैदानी जिलों में मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक तेजी से बढ़ी है। यही पर्वतीय राज्य के सरोकारों से जुड़े राजनीतिज्ञों की चिंता की प्रमुख वजह है। 2018 में पलायन आयोग ने रिपोर्ट दी थी कि उत्तराखंड से पांच लाख से अधिक लोगों ने पलायन किया। इनमें तीन लाख से अधिक लोग काम की तलाश या बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अस्थायी रूप से घर-बार छोड़ गए। तब से प्रदेश सरकार पलायन रोकने और रिवर्स पलायन के लिए उपाय कर रही है। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी मेरा वोट-मेरा गांव अभियान के जरिये अस्थायी रूप से पलायन कर चुके लोगों को अपने गांवों में वोट बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। बकौल बलूनी, उनके गांव में अभियान प्रभावी रहा है। मगर जानकारों के हिसाब से ये सारे उपाय उतने प्रभावी नहीं हैं कि पहाड़ और मैदान के बीच जनसंख्या के अंतर को पाट सकें। चारधाम ऑलवेदर रोड, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से पर्वतीय क्षेत्रों में आर्थिक सुधार की उम्मीद की जा रही है। माना जा रहा है कि रेल, हवाई और रोड कनेक्टिविटी के विस्तार से पहाड़ में विकास गति पकड़ेगा और लोगों के आजीविका के साधन जुटेंगे। सोलर, होम स्टे और उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं के जरिये भी रिवर्स पलायन की कोशिशों में जुटी है। 2002 में विधानसभा का पहला चुनाव हुआ था। तब मतदाताओं की कुल संख्या 5270375 थी। चार मैदानी जिलों देहरादून, नैनीताल, ऊधमसिंह और हरिद्वार में 3779523 थे, जो कुल मतदाताओं का 52.7 प्रतिशत था। जबकि नौ पर्वतीय जिलों में 2490852 लाख यानी कुल वोटरों का 47.3 प्रतिशत था। इस तरह पहाड़ और मैदानी जिलों में मतदाताओं की संख्या के बीच थोड़ा यानी 5.4 फीसदी का अंतर था। 2012 में कुल मतदाताओं की संख्या 6377330 थी जो 2022 में बढ़ कर 8266644 हो गई।



## सम्पादकीय

# कूटनीतिक जीत



सैयद अहमर हसनैन

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई।

वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

## भारत की बड़ी सफलता

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो



ललित गर्ग

मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है। देर आये दुरुस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा?

भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है। 17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोल्ड्स कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है। कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन ज़िन्दगी गुज़ार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना बड़े सवाल खड़े करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छेड़ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

> लियो पोल्ड्स कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है। कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था...




अब सवाल यह है कि अमेरिका ने राणा को तो भारत के हवाले कर दिया लेकिन वह डेविड हेडली के मामले में क्यों खामोश है? राणा को भारत लाया जाना, भारत के शिकंजे में आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। राणा पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी है। चूंकि उसने आतंकी संगठन लश्कर एवं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी, इसलिए उससे गहन पूछताछ करके पाकिस्तान को नए सिरे से न केवल बेनकाब करना होगा, बल्कि उस पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वह मुंबई हमले के अन्य गुनहगारों को भी दंडित करे। इस हमले के गुनहगार पाकिस्तान में खुले घूम रहे हैं। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि राणा ने कई हथकंडे अपनाए लेकिन अमेरिकी अदालतों में उसकी सारी याचिकाएं ठुकरा दी गई। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की यह आज तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके लिए कूटनीतिक प्रयास करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भारत विश्व के सर्वाधिक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद प्रभावित देशों में से एक है। 26-11 के मुंबई हमलों के अलावा 2008 में ही जयपुर विस्फोट, काबुल में भारतीय दूतावास के अलावा अहमदाबाद, दिल्ली और असम के विस्फोट भी शामिल थे। यह संतोषजनक तो है कि अमेरिका ने देर से सही, राणा को भारत को सौंप दिया। यदि ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बनते तो शायद राणा को भारत लाना और मुश्किल होता। भारत को देश के अन्य शत्रुओं एवं आतंकियों को भी दंडित करने-कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहना होगा।

## धर्म यात्रा

# बलूचिस्तान का तीर्थ हिंगलाज धाम

चैत्र-वैशाख का मास हो और हिंगलाज देवी तीर्थ स्थल की चर्चा न हो, यह संभव नहीं है। बलूचिस्तान में लासबेला कभी रियासत हुआ करती थी। लास का अर्थ है समतल मैदान और बेला का अर्थ है जंगल। लेकिन अब यह रियासत बलोचिस्तान का ही हिस्सा है। इसमें कोई शक नहीं कि यह समतल भी है और यहां जंगल भी है। लेकिन जहां जंगल होगा, वहां पहाड़ भी होना चाहिए। सचमुच यहां पहाड़ भी है। दरअसल बलोचिस्तान में मकरान के विशाल मरुस्थल में खेरथार पर्वत श्रंखला सभी को आकर्षित करती है। यह सारा क्षेत्र सिंध प्रदेश से जुड़ा हुआ है। इस खेरथार पर्वत श्रंखला के अंतिम चरण में शिखर पर सप्तसिन्धु क्षेत्र का ऐतिहासिक तीर्थ धाम स्थित है। इसी पर्वत के चरणों मे हिंगोल नदी बहती है। वैसे हिंगोल का अर्थ लाल होता है। यह तीर्थ धाम सिन्ध प्रदेश की राजधानी कराची से लगभग 250 किलोमीटर, ग्वादर से 125 किलोमीटर की दूरी पर है। वैसे कहा जा सकता है कि अरब सागर इस तीर्थ क्षेत्र के चरण पखारता है क्योंकि अरब सागर इससे केवल बीस किलोमीटर दूर है। इस तीर्थ धाम में अनेक ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं, लेकिन इस इतिहास का आरंभ होता है हिंगलाज माता के मंदिर से। पहाड़ की अनेक गुफाओं में से एक गुफा में हिंगलाज माता पिंडी रूप में विद्यमान हैं। हिंगलाज देवी का यह मंदिर बावन शक्तिपीठों में से एक है। देश भर में फैले सती के बावन शक्तिपीठों में से एक बलूचिस्तान में स्थित है और दूसरा सिन्ध प्रदेश में कराची में स्थित है। सती के इन बावन शक्तिपीठों का इतिहास अफगानिस्तान से लेकर कन्याकुमारी तक जन स्मृतियों का सनातन हिस्सा है। इसलिए सबसे पहले इस इतिहास की चर्चा।

दक्ष प्रजापति अपने समय के महाप्रतापी राजा थे। उनकी पुत्री सती ने पिता की इच्छा के विपरीत शंकर से विवाह किया था। इसलिए प्रजापति ने अपनी पुत्री और दामाद से सभी संबंध तोड़ लिए थे। एक बार प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया था। उसमें उसने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन अपने दामाद और पुत्री सती को निमंत्रण नहीं भेजा। महर्षि नारद घूमते हुए आए तो उन्होंने सती को बताया कि उसके पिता बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं। तब सती ने अपने पिता के इस यज्ञ में जाने



का निर्णय कर लिया। शिव ने समझाया कि बिना निमंत्रण के कहीं जाना सम्मानजनक नहीं होता। लेकिन सती का तर्क था कि पिता के घर जाने के लिए भला पुत्री को निमंत्रण की आवश्यकता होती है? शिव के रोकने के बावजूद सती अपने पिता के इस यज्ञ समारोह में पहुंच गई। यज्ञ में सभी सगे संबंधी उपस्थित थे। सती ने अपने पिता दक्ष से पूछ लिया कि आपने शंकर जी को क्यों नहीं बुलाया। दक्ष ने सभी के सामने गुस्से में आकर शंकर के लिए अपशब्द कहे। सती पिता के इस व्यवहार से अत्यंत आहत और अपमानित हुई और उसने वहीं यज्ञ अग्निकुंड में कूद कर अपने प्राण दे दिए। शंकर जी को इस दुर्घटना का पता चला। वे क्रोधोन्मत्त हो उठे। उनके गणों ने तांडव मचा दिया। सभी आमंत्रित अतिथि इधर-उधर भाग गए। यज्ञ विध्वंस हो गया। शिव ने सती का शरीर अग्निकुंड से निकाला और उसे कंधे पर उठाकर चल पड़े। उनके दुख का आवेग शांत नहीं हो रहा था। लगता था वे अपने क्रोध की अग्नि से सारे संसार को राख कर देंगे। जाहिर है इससे सभी को चिंता हुई। जब तक शंकर के कन्धे पर सती का शरीर रहेगा तब तक वे शांत नहीं होंगे। विष्णु ने इसका समाधान निकाला। वे अपना सुदर्शन चक्र लेकर शंकर के पीछे चल पड़े और समय देख कर सती के शरीर का कोई न कोई अंग काटने लगे। सती के शरीर के बावन अंग देश के अलग-अलग भागों में गिरे और कालांतर में उन सभी स्थानों पर बावन शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कहा जाता है कि जिस स्थान पर ब्रह्मरंध्र यानी सिर का ऊपरी भाग गिरा, वहां हिंगलाज देवी के नाम से शक्ति पीठ बना। धीरे-धीरे यह सप्त सिंधु क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो गया। इस तीर्थ स्थल पर हिंगलाज देवी के मंदिर के अतिरिक्त शंकर का मंदिर है। गणेश जी, काली माता का भी मंदिर है। इसके अतिरिक्त राम झरोखा है। **(एजेंसी) (क्रमशः)**

# विलुप्त प्रजातियों के पुनर्जीवन से जुड़े नैतिक पहलू

## रोमुलस, रेमस और खलीसी का 'सृजन'

> थायलासीन और पैसेंजर कबूतर जैसी कई प्रजातियां मानवीय करतूतों- शिकार, वनों की कटाई, प्रदूषण के कारण विलुप्त हो गईं। उन्हें पुनर्जीवित करना, सदियों की पारिस्थितिकी क्षति की नैतिक भरपाई का एक तरीका है। पारिस्थितिकीय पहलू भी है। पुनर्जीवित प्रजातियां बिगड़ चुके पारिस्थितिकीय तंत्र में गायब हो चुके कई कार्यों को बहाल करने में मदद कर सकती हैं। मसलन, एक फिर से जिंदा हुआ वूली मैमथ आर्कटिक में घास मैदानों की सततता बनाए रखने और पमाफ्रॉस्ट पिघलने की दर कम करने में सहायक हो सकता है। इसी प्रकार,सैद्धांतिक रूप से, पुरातन भेड़िये की नकलें, उन परिदृश्यों में शिकारी-शिकार अनुपात संतुलित कर सकते हैं, जहां ऐसी भूमिकाएं अब नदारद हैं।नेक इरादे हमेशा अच्छे परिणाम नहीं देते ङ्क और जैव-इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, अच्छे इरादे वाले प्रयोग भी नैतिक अस्पष्टता में फंस सकते हैं। रोमुलस, रेमस और खलीसी भयानक भेड़ियों जैसे दिखाई दे सकते हैं। लेकिन क्या वे असल में हैं? ये विलुप्त प्रजाति के नैसर्गिक जन्मे वंशज न होकर जैनेटिकली संकरित हैं , अपने मूल रूप में न होकर अपने विलुप्त पूर्वजों के रूप की नकल। कोलोसल बायोसाइंस इसको 'व्यावहारिक प्रति-विलुप्ति' बता रही है...

मानो यह सीधा किसी विज्ञान परिकल्पना, या यूं कहें गेम ऑफ थ्रोन्स से लिया गया दृश्य हो, जब गत मंगलवार आनुवंशिक रूप से बदलाव करने के बाद पैदा किए गए रोमुलस, रेमस और खलीसी नामक तीन भेड़िया शिशुओं को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया गया। ये कोई साधारण भेड़िये नहीं हैं। इन्हें बायोटेक कंपनी 'कोलोसल बायोसाइंसेज' द्वारा विकसित किया गया है, ये भेड़िए आधुनिक स्लेटी भेड़िए के डीएनए को बहुत पहले विलुप्त हो चुके डायर भेड़िए के प्राचीन जीन से संकरित कर पैदा किए गए हैं। यह तिकड़ी जैव-विज्ञान में आश्चर्यजनक वैज्ञानिक उपलब्धि है 12,000 वर्ष पहले पृथ्वी पर विचरने वाले पुरातन भेड़ियों की पहली नकल। इनके 'सृजन' से हैरानी, उत्साह और, सही तौर पर, नैतिक बहस छिड़ गई है। ऐसा करके क्या हम इतिहास की गलतियां सुधार रहे हैं या फिर कल्पनात्मक संतुष्टि के लिए प्रकृति की पटकथा फिर से लिख रहे हैं? रोमुलस, रेमस और खलीसी आनुवंशिक बदलाव के जरिए विलुप्त हो चुके जीवों को फिर जिंदा करने के व्यापक अभियान का एक नवीनतम अध्याय भर हैं। कुछ साल पहले, एलिज़ाबेथ एन -जो कि ब्लैक-फुटेड फेरेट का एक क्लोन था। उसके जन्म ने यह कर दिखाया कि बहुत पहले मर चुके जानवरों के डीएनए का उपयोग करके, उनकी व्यवहार्य संतानें बनाई जा सकती हैं। अब, वूली मैमथ, डोडो और थायलासीन (तस्मानियाई बाघ) को फिर से जीवित करने के प्रयास चल रहे है।

यह सभी प्रयोग कोलोसल बायोसाइंसेज जैसी फर्में कर रही हैं, जो खुद को 'डी-एक्सटिंक्शन टेक्नोलॉजी' के अग्रदूत के रूप में पेश करती हैं। इस किस्म के विकास हमारी कल्पना को लुभा रहे हैं। एक वूली मैमथ (लंबे बालों वाला विशालकाय हाथी) को टुंड्रा अंचल में फिर से चिंघाड़ते कौन नहीं देखना चाहेगा या जंगल में भयानक भेड़िये की गूंजती चीख सुनना? लेकिन जैसे-जैसे परिकल्पना और यथार्थ के बीच लकीर मिट रही है, वैसे-वैसे हमारी आत्मसंतुष्टि भी खत्म हो रही है। सवाल है, क्या विलुप्त जानवरों को वापस लाना चाहिए?'डी-एक्सटिंक्शन' समर्थकों का तर्क है कि यह दोहरा नैतिक उद्देश्य पूरा करता है सुधार और बहाली। थायलासीन और पैसेंजर कबूतर जैसी कई प्रजातियां मानवीय करतूतों- शिकार, वनों की कटाई, प्रदूषण के कारण विलुप्त हो गईं। उन्हें पुनर्जीवित करना, सदियों की पारिस्थितिकी क्षति की नैतिक भरपाई का एक तरीका है। पारिस्थितिकीय पहलू भी है। पुनर्जीवित प्रजातियां बिगड़ चुके पारिस्थितिकीय तंत्र में गायब हो चुके कई कार्यों को बहाल करने में मदद कर सकती हैं। मसलन, एक फिर से जिंदा हुआ वूली मैमथ आर्कटिक में घास मैदानों की सततता बनाए रखने और पमाफ्रॉस्ट पिघलने की दर कम करने में सहायक हो सकता है। इसी प्रकार,सैद्धांतिक रूप से, पुरातन भेड़िये की नकलें, उन परिदृश्यों में शिकारी-शिकार अनुपात संतुलित कर सकते हैं, जहां ऐसी भूमिकाएं अब नदारद हैं।नेक इरादे हमेशा अच्छे परिणाम नहीं देते ङ्क और जैव-इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, अच्छे इरादे वाले प्रयोग भी नैतिक अस्पष्टता में फंस सकते हैं। रोमुलस, रेमस और खलीसी भयानक भेड़ियों जैसे दिखाई दे सकते हैं। लेकिन क्या वे असल में हैं? ये विलुप्त प्रजाति के नैसर्गिक जन्मे वंशज न होकर जैनेटिकली संकरित हैं , अपने मूल रूप में न होकर अपने विलुप्त पूर्वजों के रूप की नकल। कोलोसल बायोसाइंस इसको 'व्यावहारिक प्रति-विलुप्ति' बता रही है, जबकि कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि लाखों वर्षों के विकास क्रम की जगह महज 20 जीनों के मेल से बना जीव नहीं ले सकता। प्रश्न उठता है क्या इन प्राणियों की प्रवृत्ति अपने पूर्वजों वाली होगी या फिर ये महत्वाकांक्षा और पुरानी यादों के अहसास कराने को पैदा किए जैविक शोपीस हैं? क्या ये व्यवहार के बेमेलपन, अप्रत्याशित स्वास्थ्य जोखिम या पारिस्थितिक विसंगतियों का सामना कर पाएंगे? कोलोसल बायोसाइंसेज अपना काम उत्साह से आगे बढ़ा रही है। सवाल उठता है क्या यह विज्ञान है, पर्यावरणीय न्याय है, या फिर जुरासिक पार्क सरीखा एक मनोरंजन? इसको लेकर व्यावहारिक चिंताएं कायम हैं। मसलन इस अंतराल में जीवों के आवास स्थल बदल चुके हैं। पारिस्थितिकी तंत्र बदल चुका। जहां कभी मैमथ विचरते थे, वह आज जैसा आर्कटिक नहीं था। वह घास के मैदान, जहां कभी खूंखार भेड़िया शिकार करता था, वहां अब शहर हैं। हम पुनर्जीवित प्रजातियों को रखेंगे कहां? और क्या होगा जब उनका सामना मौजूदा पारिस्थितिकीय तंत्र, प्रजातियों या मानवीय गतिविधियों से होगा? कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है, ये जानवर कभी भी जंगल लायक नहीं हो सकते। कुछ को डर है इनका पुनर्जीवन नाजुक बन चुके पारिस्थितिकी तंत्र को और अस्थिर कर सकता है या जो प्रजातियां गंभीर संकटग्रस्त हैं, उनके बचे-खुचे संसाधनों को ये नए जीव छीन सकते हैं। प्रति-विलुप्ति में आत्म संतुष्टि को और प्रोत्साहित करने का जोखिम है। मसलन यदि विलुप्ति को उलटा जा सकता है, तो फिर विलुप्ति होने की रोकथाम क्यों करें? जब हमारे पास क्षमता है कि उन्हें बाद में प्रयोगशाला में कभी भी पुनर्जीवित कर लेंगे, तो गैंडा या गंभीर रूप से संकटग्रस्त ऑरेंगुटेन को बचाने की कोशिशें क्यों करें? यह भ्रमजाल समाज को पारिस्थितिकी के प्रति और लापरवाह बना सकता है। प्रजातियों को वापस लाने की क्षमता, मानवता द्वारा अब तक इस्तेमाल की गई सबसे गहन, एवं खतरनाक भी, शक्तियों में से एक है। हालांकि प्रति-विलुप्ति अपने-आप में अनैतिक नहीं है। यह जैव विविधता, बहाली और वैज्ञानिक खोज में एक शक्तिशाली औजार हो सकती है। लेकिन इसे अत्यधिक सावधानी, पारिस्थितिक दूरदर्शिता और प्रकृति के प्रति विनम्रता की गहन भावना के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



## आज का राशिफल



**मेषः** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी।संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

**वृषभः** आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुनः** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**कर्क** : पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

**सिंहः** अप्रत्याशित लाभ होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे।

**कन्याः** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें।

**तुलाः** दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूंजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक** : नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**धनुः** कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा।

**मकरः** संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** : लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

**मीनः** प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

## आज का पंचांग

आज चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि और शनिवार का दिन है। पूर्णिमा तिथि आज पूरा दिन, पूरी रात पार कर कल सुबह 5 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। आज व्रतादि स्नानदान की पूर्णिमा है। आज श्री हनुमान जयंती मनायी जाएगी। आज शाम 6 बजकर 8 मिनट तक यायीजयद योग रहेगा। साथ ही आज शाम 6 बजकर 8 मिनट तक हस्त नक्षत्र रहेगा।

पूर्णिमा तिथि अगले दिन प्रातः 05:52 तक

प्रतिपदा तिथि प्रारंभ प्रातः 05:52 के उपरांत हस्त नक्षत्र सायं 06:08 तक

चित्रा नक्षत्र प्रारंभ सायं 06:08 के बाद विजय मुहूर्त दोपहर 02:30 से 03:21 तक

चन्द्र राशि दिन-रात कन्या राशि में चंद्रमा का संचार

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 5:58 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:44 बजे

## अनमोल विचार

- समय की कदर करना सीखिए आज नहीं सीखे तो कल समय आपको सीखा देगा ।
- जीवन में सफल होना है तो प्रतिदीन का एक टाइम टेबल होना बहुत आवश्यक है ।
- लोग तो बहुत कुछ सुझाव देगें लेकिन कार्य आपको करना है तो फिर सुझाव भी खुद का ही मानिए ।
- समय रहते अगर जीवन में सिख गये किस तरह से हर कार्य करना है तो आपको कोई परास्त नहीं कर सकता ।
- जीवन के कुछ पल ऐसे होते है जो व्यक्ति के जीवन के आधार होते है ।
- बुद्धिमानी उसी में है जब कोई सामने से आपको ललकार रहा हो तो आप संयम से काम ले ।

## जानकारी

### भारत की आत्मा

एक बार महात्मा गांधी और ठक्कर बाप्पा उड़ीसा में एक छोटे से स्टेशन पर रेलगाड़ी की प्रतीक्षा में थे कि एक बुजुर्ग आदिवासी आया और घुटने टेककर गांधीजी के चरण छूने लगा। गांधीजी उसे अपलक देखते रहे। उसने केवल एक लंगोटी पहन रखी थी और उसके शरीर में बस पसलियां ही पसलियां दिखाई दे रही थीं। कमर से उसने एक पैसा निकाला और महात्मा जी के पैरों के पास भावुक होकर रख दिया। गांधीजी की आंखें चमक उठीं। 'क्यों? यह पैसा क्यों रखा?' उन्होंने प्रश्न किया। 'देव-दर्शन को जाते हैं तो कुछ भेंट चढ़ाने तो ले ही जाते हैं ना?' वह बोला। 'अब क्या करूं?' गांधीजी ने कुछ सोचा, फिर उन्होंने विनम्रतापूर्वक वह पैसा ले लिया और पास बैठे हुए उड़ीसा के निस्वार्थ समाजसेवक गोपबंधु दास से बोले, 'देखो गोपबंधु, यही है भारत की आत्मा। इसका शरीर दुर्बल है, पर आत्मा बहुत बलवान है।' गोपबंधु दास जी ने इस प्रसंग का उल्लेख अपने लेखों तथा विविध उद्बोधनों में कई बार किया है।

यूएन शिपिंग वार्ता में अहम फैसला

# कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर शुल्क लगाने पर राजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के कई बड़े देश अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के कारण होने वाले उत्सर्जन पर मूल्य लगाने पर सहमत हो गए हैं। शिपिंग यानी समुद्रों में होने वाला बड़े जहाजों का परिवहन विश्व के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रदूषणकारी उद्योगों में एक है। संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग वार्ता में शुक्रवार को हुए अहम फैसले के बाद अब पहली बार ऐसा होगा कि सम्पूर्ण वैश्विक क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय कार्बन मूल्य निर्धारण तंत्र के अधीन काम करेगा। यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ - अंतर्राष्ट्रीय मैरिटाइम संगठन) की बैठक में शुक्रवार को लिया गया, जिसमें अमेरिका ने हिस्सा नहीं लिया।

आईएमओ का यह टैक्स 2028 से लागू होगा और इसका उद्देश्य है कि शिपिंग उद्योग को ज्यादा साफ-सुथरे और हरित ईंधन की ओर ले जाया जाए। समुद्री जहाजों से निकलने वाला प्रदूषण वैश्विक स्तर पर तीन फीसदी कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। जैसे-जैसे जहाज बड़े होते गए और ज्यादा माल ले जाने लगे, वैसे-वैसे उनका ईंधन खर्च और प्रदूषण भी बढ़ा है।

## नियमों का पालन नहीं तो टैक्स देना होगा

इस नए नियम के तहत अगर किसी देश ने आईएमओ के नेट जीरो फंड में योगदान नहीं दिया है या उसके जहाज पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, तो उसे प्रति टन कार्बन डाइऑक्साइड के लिए 100 अमेरिकी डॉलर का टैक्स देना होगा।



## क्या है आईएमओ और इसका लक्ष्य?

आईएमओ दुनिया की शिपिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला संगठन है। इसका लक्ष्य है कि 2050 तक शिपिंग उद्योग को नेट-जीरो उत्सर्जन तक पहुंचाया जाए। इसका मतलब है कि जहाजों से जितनी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं, उन्हें किसी न किसी तरह से पूरी तरह से संतुलित किया जाए।

**समुद्री ईंधन के लिए नए मानक तय-** आईएमओ ने इस बैठक में यह भी तय किया कि आने वाले समय में जहाजों में उपयोग होने वाले ईंधन को क्लीनर (कम प्रदूषण फैलाने वाला) बनाया जाएगा।

## किन देशों ने क्या रुख अपनाया?

इस बैठक में 60 से ज्यादा देशों ने भाग लिया। प्रशांत द्वीप देशों ने सीधा टैक्स लगाने का समर्थन किया क्योंकि जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व के लिए खतरा है। चीन, ब्राजील, सऊदी अरब और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने क्रेडिट ट्रेडिंग मॉडल (यानी टैक्स की जगह व्यापार) का समर्थन किया। आखिरकार, दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ और एक साझा मॉडल अपनाया गया।

## अमेरिका बैठक से गायब रहा

इस अहम निर्णय में अमेरिका ने हिस्सा नहीं लिया। ट्रंप प्रशासन ने यह कहकर बैठक का विरोध किया कि यह टैक्स शिपिंग उद्योग पर आर्थिक बोझ डालेगा और इससे मंहगाई बढ़ेगी। अमेरिका ने चेतावनी दी कि अगर उसके जहाजों पर टैक्स लगाया गया तो वो

इसके लिए एक ग्लोबल फ्यूल स्टैंडर्ड यानी वैश्विक ईंधन मानक तय किया गया है, जो धीरे-धीरे लागू किया जाएगा।

इस बैठक के दौरान एक और बड़ा निर्णय लिया गया, जिसके तहत उत्तरी-पूर्व अटलांटिक महासागर को उत्सर्जन नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को कड़े पर्यावरण नियमों का पालन करना होगा और उन्हें साफ ईंधन और इंजन तकनीक अपनानी पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.4 फीसदी घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टैरिफ वार के बीच शेयर बाजारों में उथल-पुथल के कारण इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 14.4 फीसदी घटकर मार्च, 2025 में 11 महीने के निचले स्तर 25,082.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे पहले मार्च, 2024 में सबसे कम 22,633 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गिरावट के बावजूद मार्च लगातार 49वां महीना है, जब इस श्रेणी में निवेश जारी है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह लगातार तीसरा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में गिरावट आई है। दिसंबर, 2024 में




निवेशकों ने इस श्रेणी में 41,156 करोड़ का निवेश किया था, जो जनवरी में घटकर 39,687 करोड़ और फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये रह गया।

**एसआईपी : चार माह में सबसे कम-** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर मार्च, 2025 में 25,926 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद चार महीने का निचला स्तर है। उस समय एसआईपी में 25,320 करोड़ निवेश आया था। फरवरी, 2025 में यह आंकड़ा 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

**15 लाख खाते बंद-** मार्च में एसआईपी खातों की कुल संख्या फरवरी के 8.26 करोड़ से घटकर 8.11 करोड़ रह गई। इसका मतलब है कि बीते महीने करीब 15 लाख एसआईपी खाते बंद हुए। इस दौरान 40.18 लाख से अधिक नए एसआईपी खाते पंजीकृत भी हुए हैं।

**फ्लेक्सी कैप फंड में आए सर्वाधिक 5,615 करोड़-** इक्विटी श्रेणियों में फ्लेक्सी कैप फंड में सर्वाधिक 5,615 करोड़ का निवेश आया। स्मॉलकैप फंड में 4,092 करोड़, मिडकैप में 3,439 करोड़ और मल्टीकैप में 2,753 करोड़ का निवेश।

### भोपाल में आईआईए नैटकॉन 2025 का भव्य शुभारंभ, मिंटो हॉल में जुटे देश-विदेश के वास्तुविद

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल ने देश के पहले कार्बन-न्यूट्रल आर्किटेक्चर सम्मेलन आईआईए नैटकॉन 2025 की भव्य मेजबानी कर एक नई इबारत लिखी। मिंटो हॉल में आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भारत सहित 15 देशों के 1500 से अधिक वास्तुविद, डिजाइन विशेषज्ञ और शहरी योजनाकार शामिल हुए। यह आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) के मध्यप्रदेश चैप्टर द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने शहरी विकास में स्थायित्व, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के समन्वय की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर सम्मेलन का विषय ट्रांसम भी लॉन्च किया गया, जिसका उद्देश्य परंपरा और प्रगति के बीच एक सेतु स्थापित करना है।सम्मेलन में प्रस्तुत मॉडल्स ने सभी को प्रभावित किया। श्रीलंका के आर्किटेक्ट पलिंदा कन्ननगारा ने जंगल के बीच बिना एक भी पेड़ काटे तैयार किया गया वेलनेस सेंटर पेश किया। यह संरचना पर्यावरण की रक्षा करते हुए आर्किटेक्चर का नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। दीवारों में छोटे-छोटे सुराख कर प्राकृतिक रोशनी और हवा को भीतर लाने की तकनीक भी साझा की गई, जिससे न केवल ऊर्जा की बचत होती है, बल्कि घर अंदर से ठंडा और स्वास्थ्यवर्धक रहता है।

## छत्तीसगढ़ राइजिंग: आईईएसए ने अपने सदस्य पॉलीमटेक की भारत की पहली जीएएन सुविधा का समर्थन किया

**मुंबई।** आईईएसए गर्व से अपनी सदस्य कंपनी, पॉलीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स की साहसिक और रणनीतिक प्रतिबद्धता की सराहना करता है, जिसने नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में भारत की पहली गैलियम नाइट्राइड (जीएएन) सेमीकंडक्टर चिप्स और उन्नत पैकेजिंग सुविधा शुरू की। ?1143 करोड़ के निवेश के साथ, यह परियोजना भारत के उच्च तकनीक विनिर्माण परिदृश्य में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है और अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर नवाचार के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में छत्तीसगढ़ के उद्भव को मजबूत करती है।

यह पहल भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम की बढ़ती गति को दर्शाती है - जो दूरदर्शी नीति और गहरी उद्योग प्रतिबद्धता से प्रेरित है। आज तक, IESA की सदस्य कंपनियों ने कई भारतीय राज्यों में 20 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक की प्रतिबद्धता जताई है , जो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया मिशनों के तहत नवाचार-आधारित विकास, उन्नत विनिर्माण और आत्मनिर्भरता के एकनएयुगकोउत्प्रेरितकरतीहै।

एक उच्च तकनीक केंद्र के रूप में छत्तीसगढ़ के सक्रिय दृष्टिकोण और क्षमता की मान्यता में, आईईएसए ने हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ राज्य के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का समर्थन करने के लिए एक ज्ञान भागीदार के रूप में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी को माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साई की सम्मानित उपस्थिति में औपचारिक रूप दिया गया।

हम छत्तीसगढ़ सरकार की उसकी दूरदर्शी नीतियों, त्वरित सुविधा और उद्योग को अटूट समर्थन के लिए सराहना करते हैं। साथ में, हम भारत के लिए सेमीकंडक्टर्स में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरने की नींव रख रहे हैं - प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और विश्वास द्वारा संचालित।

# दिल्ली में गर्मियों की शुरुआत तापमान 40 डिग्री के करीब

### 39 प्रतिशत लोग एसी सर्विस करवाने की योजना बना रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में गर्मियां शुरू हो गई हैं। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच रहा है। इस बीच लोकल सर्कल्स ने एक सर्वे किया है। इसमें यह पता करने की कोशिश की गई है कि इस गर्मी का सामना करने के लिए लोग क्या तैयारियां कर रहे हैं लोकल सर्कल्स के अनुसार, बढ़ती गर्मी के साथ दिल्ली के कुछ एरिया में पावर कट भी शुरू हो चुका है। इस सर्वे में दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद के 12 हजार लोगों ने रिस्पॉन्स दिया है। लोकल सर्कल्स के अनुसार, बढ़ते तापमान के अनुसार हेल्थ एक्सपर्ट ने सुझाव दिया है कि लोग पानी पीते रहें, हल्के कॉटन के कपड़े पहनें और दोपहर के समय आउटडोर एक्टिविटी बंद कर दें।



## लोगों ने बताया- कनि चीजों पर करेंगे खर्च

सर्वे में पहला सवाल लोगों से यह किया गया कि 2025 की गर्मियां 2024 से ज्यादा तेज होने वाली हैं। ऐसे में लोगों ने इसके लिए क्या तैयारियां की हैं इस पर 12887 जवाब मिले। इसमें 39 फीसदी लोगों ने कहा कि वह अपने एसी की सर्विस करवाने की प्लानिंग कर रहे हैं। वहीं, 10 फीसदी ने कहा कि वह इन्वर्टर या यूपीएस खरीदेंगे। 10 फीसदी ने अधिक बिजली का बिल भरने की प्लानिंग की है।

वहीं, 6 फीसदी लोग नया एसी खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं। तीन फीसदी ने नया कूलर या पंखा खरीदने की प्लानिंग की है। वहीं, 3 फीसदी लोग नया जनसेट खरीदने की प्लानिंग में हैं। 6 फीसदी लोगों ने दूसरी चीजें करने की बात की। जबकि 26 फीसदी ने माना कि वह कुछ नहीं करने वाले हैं। 6 फीसदी लोग किसी भी तरह का उत्तर नहीं दे पाए। कुल मिलाकर 39 फीसदी लोगों ने कहा कि एसी की सर्विस करवाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

## गर्मियों का सामना करने के लिए लोग क्या कर रहे तैयारियां

- एसी खरीदेंगे - 6 फीसदी
- एसी की सर्विस करवाएंगे - 39 फीसदी
- नए कूलर या पंखे खरीदेंगे - 3 फीसदी
- जेनसेट खरीदेंगे - 3 फीसदी
- नए इन्वर्टर या यूपीएस खरीदेंगे - 10 फीसदी
- बिजली का अधिक बिल देने की तैयारी - 10 फीसदी

## पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ को रेटिंग दिग्गज से 11.18 करोड़ की बड़ी डील!

**मुंबई, एजेंसी।** पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड , जो उन्नत एंटरप्राइज़ सॉफ़्टवेयर सॉल्यूशंस और व्यापक आईटी सेवाओं की अग्रणी प्रदाता है, ने भारत की एक प्रमुख रेटिंग एजेंसी से 11.18 करोड़ मूल्य की एक महत्वपूर्ण सेवा ऑर्डर प्राप्त करने की घोषणा की है।

यह सेवा ऑर्डर कंपनी की तकनीकी विशेषज्ञता और विश्वसनीयता पर एक और मुहर है, जो इसे भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य में एक मजबूत भागीदार बनाता है।

इस प्रतिष्ठित अनुबंध के तहत, पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज भारत की एक प्रमुख एजेंसी द्वारा प्रबंधित कई मिशन-क्रिटिकल एप्लिकेशनों के लिए एप्लिकेशन डेवलपमेंट और मेंटेनेंस सेवाएं प्रदान करेगी। यह कार्य तीन वर्षों की अवधि में फैला हुआ है – अप्रैल 2025 से मार्च 2028 तक – और एक मास्टर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट द्वारा शासित है।

यह नया अनुबंध कंपनी की उच्च गुणवत्ता वाली, विश्वसनीय और स्केलेबल डिजिटल समाधानों को डिलीवर करने की क्षमता को दर्शाता है, जो भारत की अग्रणी संस्थाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए गए हैं। साथ ही, यह कंपनी की बाजार में स्थिति को और मजबूत करता है, विशेष रूप से वित्तीय सेवाओं और क्रेडिट रेटिंग उद्योग में एक विश्वसनीय टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में।

नवाचार और क्लाइंट-केंद्रित डिलीवरी पर विशेष ज़ोर देते हुए, पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज महत्वपूर्ण सेक्टर्स में अपने प्रभावशाली और दीर्घकालिक तकनीकी गठबंधनों के ज़रिए अपने पांव तेजी से फैला रही है।

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री मुकेश ठुमर ने कहा- यह जीत इस बात का ठोस प्रमाण है कि उद्योग के दिग्गज हमारी क्षमताओं पर कितना विश्वास करते हैं। इतने बड़े पैमाने की परियोजना में साझेदारी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है - यह हमारे उस सफर को दर्शाता है जिसमें हम जटिल और व्यावसायिक रूप से अहम समाधान सफलतापूर्वक प्रदान कर रहे हैं। हम पूरी तरह तैयार हैं अपनी श्रेष्ठतम सेवाएं देने के लिए, और इस साझेदारी को हम अपनी विकास यात्रा का एक अहम पड़ाव मानते हैं।

आगे बढ़ते हुए, हम फिनटेक क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, हम प्रतिभा, तकनीकी साधनों और नवाचार में निरंतर निवेश करते रहेंगे, ताकि अपने ग्राहकों को इस डिजिटल-प्रथम दुनिया में सशक्त बना सकें।

# मोबाइल फोन उत्पादन बढ़कर पांच लाख करोड़ के पार

### भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश का मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2023-24 में 4.22 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, स्मार्टफोन भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बन गई है। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, देश से 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का स्मार्टफोन निर्यात हुआ है, जो सालाना आधार पर 55 फीसदी बढ़ा है। यह भारत के बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की क्षमता को दिखाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इससे क्षमता हासिल करने, वैश्विक निवेश पाने और और दुनिया के लिए एक बड़ा विनिर्माण हब बनने में मदद मिल रही है। इस योजना ने पर्याप्त वैश्विक निवेश आकर्षित किया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में देश की स्थिति मजबूत हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार गतिशीलता में हाल में हुए बदलावों, खासकर अमेरिका के जवाबी टैरिफ ने अमेरिकी बाजार में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए रणनीतिक अवसर खोले हैं। उधर, एक्सिस कैपिटल ने कहा, भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थिति मजबूत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मूल्य संवर्धन 30 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पहुंच गया है।

# सिट्रोएन इंडिया का एक्सक्लूसिव डार्क एडिशन लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** सिट्रोएन इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे स्टाइलिश रेंज सिट्रोएन डार्क एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक एक्सक्लूसिव और सीमित कलेक्शन है, जो सी3, एयरक्रॉस, और बासाल्ट एसयूवी कूपे के टॉप वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी। इस एडिशन की कीमतें मौजूदा टॉप वेरिएंट्स की कीमतों से अतिरिक्त 19,500 से शुरू होकर बढ़ती जाती हैं। यानी, डार्क एडिशन चुनने पर आपको सामान्य टॉप वेरिएंट की कीमत के ऊपर कम-से-कम 19,500 ज्यादा चुकाने होंगे, जो मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।। क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी और सिट्रोएन के ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी ने इस नये डार्क एडिशन को लॉन्च किया और सीरीज से पहले बेसाल्ट डार्क एडिशन की पहली डिलीवरी भी ली। इससे वह इस स्पेशल एडिशन के पहले मालिक भी बन गए। देश भर में लिमिटेड यूनिट्स में उपलब्ध, सिट्रोएन डार्क एडिशन भारतीय सड़कों पर एक यूनिक और प्रीमियम सिट्रोएन अनुभव प्रदान करने के लिए आकर्षक डिजाइन और उच्च स्तरीय इंटीरियर लाता है। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा डार्क एडिशन शानदार स्टाइल के साथ बोल्ड डिजाइन को शामिल करने और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसकी आकर्षक ऑल-ब्लैक एस्थेटिक्स, सीमित उपलब्धता और प्रीमियम




एडिशन के साथ हम स्पेशलिटी का एक शानदार लेवल प्रदान कर रहे हैं जो इस लाइनअप में प्रत्येक सिट्रोएन को वास्तव में स्पेशल बनाता है। डार्क एडिशन को लॉन्च के साथ ही हम एमएस धोनी का पहले ग्राहक के रूप में स्वागत करते हुए उत्साहित हैं, जो आधिकारिक तौर पर स्टाइल में सिट्रोएन ओनर्स क्लब में शामिल हो रहे हैं। सोफिस्टिकेशन का एक गहरा रंग- गहरे, पर्ला नेरा ब्लैक बॉडी रंग में सजे डार्क एडिशन मॉडल एक बोल्ड और स्पोर्टी लुक को शो करता है। इसके बाहरी हिस्से को शेवरॉन बैज, फ्रंट ग्रिल और बॉडी साइड मोल्डिंग पर डार्क क्रोम एक्सेंट के साथ-साथ बंपर और दरवाजे के हैंडल पर ग्लॉस ब्लैक ट्रीटमेंट के साथ और भी बेहतर बनाया गया है।

डार्क एडिशन मॉडल में अंदर, ऑल-ब्लैक थीम एक अलग प्रीमियम वाइब के साथ जारी है। केबिन को मेट्रोपॉलिटन ब्लैक लेदरेट सीटों और एक कस्टम लेदरेट-रैप्ड इंस्ट्रूमेंट पैनल के साथ स्टाइल किया गया है। इसके अलावा कार्बन ब्लैक इंटीरियर को लावा रेड डिटेलिंग और मेन टचपॉइंट्स पर हाई-ग्लॉस ब्लैक फिनिश द्वारा और भी शानदार बनाया गया है। डार्क एडिशन में कस्टम सीट कवर, डार्क क्रोम मोल्डिंग और ग्रिल एम्बेलिश जैसे स्पेशल एलिमेंट है। डार्क एडिशन मॉडल ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा- यह लिमिटेड एडिशन सिट्रोएन सी3, एयरक्रॉस और बेसाल्ट एसयूवी कूपे में टॉप वेरिएंट में पेश किया गया है और यह 10 अप्रैल 2025 से सिट्रोएन के देशभर के डीलरशिप नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध होगा। डार्क एडिशन को स्पेशल डिजाइन के साथ सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है जो आज के समय के समझदार भारतीय खरीदारों की प्राथमिकताओं को दिखाता है। अपने बोल्ड स्टाइलिश टच के साथ और एमएस धोनी जैसे सेलिब्रिटी मालिक के साथ, सिट्रोएन डार्क एडिशन आज मार्केट में सबसे ज्यादा डिजाइन वाली लिमिटेड एडिशन में एक बनने के लिए तैयार है।

आईपीएल 2025:

# गुजरात टाइटंस के ग्लेन फिलिप्स चोट के कारण सीजन से बाहर हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आईपीएल 2025 का बाकी सत्र नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्हें ग्रोइन इंजरी हो गई है। चोट लगने के बाद वे अपने देश लौट गए हैं। यह चोट उन्हें 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान लगी, जो राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। उस मैच में गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

मैच में फिलिप्स बतौर फील्डिंग सब्स्टिट्यूट पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में मैदान पर आए थे। एक थ्रो फेंकते समय उनकी ग्रोइन मसल्स में खिंचाव आ गया। फिजियो की देखरेख में उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया।

गुजरात टाइटंस ने एक बयान जारी कर कहा, हम ग्लेन की जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। फिलिप्स को पिछले साल की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा गया था। लेकिन उन्हें इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था और चोट के कारण अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

फिलहाल यह तय नहीं है कि गुजरात टाइटंस उनकी जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल करेगा। पहले से ही टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात टाइटंस के विदेशी खिलाड़ियों में फिलहाल इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज



जेराल्ड कोएत्ज़ी और अफगानिस्तान के गेंदबाज ऑलराउंडर राशिद खान व करीम जनत शामिल हैं। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने अब तक खेले गए 5 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वे अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं।

उनका अगला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शनिवार को दोपहर में है। इसके बाद 19 अप्रैल को वे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेंगे।

## आईपीएल 2025 के बीच कचरा उठाने को मजबूर रिकी पॉन्टिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की टीम के साथ जुड़े हुए हैं. इस सीजन की शुरुआत से पहले ही पंजाब ने उन्हें अपना हेड कोच बनाया था. रिकी पॉन्टिंग की कोचिंग में इस बार पंजाब की टीम ने दमदार शुरुआत की है. वह शुरुआती 4 मैचों में 3 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें स्थान पर हैं. इसी बीच रिकी पॉन्टिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. इस वीडियो में रिकी पॉन्टिंग कचरा उठाते हुए नजर आ रहे हैं.



रिकी पॉन्टिंग को जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसे पंजाब किंग्स की टीम ने खूद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. ये वीडियो टीम की प्रैक्टिस के बाद का है. जब प्रैक्टिस के बाद खिलाड़ी वापस चले गए, लेकिन रिकी पॉन्टिंग आखिरी तक मैदान में रुके रहे. वीडियो में पॉन्टिंग टीम प्रैक्टिस के बाद मैदान में खाली बोतल उठाते हुए दिख रहे हैं. वह सभी कचरे को चुनकर उसे कचरे के डिब्बे में रख रहे हैं. पॉन्टिंग के इस वीडियो को देखकर लोग अब उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. बता दें, रिकी पॉन्टिंग ने जो कचरा चुनकर कचरे के डिब्बे में रखा था, वो पंजाब के खिलाड़ियों ने इस्तेमाल किया था. जिसके बाद खिलाड़ियों ने इसे मैदान में ही छोड़ दिया. ऐसे में फैंस पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों की जमकर आलोचना भी कर रहे हैं और रिकी पॉन्टिंग से सीखने की सलाह दे रहे हैं.



## मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं आती कि मैं अंग्रेजी नहीं बोल सकता: मोहम्मद रिजवान

**कराची, एजेंसी।** मुल्तान सुल्तान्स के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी इंग्लिश पर आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा कि उनका प्राथमिक कर्तव्य पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलना है। पाकिस्तान को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और उसके बाद न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरा बुरे सपने से कम नहीं रहा जिसमें टीम को करारी हार मिली।

यह मामला तब शुरू हुआ जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने वीडियो शेयर किया जिसमें रिजवान जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति से बात की। वह व्यक्ति मजाकिया अंदाज में जवाब देता है, मैं और विराट एक जैसे हैं। वह पानी पीता है, मैं पानी पीता हूं। हम दोनों एक जैसे हैं, कोई अंतर नहीं है। हॉग द्वारा रिजवान की अंग्रेजी कौशल की प्रशंसा करने से पहले वह व्यक्ति यह भी कहता है, जीतना है या सीखना है। इसके बाद जवाब आता है, हां, पाकिस्तान में हर कोई कहता है कि मेरी अंग्रेजी बहुत अच्छी है। कराची किंग्स के खिलाफ मुल्तान सुल्तान्स के PSL 10 अभियान के पहले मैच की तैयारी के लिए यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज से सोशल मीडिया पर उनकी अंग्रेजी कौशल के लिए ट्रोल किए जाने के बारे में उनके रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा काम अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना है। रिजवान ने कहा, मुझे (सोशल मीडिया ट्रोलिंग) परवाह नहीं है।

मुझे एक बात पर गर्व है और वह यह कि मैं जो कुछ भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। सर्वशक्तिमान अल्लाह की कृपा से, मुझे अंग्रेजी नहीं आती। एकमात्र अफसोस यह है कि मुझे पर्याप्त शिक्षा नहीं मिली, लेकिन मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान होने के बावजूद अंग्रेजी नहीं बोल सकता। मुझसे क्रिकेट की मांग की जा रही है, अंग्रेजी की नहीं।

मुझे इस बात का अफसोस है कि मैंने अपनी शिक्षा पूरी नहीं की, जिसकी वजह से मुझे अंग्रेजी बोलने में दिक्कत होती है। अगर ऐसा है तो पाकिस्तान मुझसे अंग्रेजी की मांग नहीं कर रहा है, मैं क्रिकेट छोड़कर प्रोफेसर बन जाऊंगा, लेकिन मेरे पास इतना समय नहीं है।

आर्चरी वर्ल्डकप:

## कंपाउंड मिश्रित टीम का जलवा, तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में भारत का तीसरा पदक पक्का किया



**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** ज्योति और ऋषभ ने शुरुआती दौर में स्पेन (156-149) को, क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क (156-154) को हराया और फिर अंतिम-चार दौर में स्लोवेनिया (159-155) को हराया। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की कंपाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को स्लोवेनिया को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया जिसके बाद भारत ने तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना तीसरा पदक पक्का कर लिया। ज्योति और ऋषभ ने शुरुआती दौर में स्पेन (156-149) को, क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क (156-154) को हराया और फिर अंतिम-चार दौर में स्लोवेनिया (159-155) को हराया।

धीरज बोम्मादेवरा वीजा संबंधी समस्याओं के कारण प्रतियोगिता से कुछ घंटे पहले ही अमेरिका पहुंचे थे। उन्होंने शानदार संयम दिखाया और बृहस्पतिवार को भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को फाइनल में पहुंचाया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ी तरुणदीप राय और अतनु दास भी शामिल हैं। टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर देश को सत्र के पहले विश्व कप में दूसरा पदक दिलाया। भारत अब रविवार को स्वर्ण पदक के लिए तीसरी वरीयता प्राप्त चीन से भिड़ेगा। भारत ने बुधवार को कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना खाता खोला था।

## स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को मिलेगा इंग्लैंड का सबसे बड़ा सम्मान, हुआ एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को इंग्लैंड देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया जाएगा. उन्हें क्रिकेट में सराहनीय योगदान के लिए नाईटहुड सम्मान दिया जाएगा. एंडरसन इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, वह वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी हैं. उन्होंने 188 मैचों में 704 विकेट लिए हैं.

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पद छोड़ते समय कुछ पुरुस्कारों के नाम का एलान किया था. इस समय नाईटहुड सम्मान के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का नाम शामिल था. एंडरसन ने कुछ समय पहले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है. इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टियर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस को भी ये सम्मान मिल चुका है. जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के 13वें क्रिकेटर



हैं जिन्हे नाईटहुड सम्मान से सम्मानित किया गया है. उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकॉट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को नाईटहुड सम्मान मिल चुका है.

**जेम्स एंडरसन क्रिकेट करियर**

42 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए 188 टेस्ट, 194 वनडे और 19 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने क्रमश 704, 269 और 18 विकेट चटकाए हैं. उन्होंने ना सिर्फ गेंद बल्कि कई मैचों में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. उन्होंने तीनों फॉर्मेट में 1627 रन बनाए हैं. एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 32 बार फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट हॉल किया है. उन्होंने वनडे में भी 2 बार फाइव विकेट हॉल किया है. एंडरसन (704) टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. इस लिस्ट में पहले नंबर पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) हैं. दूसरे नंबर पर दिवंगत शेन वार्न (708) हैं.

## एरिगैसी को फिर मिली हार, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में नेपोमनियाचची से हारे

**पेरिस, एजेंसी।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को यहां चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में पांचवें से नौंवे स्थान के टाईब्रेक के शुरुआती गेम में इयान नेपोमनियाचची ने हरा दिया।



जर्मनी के युवा ग्रैंडमास्टर विन्सेंट कीमर ने पहले दौर के टाईब्रेकर में नेपोमनियाचची को हराकर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में जर्मनी में आयोजित पहले ग्रैंड स्लैम के विजेता कीमर ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोककर प्रभावित करना जारी रखा। भारत की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गईं थीं, लेकिन अर्जुन ने नेपोमनियाचची के खिलाफ कुछ अच्छी चाल चलीं।

लेकिन रूस का खिलाड़ी काफी संयमित होकर खेला। मैग्नस कार्लसन को अमेरिकी फैबियानो कारुआना ने ड्रॉ पर रोका जबकि नाकामुरा ने कीमर के साथ अंक बांटे।



टेनिस: भारत ने जीता लगातार तीसरा मैच

## वैदेही-श्रीवल्ली के दम पर चीनी ताइपे को हराया

**पुणे, एजेंसी।** इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

युवा श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने चीनी ताइपे को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और शुक्रवार को यहां बिली जीन किंग कप एशिया-ओशनिया ग्रुप एक में प्ले-ऑफ स्थान की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वैदेही ने दो घंटे नौ मिनट में 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज कर मेजबान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे मैच में श्रीवल्ली ने टूर्नामेंट में अपना बेहतरीन रिकॉर्ड कायम रखा और दुनिया की 207वीं रैंकिंग वाली जोआना गारलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में लगातार चौथी जीत दर्ज की। 304वीं रैंकिंग वाली श्रीवल्ली ने दो घंटे 38 मिनट में 6-2, 7-6 (7-3) के स्कोर के साथ मुकाबला अपने नाम कर मेजबान टीम के लिए बराबरी सुनिश्चित कर दी। दिन के अंतिम मैच में चीनी ताइपे की युगल जोड़ी यी त्सेन चो और फैंग-हसीन वू ने सुपर टाई-ब्रेक में एक घंटे 31 मिनट में अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी को 2-6, 6-4, 6-10 से हराया। भारत शनिवार को कोरिया गणराज्य के खिलाफ जीत के साथ अपने क्वालीफिकेशन स्थान को पक्का करना चाहेगा।

# धोनी ने बताया सीएसके की हार का कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में इस सीजन का पहला मुकाबला केकेआर के खिलाफ खेला, लेकिन उनकी कप्तानी का मैजिक इस मैच में नहीं चला।

केकेआर ने बड़ी ही आसानी के साथ चेन्नई को उनके घरेलू मैदान पर 8 विकेट से हरा दिया। केकेआर ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी की और इसकी वजह से सीएसके के बल्लेबाज पूरी तरह से पस्त हो गए। अपनी टीम को जीत का स्वाद नहीं चखा पाने वाले धोनी ने मैच के बाद बताया कि किस वजह से उनकी टीम को हार मिली।

**दवाब में आ गई टीम**

केकेआर के खिलाफ मैच गंवाने के बाद धोनी ने कहा कि इस मैच में हम



अपने हिसाब से नहीं खेल पाए। चुनौती तो मैच में हमेशा रहती है और हमें इसे स्वीकार करनी होगी। हमने केकेआर के खिलाफ पर्याप्त स्कोर नहीं बनाए। जब आप बहुत ज्यादा विकेट खो देते हैं तो दबाव में होते हैं। हमारी टीम की तरफ से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई। हमने पावरप्ले में सिर्फ 31 रन बनाए और अहम विकेट गंवा दिए।

### अपनी ताकत पर करना होगा भरोसा

धोनी ने आगे कहा कि हमें अपनी ताकत पर भरोसा करना होगा और ऐसे शॉट्स खेलने होंगे जो हम खेल सकते हैं। हमारी टीम के ओपनर्स शानदार हैं और वो ज्यादा जोर नहीं लगाते साथ ही गेंद को लाइन के पार ज्यादा मारने की कोशिश नहीं करते। इस बैटिंग लाइनअप के साथ इतना कम स्कोर बनाना काफी निराशाजनक है। हमें बड़ी साझेदारी करने की जरूरत है और इसका फायदा बीच के और बाद के ओवर्स में उठाने की जरूरत है। अगर हम शुरुआती विकेट खो देते हैं तो मध्यक्रम को अपना काम अलग तरीके से करने की जरूरत है। ऐसी काफी चीजें हैं जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

सीएसके की हार के बाद डेल स्टेन ने धोनी पर साधा निशाना?

## कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2025 में अब तक का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है. वो लगातार 4 मुकाबले हार चुकी है. महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 11 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद से डेल स्टेन का एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं हैं. उन्हें इस लीग में नहीं होना चाहिए. ऐसा दावा किया जा रहा है कि स्टेन ने इसके जरिए चेन्नई सुपर किंग्स के कुछ प्लेयर्स समेत धोनी को निशाना बनाया है. लेकिन इसकी सच्चाई क्या है? चलिए हम



आपको बताते हैं. दरअसल, डेल स्टेन का वायरल पोस्ट 11 अप्रैल का है. उन्होंने चेन्नई और कोलकाता के मुकाबले से पहले ही ये बातें कही थीं. इसके अलावा उन्होंने अपने पोस्ट में किसी भी टीम या खिलाड़ी का नाम नहीं लिखा है. हालांकि, कोलकाता से हारने के बाद फैंस इसे चेन्नई सुपर किंग्स और धोनी से जोड़कर देख रहे हैं.

क्योंकि सीएसके के बल्लेबाज और गेंदबाज इस सीजन पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं. एक तरफ जहां दूसरी टीमों ने पावरप्ले में तूफानी बैटिंग की है. वहीं चेन्नई ने धीमी शुरुआत की है और वो बड़े स्कोर बनाने में नाकाम रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### कभी एक झटके में बंद करवा देते थे कश्मीर, अब अलगाववाद से अलग हुए 12 संगठन?

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की सियासत और सामाजिक ताने-बाने में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का नाम पिछले तीन दशकों से एक अहम हिस्सा रहा है। कभी कश्मीर में अलगाववादी विचारधारा का प्रमुख चेहरा माना जाने वाला यह संगठन आज अपने अस्तित्व की सबसे बड़ी चुनौती से जूझ रहा है। हाल के महीनों में इसके 12 घटक संगठनों ने हुर्रियत से नाता तोड़कर भारत के संविधान और एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है। यह बदलाव न केवल कश्मीर की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि घाटी में अलगाववाद की जड़ें कमजोर पड़ रही हैं।

शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़ा एक और संगठन, जम्मू एंड कश्मीर मास मूवमेंट, अब उससे अलग हो गया है। यह बीते कुछ महीनों में 12वां संगठन है जिसने अलगाववादी गठबंधन से दूरी बना ली है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए शुक्रवार को एक्स (ट्विटर) पर लिखा, मोदी सरकार के तहत जम्मू-कश्मीर में एकता की भावना हावी है। एक और हुर्रियत समर्थित संगठन, जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववाद को त्याग कर भारत की एकता के प्रति पूर्ण समर्पण की घोषणा की है। मैं उनके इस कदम का दिल से स्वागत करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, अब तक हुर्रियत से जुड़े 12 संगठन अलग होकर भारत के संविधान में विश्वास जता चुके हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण की जीत है।

### मेट्रो-लोकल ट्रेनें होंगी और भी ज्यादा सुरक्षित, रेलवे 'कवच 5.0' की लॉन्चिंग को तैयार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे देश भर के महानगरों में चलने वाली लोकल और मेट्रो के सफर को और भी ज्यादा सुरक्षित बनाने जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि स्वदेशी तकनीक से बने कवच का अत्याधुनिक वर्जन कवच 5.0 जल्दी ही मुंबई जैसे महानगरों में चलने वाली उपनगरीय ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए लॉन्च किया जाएगा। वहीं रेल मंत्रालय की तरफ से कहा गया कि कवच के इस नए वर्जन से ट्रेनों के बीच में हेडवे में कमी आने की उम्मीद है, जिससे ट्रेनें सुरक्षित और कुशलतापूर्वक चल सकेंगी। कवच 5.0 के दिसंबर तक तैयार हो जाने की उम्मीद है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में अपनी बात रखते हुए कहा कि भारतीय रेलवे ने आगामी समय में राज्य में 1,73,804 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जो राष्ट्रीय रेल नेटवर्क में महाराष्ट्र के रणनीतिक महत्व और इसके भविष्य के विकास को दिखाता है। रेल मंत्री ने कवच 5.0 के बारे में बात करते हुए कहा कि यह अत्याधुनिक सुरक्षा और सिंग्नलिंग सिस्टम है, इससे लोकल ट्रेनों में तेजी आएगी और उनको सुरक्षित किया जा सकेगा।

रेल मंत्री ने कहा कि इस समय पर मुंबई और अन्य महानगरों में लोकल ट्रेन सेवाओं के परिचालन में दो गाड़ियो के बीच में करीब 180 सेकंड का अंतर रहता है। हमारे इस कवच 5.0 की मदद से इस समय में हम तीस फीसदी की कटौती का लक्ष्य रख रहे हैं। इससे दो गाड़ियों को चलाने के समय में केवल 120 सेकंड का समय रह जाएगा। इस बचे हुए समय में हम 30 से 50 फीसदी अधिक गाड़ियां चला सकते हैं। इससे लोकल में कुल यात्रियों की दृष्टि से डेढ़ गुना का इजाफा हो जाएगा। इसके अलावा रेल मंत्री ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए भी रेलवे द्वारा किए गए सुधारों पर प्रयास डाला। उन्होंने कहा कि जल्दी ही 238 नए एसी उपनगरीय रैक लाए जाएंगे। इन रैकों को मुंबई के यात्रियों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अनोखे ढंग से डिज़ाइन किया गया है।

# पुरुषों ने साड़ी पहनकर महिलाओं के नाम पर की मजदूरी, मनरेगा में फर्जीवाड़े का खुलासा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के यादगीर जिले के मालदार गांव से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत मजदूरी घोटाले का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां कुछ पुरुष मजदूरों ने साड़ी पहनकर महिलाओं के नाम पर मजदूरी किया, जबकि असली महिला श्रमिकों ने काम ही नहीं किया था। यह फर्जीवाड़ा नाला गहरीकरण परियोजना के दौरान तब सामने आया जब सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं। इनमें पुरुष साड़ियों में काम करते नजर आए। यह कार्य मल्लार गांव के एक किसान, निंगप्पा पुजारी के खेत में किया जा रहा था और परियोजना की कुल लागत 3 लाख रुपए बताई गई है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लवेश ओराडिया ने इस घोटाले की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके पर दर्ज पुरुष और महिला श्रमिकों की संख्या आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, 6 पुरुष और 4 महिलाएं काम पर थीं, लेकिन महिलाओं की जगह पुरुषों ने साड़ी पहनकर उनकी उपस्थिति दर्ज कराई और फर्जी मजदूरी का दावा किया।

इस घोटाले की योजना वीरेश नामक बेयरफुट टेक्नीशियन ने बनाई थी, जो पंचायत विभाग के साथ अनुबंध पर कार्यरत था। उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सीईओ ने बताया कि इस संबंध में फरवरी में ही शिकायतें मिली थीं और उस पर कार्रवाई शुरू हो गई थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस परियोजना के तहत अब तक किसी को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

आगे की जांच में पता चला कि नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर ऐप के जरिए उपस्थिति में भी हेराफेरी की गई थी। फर्जी तस्वीरें अपलोड कर वास्तविक मजदूरों की जगह गलत लोगों को हाजिर दिखाया गया, जिससे महिलाओं के नाम पर मजदूरी का फर्जी भुगतान किया जा सके। मल्लार गांव के पंचायत विकास अधिकारी चन्नबसवा ने खुद को इस घोटाले से अलग करते हुए कहा, मुझे इस फर्जीवाड़े की जानकारी नहीं थी। जैसे ही मामला सामने आया, मैंने अनुबंध कर्मचारी वीरेश को निलंबित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय महिला मजदूरों में भारी नाराजगी है। उन्होंने इसे उनके परिश्रम और अधिकारों के साथ धोखा करार दिया है। महिलाओं ने कहा कि यह मनरेगा जैसी ग्रामीण रोज़गार योजना का दुरुपयोग और महिला श्रमिकों का अपमान है। तालुक पंचायत कार्यकारी अधिकारी रामप्पा डोड्डमणि ने मज्जूर ग्राम पंचायत में एक अन्य नाला सफाई परियोजना का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा मजदूरी दर 349 से बढ़ाकर 370 रुपए कर दी गई है, जो 1 अप्रैल से प्रभावी है।

### वक्फ बिल पर संसद में राहुल गांधी की चुप्पी से मुस्लिम समाज में आक्रोश : मायावती



**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ कानून को लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान वक्फ बिल पर जिस तरह चुप्पी नेता प्रतिपक्ष ने साध रखी थी, इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना, अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश और इनके इंडी गठबंधन में भी बेचैनी स्वाभाविक है।

उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर उन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावे से बचना जरूरी है। मायावती ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है। साथ ही, बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंतनीय हैं।

### सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सुरक्षा मांगी

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन ने संसद में राजपूत राजा राणा सांगा पर टिप्पणी के बाद आगरा में उनके घर पर हुए हमले को देखते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया और अदालत से सुरक्षा का प्रदान करने का अनुरोध किया। याचिका में सांसद ने आगरा में अपने मकान पर 'करणी सेना' संगठन द्वारा कथित हमले की निष्पक्ष जांच कराने और इस हमले में शामिल 'करणी सेना' के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई का भी अनुरोध किया है।



इस याचिका पर जल्द सुनवाई किए जाने की संभावना है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब रामजी लाल सुमन ने 21 मार्च को संसद में दिए एक बयान में कहा कि राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को भारत आमंत्रित किया। उन्होंने आगे तर्क दिया कि अगर भारतीय मुसलमानों को बाबर का वंशज बताया जाता है तो इसी तरह दूसरे समुदायों को भी राणा सांगा जैसे गद्दार के वंशज के तौर पर देखा जा सकता है। राजपूत विरासत पर सवाल खड़ा करने वाले इस बयान से 'अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा' और करणी सेना सहित राजपूत संगठन भड़क उठे।

## बीजेपी सरकार पर कमीशनखोरी का आरोप, जांच के लिए एसआईटी बनाएंगे सिद्धारमैया

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को जस्टिस नागमोहन दास आयोग की जांच रिपोर्ट के आलोक में राज्य की पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन के आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का फैसला किया है। कर्नाटक के कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने संवाददाताओं को बताया कि विशेष जांच दल दो महीने में जांच पूरी करके राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेगा।

पाटिल ने कहा कि इसके बाद जांच रिपोर्ट कैबिनेट की बैठक में पेश की जाएगी। मंत्री के मुताबिक, जस्टिस नागमोहन दास की रिपोर्ट ने तीन लाख कार्यों में से 1,729 कार्यों का नमूना लिया और जांच की। मंत्री ने कहा, रिपोर्ट दो खंडों में है। इसमें अनियमितताओं के आरोपों के बारे में कहा गया है।



पाटिल ने कहा कि जारी की गई राशि स्वीकृत राशि से अधिक थी, अनापत्ति प्रमाण पत्र समय से पहले जारी किया गया था, और निविदा प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप किया गया था। मंत्री ने कहा, 'एसआईटी में क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। एसआईटी को दो महीने में अपनी रिपोर्ट देनी होगी। यह न्यायमूर्ति नागमोहन दास द्वारा लिए गए केवल 1,729 नमूनों की नहीं, बल्कि पूरे मामले की जांच करेगी।

बता दें कि कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ ने आरोप लगाए ते कि बासवराज बोम्मई की सरकार में 40 फीसदी कमीशनखोरी आम हो गई थी। 2022 में यूनियन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि उन्हें टेंडर पाने और काम के भुगतान के लिए 40 फीसदी रिश्वत देनी पड़ती है। इसके बाद 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया। चुनाव में कांग्रेस को सफलता भी हासिल हो गई। इसके बाद सिद्धारमैया ने नागमोहन दास जांच आयोग बना दिया था।

## सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान छह सप्ताह की गर्भवती, अल्ट्रासाउंड में पुष्टि हुई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेरठ के बहुचर्चित सौरभ हत्याकांड में जेल में बंद उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी छह सप्ताह की गर्भवती पाई गयी है। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया, जिसमें यह पुष्टि हुई। जेल प्रशासन ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने शुक्रवार देर शाम 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मुस्कान का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था, जिसमें वह गर्भवती पाई गयी है। इसके बाद शुक्रवार को उसे मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग ले जाया गया, जहां अल्ट्रासाउंड में चार से छह सप्ताह की गर्भावस्था की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के परामर्श पर अब मुस्कान को गर्भवती बंदियों के अनुसार उपचार और देखभाल दी जाएगी। जेल अधीक्षक के अनुसार, शुक्रवार को लगभग पौने बारह बजे मुस्कान को जेल से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था।



फार्मासिस्ट के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा। जांच के बाद दोपहर डेढ़ बजे मुस्कान को वापस जेल में दाखिल कराया गया। उन्होंने बताया कि अब तक मुस्कान से मिलने कोई परिजन जेल नहीं पहुंचे हैं। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरानगर निवासी मुस्कान रस्तोगी ने तीन मार्च को अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर दी थी। दोनों ने शव के चार टुकड़े कर उन्हें एक ड्रम में डालकर सीमेंट भर दिया था। वारदात के बाद दोनों हिमाचल प्रदेश चले गए थे। बाद में मुस्कान ने अपने परिजनों को वारदात की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुस्कान और साहिल को गिरफ्तार कर 19 मार्च को अदालत में पेश किया था, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## लगभग 40 फीसदी मुस्लिम आबादी के बावजूद, असम शांतिपूर्ण रहा: सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि हाल ही में पारित वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ सीमित विरोध के बावजूद राज्य काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने असम पुलिस की उनकी प्रभावी तैयारी की प्रशंसा की और बोहाग बिहू उत्सव से पहले राज्य के सांप्रदायिक सद्भाव पर प्रकाश डाला।

**सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का पोस्ट- वक्फ संशोधन अधिनियम पर-** सोशल मीडिया पर सरमा ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए असम पुलिस की सराहना की और बोहाग बिहू मनाने की तैयारी कर रहे राज्य के लोगों की सामूहिक भावना के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, लगभग 40 फीसदी मुस्लिम आबादी होने के बावजूद, असम में आज शांतिपूर्ण स्थिति बनी हुई है, सिवाय तीन स्थानों पर छिटपुट विरोध प्रदर्शनों के, जिनमें प्रत्येक में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ 150 से अधिक प्रतिभागी शामिल नहीं थे।

सरमा ने शांतिपूर्ण माहौल का श्रेय पुलिस की सक्रिय योजना और कुशल जमीनी कार्य को दिया। उन्होंने कहा, शांति और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने वाले उनके व्यापक जमीनी कार्य के लिए मैं असम पुलिस की सराहना करता हूं। असम भर में लोग - जाति, पंथ, समुदाय या धर्म से परे - भावना में एकजुट हैं और हमारे प्रिय बोहाग बिहू का स्वागत खुशी और सद्भाव के साथ करने की उत्सुकता से तैयारी कर रहे हैं। बोहाग बिहू उत्सव जोरों पर रोंगाली बिहू या बोहाग बिहू, जो असमिया नववर्ष का प्रतीक है, ने गुवाहाटी और राज्य के अन्य भागों में उत्सवी माहौल ला दिया है।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह त्यौहार असम के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में से एक है। विरोध प्रदर्शन और वक्फ संशोधन अधिनियम का पारित होना यह टिप्पणी देश के कई भागों में विरोध प्रदर्शनों के एक दिन बाद आई है, जहाँ मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने



वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित होने के बाद 5 अप्रैल को विधेयक को अपनी स्वीकृति दी थी। राज्यसभा ने 4 अप्रैल को विधेयक को मंजूरी दी, जिसमें 128 मत पक्ष में और 95 विपक्ष में थे, जबकि लोकसभा ने इसे 288 सदस्यों के समर्थन और 232 मतों के विरोध में पारित किया। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना, सर्वेक्षण और पंजीकरण में प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना और वक्फ परिसंपत्तियों के बेहतर प्रशासन के लिए हितधारकों को सशक्त बनाना है।

## बंगाल में डर का माहौल, क्या सीएम चाहती हैं कि हिंदू राज्य छोड़ दें?: गिरिराज सिंह

**पटना , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की स्थिति को चिंतनीय बताते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर भी तीखा हमला बोला। मीडिया से मुखातिब गिरिराज सिंह ने मुर्शिदाबाद हिंसा की आलोचना की। उन्होंने कहा, बंगाल में हिंदू डर के साये में जी रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया, क्या वह (सीएम ममता बनर्जी) चाहती हैं कि हिंदू बंगाल छोड़ दें? ममता बनर्जी को केवल एक समुदाय का वोट बैंक दिखता है, लेकिन उनकी जिम्मेदारी हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार के सामने ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो पूरे देश को झकझोर रही हैं। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो जनता की रक्षा कौन करेगा? बता दें, मुर्शिदाबाद में



शुक्रवार रात को वक्फ कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा था। देखते ही देखते उस प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया और आगजनी शुरू कर दी गई। उपद्रवियों ने पथराव भी किया और पुलिस के साथ झड़प भी हुई थी। बाद में पुलिस ने फ्लैग मार्च भी निकाला।

उन्होंने बंगाल की स्थिति को देश के लिए चिंता का विषय बताया। गिरिराज ने कहा कि ममता बनर्जी के शासन में हिंदुओं को बार-बार ऐसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका विश्वास टूट रहा है। उन्होंने इसे संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरा करार दिया। गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेजस्वी बिहार में सत्ता में आने से पहले ही लोगों को डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि वह सत्ता में आए तो बंगाल की तर्ज पर बिहार में कुछ समुदायों को दबाएंगे।

गिरिराज ने कहा कि तेजस्वी और ममता जैसे नेता संविधान की रक्षा की बात करते हैं, लेकिन उनके बयान और काम उलट हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता ऐसे नेताओं को मौका नहीं देगी, जो समाज को बांटने की कोशिश करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और वह नेताओं के इरादों को समझती है। उन्होंने ममता बनर्जी और तेजस्वी से अपनी जिम्मेदारी समझने और समाज में शांति बनाए रखने की अपील की।

### केरल : विवाद के बीच विजयन ने नटेसन का समर्थन किया

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शुक्रवार को एसएनडीपी योगम के महासचिव वी. नटेसन का समर्थन करते हुए कहा कि वह किसी समुदाय या धर्म के खिलाफ नहीं हैं और मलप्पुरम पर उनके विचार एक पार्टी के खिलाफ थे। मुख्यमंत्री का यह विचार मुस्लिम बहुल मलप्पुरम जिले के बारे में नटेसन की टिप्पणी और उनके विचारों के खिलाफ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की तीखी प्रतिक्रिया की पृष्ठभूमि में आया है। एसएनडीपी योगम केरल में एझावा समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। एसएनडीपी योगम के महासचिव के पद पर तीन दशक पूरे करने पर नटेसन को सम्मानित करने के लिए चेर्थला में आयोजित समारोह में उद्घाटन भाषण देते हुए विजयन ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने नटेसन की टिप्पणी को - जो मूल रूप से एक राजनीतिक दल के खिलाफ की गई थी - जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करते हुए एक धर्म के खिलाफ बताया। विजयन ने कहा कि नटेसन महज तथ्य बता रहे थे, लेकिन लोगों के बीच गलतफहमी फैलाने के जानबूझकर प्रयास किए जा रहे हैं।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

### विवि की शैक्षणिक-प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों की मिलेगी जानकारी, खेल को बढ़ावा देना उद्देश्य

# बिहार खेल विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का लोकार्पण



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार खेल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण किया है। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित इस समारोह में कुमार ने राज्य में खेल विकास की गाथा साझा की और आने वाले समय में इस क्षेत्र में होने वाली प्रगति पर प्रकाश डाला। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की बिहार खेल विश्वविद्यालय पूरे हिंदुस्तान में एक आधुनिक विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के कारण ही राज्य के अंदर 6800 खेल मैदानों का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। मंत्री कुमार ने अपने राजनीतिक सफर का एक रोचक किस्सा भी साझा किया।

उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब खेल के लिए मात्र दो पैसे का बजट था। तब मैंने चिंता जताई थी कि इतने कम बजट में बिहार के खिलाड़ी कैसे आगे बढ़ पाएंगे। मेरी यह मांग थी कि शिक्षा की तरह खेलों पर भी पर्याप्त खर्च होना चाहिए, और आज वह सपना साकार होता दिख रहा है।

## मेडल लाओ, नौकरी पाओ अभियान की भी सराहना

कुमार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं, बल्कि दिमागी विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने हाल के दिनों में हॉकी की बढ़ती लोकप्रियता का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उपस्थित सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा की वेबसाइट के लॉन्च होने से पूरी दुनिया को बिहार खेल विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और सुविधाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों को साकार करने में हम सभी प्रतिबद्ध हैं।÷ उन्होंने सरकार की ओर से शुरू किए गए मेडल लाओ, नौकरी पाओ अभियान की भी सराहना की, जिसने युवाओं को खेल के प्रति अधिक प्रेरित किया है।

## नई वेबसाइट विश्वविद्यालय की जानकारी देगी

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, भा.प्र.से. (से.नि.) ने की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रजनी कांत, भा.प्र.से. (से.नि.), परीक्षा नियंत्रक-सह-संकायाध्यक्ष निशिकांत तिवारी और वित्त पदाधिकारी मुकेश सम्राट भी उपस्थित थे। नई वेबसाइट विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगी। यह छात्रों, अभिभावकों और खेल जगत से जुड़े सभी हितधारकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इस पहल से विश्वविद्यालय की डिजिटल उपस्थिति मजबूत होगी और पारदर्शिता एवं सूचना के त्वरित प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए की गई है और यह वेबसाइट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। राजगीर स्थित यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के खेल परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# वक्फ बिल से मिलेगा मुस्लिम समर्थन विधानसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनावः दीपक प्रकाश

**जमुई, एजेंसी।** बीजेपी के बिहार चुनाव सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने जमुई में महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। बिहार में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। प्रकाश ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पार्टी कार्यकर्ता बिहार में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए जुटे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी चुनाव एनडीए गठबंधन के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। वक्फ बिल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा जमीन हड़पने का काम वक्फ के लोगों ने किया है। ये लोग कांग्रेस, राजद और ममता बनर्जी से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय से नए वक्फ विधेयक का कानून बन गया है। उन्होंने दावा किया कि यह कानून गरीबों और वंचितों के लिए आर्थिक संसाधन बनेगा। इससे मुस्लिम समुदाय का समर्थन भी बीजेपी को मिलेगा।

### सिर्फ चुनाव में आते हैं कन्हैया

कन्हैया कुमार पर तंज कसते हुए प्रकाश ने कहा कि वह सिर्फ चुनाव में आते हैं और जमानत तक नहीं बचा पाते। उन्होंने कन्हैया को कांग्रेस का चाटुकार बताते हुए कहा कि अब उनकी कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। ये सभी बातें उन्होंने जमुई में एक निजी भवन में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहीं।



# अमृत भारत ही नहीं बिहार के इस स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन भी चलेगी

### दोनों का रूट अलग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चुनावी साल में बिहार को रेलवे की ओर से नई आधुनिक ट्रेनों की सौगात मिलने वाली है। बिहार की दूसरी अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत इसी महीने होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सहरसा-नई दिल्ली अमृत भारत ट्रेन को मधुबनी से हरी झंडी दिखा सकते हैं। इस बीच जानकारी मिली है कि सहरसा से दिल्ली के लिए एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जाएगी। हालांकि, इसका रूट अमृत भारत से अलग होगा। समस्तीपुर रेल मंडल ने सहरसा स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की कवायद कीजा रही है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियरिंग विभाग ने काम तेज कर दिया है। विभाग की ओर से बताया गया कि सहरसा स्टेशन पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ओएचई को संशोधित कर लगाया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर होकर चलेगी वंदे भारत ट्रेन

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सहरसा से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन मुजफ्फरपुर के रास्ते किया जाएगा। तैयारी पूरी होने के बाद इसका टाइम टेबल जारी किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस ट्रेन को मुजफ्फरपुर से दिल्ली पहुंचने में महज 13 घंटे का समय लगेगा। सहरसा से यह ट्रेन खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, डीडीयू, लखनऊ के रास्ते नई दिल्ली पहुंचेगी।

### दरभंगा होकर चलेगी अमृत भारत ट्रेन

वहीं, सहरसा से दिल्ली के लिए प्रस्तावित अमृत भारत ट्रेन को दरभंगा, सीतामढ़ी होकर चलाया जाएगा। 24 अप्रैल को पीएम मोदी मधुबनी रैली में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इस ट्रेन का रैक पिछले दिनों बिहार पहुंच गया था। समस्तीपुर रेल मंडल की ओर से नई अमृत भारत ट्रेन का ट्रायल भी किया है। सहरसा स्टेशन पर ही वंदे भारत और अमृत भारत का मेंटनेंस किया जाएगा।

# बेगूसराय में बदमाशों ने दुकानदार को मारी गोली, घायल

### बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, पुलिस बोली- आपसी विवाद में वारदात की आशंका

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में बदमाशों ने दुकानदार अमन कुमार (28) को गोली मार दी। घायल दुकानदार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के हर्रख मोहल्ले का है, जहां बेखौफ बदमाशों ने भीड़-भाड़ वाले मोहल्ले में एक दुकानदार को गोली मार दिया। घायल दुकानदार की पहचान हर्रख निवासी राजेन्द्र यादव के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही सदर-वन एसडीपीओ सुबोध कुमार और नगर थानाध्यक्ष अरुण कुमार अस्पताल पहुंचे तथा घटना के संबंध में जानकारी ली। इधर, पुलिस की टीम गोली चलाने वाले बदमाशों की पहचान और उसके गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

### पीछे से पीठ में मारी गोली

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अमन कुमार हर्रख पानी टंकी के समीप सब्जी और किराना का दुकान चलाता है। रात में वह दुकान बंद करने की तैयारी कर रहा था। तभी दो बदमाश आए और पीछे से पीठ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो



बदमाश भाग निकले। इसके बाद आनन-फानन में उसे उठाकर सदर अस्पताल लाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मोहल्ले में अपराधियों का जमावड़ा रहता है। एक महीने पहले भी 10 राउंड गोली चलाई गई, पुलिस को सूचना दिया। पुलिस पहुंची थी, लेकिन वहां खोखा नहीं मिला तो पुलिस ने कह दिया कि गोली नहीं चली, वह पटाखा था। यहां बराबर घटना होते रहता है, टाइगर मोबाइल बदमाशों से मिली हुई है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### क्या बोली पुलिस

घटना के संबंध में सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि हर्रख पानी टंकी के पास अमन कुमार सब्जी और किराना की दुकान चलाते हैं। बताया है कि नीचे से आलू अंदर रख रहे थे, तभी चेहरा ढंके हुए दो व्यक्ति आए और पीछे गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों बदमाश बाइक से भाग निकले। आशंका है कि किसी आपसी विवाद में गोली मारी गई है। घायल अभी कुछ बता नहीं पा रहे हैं, स्थिति खतरे से बाहर है।

## क्रिकेट बॉल को लेकर विवाद, पिता-पुत्री घायल

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सोनो थाना क्षेत्र के सारेवाद गांव में शुक्रवार की शाम क्रिकेट बॉल को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जहां दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से लक्ष्मी कुमारी और उनके पिता कृष्णा साव घायल हो गए। बताया गया कि लक्ष्मी का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया। जबकि उनके पिता कृष्णा साव की एक उंगली कट गई। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। पीड़िता लक्ष्मी कुमारी ने गांव के रोहित साव, उनकी पत्नी प्रियंका देवी और शंकर साव पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। बताया कि विवाद की शुरुआत तब हुई जब क्रिकेट खेलते समय बॉल लक्ष्मी के घर में चली गई।



बॉल पुआल में गिरी थी और घर करकट से बना था। लक्ष्मी ने बच्चों को बॉल बाद में लौटाने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। लक्ष्मी ने बताया कि पहले उनके पिता के साथ मारपीट की गई। जब वह और उनकी मां बचाने गईं तो सभी घर लौट आए। कुछ देर बाद रोहित साव और प्रियंका देवी तलवार लेकर घर में घुस आए। दोनों घायलों को पहले सोनो अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।लक्ष्मी ने बताया कि वह माइके आई हुई थी,ससुराल दिल्ली में है।

### जांच में जुटी पुलिस

सोनो थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बोचहां में आवास योजना का दे दिया दोहरा लाभ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बल्थी रसूलपुर पंचायत में साल 2016-17 में 33 लाभार्थियों को अवैध तरीके से आवास योजना का दोहरा लाभ दे दिया गया। 50,000 के हिसाब से साढ़े 16 लाख रुपए आवंटित भी कर दिए गए। इसको लेकर बीडीओ प्रिया कुमारी ने 33 लोगों को नोटिस भेजा है। इसमें से छह लोगों ने तीन लाख रुपये वापस किया है। बीडीओ ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर बचे लोगों ने राशि जमा नहीं की तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, इन लाभार्थियों ने अलग-अलग किस्तों में और अलग-अलग पहचान पत्रों का उपयोग कर दो बार योजना का लाभ उठाया है। इंदिरा आवास पर्यवेक्षक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि लाभार्थियों को फरवरी माह में नोटिस भेजा गया था। मुखिया रिंकू देवी व समाजसेवी राजीव कुमार यादव ने बताया कि बड़ी अनियमितता है। बताया कि योजना के चयन में पारदर्शिता बरतने की जरूरत है।

## नालंदा के 10 प्रखंडों में बर्बाद हुई फसलः तेज आंधी और बारिश से जिले के किसानों को भारी नुकसान

### प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में गुरुवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, जिले के 20 में से 10 प्रखंडों की 96 पंचायतों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। गेहूं, मक्का, प्याज, पान, हरी सब्जी, आम, चीना, मूंगफली और उद्यानिक फसलें इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गई हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें शुक्रवार से ही खेतों में उतरकर क्षति का आकलन कर रही हैं। जिला कृषि विभाग द्वारा प्रारंभिक रिपोर्ट कृषि निदेशालय को भेज दी गई है, हालांकि सर्वे की प्रक्रिया अभी जारी है और क्षति का आंकड़ा बढ़ सकता है।

**सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र :** विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान बिहारशरीफ प्रखंड में हुआ है, जहां 21 पंचायतों में गेहूं, मक्का, चीना, मूंगफली और उद्यानिक फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। नूरसराय की 17 पंचायतों में गेहूं और मक्का की फसलें तबाह हो गई हैं, जबकि एकंगरसराय की 11 पंचायतों में मक्के की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। रहुई की 16 और सिलाव की 10 पंचायतों में भी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। थरथरी की 7 पंचायतों में प्याज और मक्का, इस्लामपुर की 3



पंचायतों तथा राजगीर की एक पंचायत में पान के बरेजे और फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं।

**किसानों को मिलेगा मुआवजा :** इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि एक वर्षीय फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर 13,500 रुपए तथा बहुवर्षीय फसलों के लिए 18,000 रुपए मुआवजा देने का प्रावधान है। अभी फाइनल सर्वे रिपोर्ट बननी बाकी है। क्षति का पूरा आकलन होने के बाद रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी, जिसके बाद आवेदन के लिए तिथि जारी की जाएगी। जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आम, लीची, अमरूद, पान, केला समेत अन्य बहुवर्षीय फसलों को हुए नुकसान का भी मुआवजा किसानों को दिया जाएगा।

# प्रशांत किशोर ने अगले दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा पर निकलने का किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।** जन सुराज पार्टी की पटना के गांधी मैदान में पहली रैली से प्रशांत किशोर ने अगले दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा पर निकलने का ऐलान किया है। प्रशांत किशोर ने लगभग 8 मिनट के भाषण में रैली में आ रहे लोगों को रोकने की कोशिश का आरोप लगाया और इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लपेटा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने पहले से बताने के बाद भी कोई इंतजाम नहीं किया जिसके कारण पटना के इर्द-गिर्द 2 लाख से ज्यादा लोग बसों में भूख-प्यासे जाम में फंसे हैं। पीके ने कहा कि वो घंटों प्रशासन के हाथ-पैर जोड़ते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने रैली में आए लोगों से नीतीश सरकार और अफसरशाही को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और दावा किया कि छह महीने बाद राज्य में जनता की सरकार बनेगी। चुनाव रणनीतिकार के तौर पर 2015 के चुनाव में नीतीश कुमार के साथ किए काम का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर उन्होंने मदद नहीं की होती तो आज नीतीश संन्यास लेकर कहीं बैठे होते। पीके ने नीतीश की 2015 की जीत का श्रेय लेने की कोशिश करते हुए कहा कि जो शादी कराता है, वही श्राद्ध भी कराता है। उन्होंने कहा कि



जन सुराज पार्टी नीतीश कुमार का राजनीतिक श्राद्ध करेगी। रैली में प्रशांत किशोर ने लोगों से आह्वान किया कि जैसे लालू का जंगलराज खत्म किए, वैसे ही नीतीश के अफसरों का राज उखाड़ने का संकल्प लीजिए। पांच घंटा गांधी मैदान में रुकेंगे,एक-एक आदमी से मिलेंगे जो आए हैं। प्रशांत किशोर ने रैली में कहा कि पिछली बार कहा था कि प्रशासन पर केस करेंगे तो आकर समझौता किया था, कि हमारी क्या गलती है।

आज फिर प्रशासन ने धोखा दिया है। इनको सबक सिखाएंगे। पीके ने कहा कि प्रशासन की मदद से नीतीश ने लोगों को रोकने का काम किया है। जो शादी कराता है, वही श्राद्ध कराता है। 2015 में हम मदद नहीं किए होते तो आज नीतीश कुमार कहीं संन्यास लेकर बैठे होते। आज होशियार बन रहे हैं। इनका राजनीतिक श्राद्ध जन सुराज करेगी। रैली में आए लोगों से प्रशांत किशोर ने कहा कि जितने लोग आए हैं, यहीं रुकिए, आपसे यहीं मिलेंगे, खाना खाएंगे आपके साथ, फोटो भी खिचाएंगे। दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत करेंगे। आज जो इन लोगों ने पाप किया है, उसका पूरा हिसाब आपके गांव, आपके प्रखंड में आकर लेंगे। पीके ने कहा कि जनता का राज चाहिए, तो छह महीने के लिए कमर कस लो, नवंबर में आपको जनता की सरकार बनाकर देंगे प्रशांत किशोर ने रैली में आए लोगों से पूछा कि नीतीश कुमार को उखाड़ कर फेंकना है, कि नहीं फेंकना है। मोदी जी आकर कहेंगे कि नहीं फेंकना है तो नहीं मानेंगे ना। लालू का जंगलराज नहीं चाहिए ना। बिहार में बदलाव चाहिए कि नहीं चाहिए। लालू, मोदी, नीतीश का राज चाहिए कि जनता का राज चाहिए।

## समस्तीपुर में स्कूल हेडमास्टर की हार्ट अटैक से मौत



**समस्तीपुर, एजेंसी।** उजियारपुर के पूर्व विधायक और वर्तमान BJP नेता दुर्गा प्रसाद सिंह के बेटे संदीप कुमार (49) का निधन हो गया। संदीप कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय देसुआ पतेली में हेडमास्टर के पद पर कार्यरत थे। स्कूल से लौटने के बाद शाम करीब 8 बजे उन्हें सीने में दर्द हुआ। वो अचानक बेहोश हो गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें रात 9 बजे उजियारपुर PHC ले जाया गया, वहां से डॉक्टरों ने समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**10 वर्षों से प्रधानाध्यापक के रूप में दे रहे थे सेवा :** संदीप कुमार दुर्गा प्रसाद सिंह के दूसरे बेटे थे। उनके दो बच्चे हैं, जो पटना में रहकर पढ़ाई करते हैं। घटना के समय पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह निजी कार्य से पटना गए हुए थे। स्थानीय वार्ड सदस्य उपेंद्र सहनी ने बताया कि समस्तीपुर सदर अस्पताल में 10-15 मिनट तक कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। स्कूल की शिक्षिका तरन्नुम परवीन के अनुसार, संदीप कुमार पिछले 10 वर्षों से स्कूल में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा दे रहे थे।

# करीना कपूर ने पति सैफ अली खान को अच्छे लुक्स के लिए दोषी माना

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर ने खुलासा किया कि वह अपने पति सैफ अली खान को उनके अच्छे लुक्स के लिए दोषी मानती हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बॉस लेडी बेबो ने एक फोटो पोस्ट की, जिसमें वह पुलिस अधिकारी की तरह कपड़े पहने हुए सोफे पर बैठी हैं। उन्होंने मैरून शर्ट, काली पैंट, काले जूते और पुलिस बेल्ट पहनी हुई है। इसके बाद सैफ अली खान की एक तस्वीर पोस्ट की गई, जिसमें वह हॉर्स राइडिंग कर रहे हैं। वह सफेद शर्ट, नीली



डेनिम और काले धूप के चश्मे में बहुत खूबसूरत लग रहे हैं। पोस्ट की आखिरी फोटो में सैफ घोड़े पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं।

करीना ने कैप्शन में लिखा, पुलिस की भूमिका निभाई और अपने पति को उनके अच्छे लुक के लिए दोषी पाया...एक ही दिन। अलग-अलग सेट। अलग-अलग शहर। बहुत मेहनती, जैसा कि आप देख सकते हैं। भयानक चाकू घोंपने की घटना से उबरने के बाद, ओमकारा एक्टर को हाल ही में जयपुर के मंडावा में घोड़े की सवारी करते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में सैफ को घुड़सवारी का आनंद लेते हुए देखा गया। कुछ राउंड के बाद, वह घोड़े से उतरे और प्यार से घोड़े को थपथपाया।

इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सैफ फिलहाल जयपुर के मंडावा के पास एक फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं और अपने खाली समय में उन्होंने घुड़सवारी का लुत्फ उठाया। करीना की बात करें तो उन्होंने आखिरी बार एक्शन ड्रामा सिंघम अगेन में काम किया था, जो पिछले साल नवंबर में सिनेमाघरों में आई थी। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार और जैकी श्रॉफ जैसे स्टार एक्टर थे। खबरों की मानें तो वह फिलहाल निर्देशक मेघना गुलजार की अगली फिल्म दायरा का हिस्सा होंगी। इस बीच, फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार है। इस प्रोजेक्ट में मॉलीवुड एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। हालांकि, अभी तक कुछ भी घोषणा नहीं की गई है। .



# लॉगआउट में बाबिल के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा: रसिका दुग्गल

**अभिनेत्री** रसिका दुग्गल बहुप्रतीक्षित ड्रामा 'लॉगआउट' में दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान के साथ पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। रसिका ने बताया कि बाबिल के साथ काम करने का उनका अनुभव शानदार रहा। रसिका ने बताया, बाबिल के साथ काम करने का अनुभव खास रहा। वह दिलचस्प अभिनेता हैं और उन्हें काम में अपना सर्वश्रेष्ठ देते देखनड्डा दिल को छू लेने वाला था। उन्होंने कहा, मैं पहली बार बाबिल से तब मिली थी, जब मैंने उनके पिता इरफान के साथ किस्सा में काम किया था। अपने करियर की शुरुआत में इरफान के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी और बाबिल के करियर की शुरुआत में उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास है। यह एक चक्र की तरह लगा। अभिनेत्री ने 'लॉगआउट' की टीम के बारे में कहा, मैंने पहले भी निर्देशक अमित गोलानी, लेखक बिस्वपति सरकार, क्रिएटिव प्रोड्यूसर समीर सक्सेना के साथ काम किया है। वे बेहद प्रतिभाशाली हैं। मैं किस्सा के माध्यम से उस जुड़ाव को फिर से अनुभव करने के लिए उत्साहित हूं। अमित गोलानी के निर्देशन में बनी लॉगआउट की कहानी को बिस्वपति सरकार ने लिखा है। बाबिल और रसिका दुग्गल के साथ इस प्रोजेक्ट में निमिशा नायर और गंधर्व दीवान भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पोशम पा पिक्चर्स के सहयोग से डिजिटल 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉगआउट का निर्माण किया है। यह भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न 2024 और रिवर टू रिवर फ्लोरेंस भारतीय फिल्म महोत्सव 2024 के साथ ही अन्य कई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित की जा चुकी है, जिसमें इसे खूब सराहना मिली। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया था। 'लॉगआउट' का प्रीमियर 18 अप्रैल को जी5 पर होगा।





# जावेद जाफरी का एक्स अकाउंट हुआ हैक

- **अभिनेता ने फैंस से की इसकी शिकायत करने की अपील**

मशहूर अभिनेता जावेद जाफरी का एक्स अकाउंट हैक हो गया है। आज शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को अभिनेता ने खुद यह जानकारी फैंस के साथ साझा की। उन्होंने अपने फैंस से इसकी शिकायत एक्स प्लेटफॉर्म पर करने की अपील की है। जावेद ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को इस घटना की जानकारी दी और अपने हैक हुए अकाउंट के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए। इन स्क्रीनशॉट्स में साफ दिख रहा है कि वह अपने एक्स पेज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

## जावेद की पोस्ट

जावेद ने इंस्टाग्राम पर लिखा, उन्होंने लिखा, तो मेरा एक्स अकाउंट हैक हो गया है। मैं ईमानदारी से उन लोगों से अनुरोध करता हूं, जो ट्विटर पर मुझे फॉलो कर रहे हैं कि वे एक्स से इसकी शिकायत करें। साडा हैक... एत्थे रख ! धन्यवाद। उनकी यह पोस्ट रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार के गाने सड्डा हक से प्रेरित थी, जिसे उन्होंने मजेदार अंदाज में लिखा। जावेद का यह हल्का-फुल्का अंदाज उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है, लेकिन अकाउंट हैक होने की खबर ने सभी को चिंता में डाल दिया है।

## फैंस ने दी प्रतिक्रिया

जावेद की इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनके समर्थन में कमेंट्स शुरू कर दिए। कई लोगों ने एक्स को टैग करके हैकिंग की शिकायत की और जल्द से जल्द अकाउंट रिकवर करने की मांग की। कुछ फैंस ने मजेदार कमेंट्स भी किए। एक यूजर ने लिखा, जावेद भाई, हैकर्स को भी आपका स्टाइल पसंद आ गया होगा।जावेद ने अभी तक यह नहीं बताया कि उनके अकाउंट को रिकवर करने की प्रक्रिया कहां तक पहुंची है, लेकिन उनके फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।



# रणतुंगा को मिली प्रशंसा से गदगद रणदीप हुड्डा

**सनी** देओल और रणदीप हुड्डा स्टारर एक्शन फिल्म जाट सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म पहले दिन 11 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने में सफल भी रही। फिल्म में खलनायक 'रणतुंगा' की भूमिका निभाने वाले अभिनेता हुड्डा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दर्शकों से मिल रहे प्यार के लिए आभार जताया।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर अभिनेता ने बताया कि खतरनाक किरदार को इतनी प्रशंसा मिलने का अनुभव शानदार रहा। पर्दे के पीछे की तस्वीरों को शेयर करते हुए रणदीप ने कैप्शन में लिखा, रणतुंगा के लिए मुझे मिल रहे प्यार को मैं अभी भी महसूस कर रहा हूं... इस तरह के खतरनाक किरदार को निभाना और उसे इतनी प्रशंसा पाना वास्तव में विनम्र करने वाला है। फिल्म में काम करने और सराहना पाने का अनुभव शानदार रहा।

जाट के निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी को इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए उन पर भरोसा करने और सनी देओल को एक अद्भुत सह-कलाकार बताते हुए उन्होंने दोनों को धन्यवाद देते हुए कहा, इस गहरी भूमिका के लिए मुझ पर भरोसा करने और हर कदम पर मुझे गाइड करने के लिए मेरे निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी को बहुत धन्यवाद। सनी पाजी के साथ काम करने का अनुभव भी बेहतरीन था। वह डाउन-टू-अर्थ और एनर्जी से भरे इंसान हैं। हुड्डा ने अपने सह-कलाकारों विनीत कुमार सिंह, रेजिना कैसंड्रा और सैयामी खेर की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, मेरे सह-कलाकारों का मैं आभारी हूं - आपकी प्रतिभा और एनर्जी ने हर सीन को और भी शानदार बना दिया। 'जाट' में विश्वास करने और इस कहानी को जीवंत करने के लिए मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री का दिल से धन्यवाद। गोपीचंद मलिनेनी के निर्देशन में बनी 'जाट' का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने किया है।

# रैंप वॉक के दौरान डांस करने पर ट्रोल हुई यह एक्ट्रेस, यूजर्स बोले- ओवरएक्टिंग की दुकान

## डांस करने पर ट्रोल हुईं मनारा

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री मनारा चोपड़ा का एक रैंप वॉक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मनारा रैंप पर अपनी अदाओं का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं, लेकिन उनका अंदाज कुछ यूजर्स को पसंद नहीं आया। वीडियो में मनारा रैंप वॉक के दौरान अचानक डांस मूव्स करने लगीं, जिसे देखकर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी आलोचना शुरू कर दी। कई यूजर्स ने कमेंट्स में लिखा कि मनारा ओवरएक्टिंग कर रही हैं और उनका यह स्टाइल रैंप वॉक के माहौल से मेल नहीं खाता। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में मनारा चोपड़ा एक फैशन इवेंट में रैंप वॉक करती दिख रही हैं। इस दौरान मनारा साड़ी पहने नजर आईं, जिसके साथ उन्होंने पिंक हील्स पहनी थी। उनकी ड्रेस और स्टाइल ने शुरुआत में सभी का ध्यान खींचा, लेकिन जैसे ही उन्होंने वॉक के बीच में डांस मूव्स शुरू किए, यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया। कुछ यूजर्स ने इसे मनारा का अटेंशन सीकिंग बिहेवियर करार दिया, एक अन्य ने लिखा, रैंप वॉक में डांस की क्या जरूरत थी, यह तो ओवरएक्टिंग है।



# पाकिस्तानी कलाकारों पर सुष्मिता सेन का बयान सुन खुश हुए फैंस

साल 2016 से भारत में पाकिस्तानी कलाकारों के लिए काम करने पर पाबंदी है। लेकिन पाकिस्तानी कलाकार फवाद खान फिल्म अबीर गुलाल से बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने को लेकर बहस छिड़ गई है। इस पर अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने अपनी बात रखी है। उनके बयान से फैंस काफी खुश हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में सुष्मिता सेन एक कार्यक्रम में पहुंचीं। ऐसे में उनसे पैपराजी ने पूछा कि पाकिस्तानी कलाकार जैसे फवाद खान के भारत में काम करने पर उनका क्या विचार है? इस पर सुष्मिता सेन ने कहा देखिए मुझे सिर्फ इतना पता है कि हुनर और रचनात्मकता पर कोई पाबंदी नहीं होती। होनी भी नहीं चाहिए। हमारा क्षेत्र और स्पोर्ट्स ऐसे क्षेत्र हैं जहां पाबंदी नहीं होनी चाहिए। रचनात्मकता आजादी से आती है। मैं चाहती हूं कि किसी के लिए सरहद नहीं होनी चाहिए। आपको बता दें कि साल 2016 में पाकिस्तानी कलाकारों पर भारत में काम करने पर कथित तौर से पाबंदी लगा दी गई थी। हालांकि इस बारे में सरकार की तरफ से कोई अधिकारिक बयान नहीं आया।



# ऋतिक रोशन सोशल मीडिया पर अद्भुत रात के लिए धन्यवाद प्रियंका चोपड़ा

ऋतिक रोशन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और वह अपने अनुभवों को दर्शकों से साझा करते रहते हैं। अब अभिनेता ने प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास से मुलाकात की। इस खास मौके पर ऋतिक ने एक संदेश भी लिखा है। ऋतिक रोशन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें कई तस्वीरें हैं। एक तस्वीर में अभिनेता अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ नजर आ रहे हैं। वहीं, उसी तस्वीर में निक जोनास, प्रियंका चोपड़ा और एड्रियन वॉरेन भी दिख रही हैं। पोस्ट की गई अन्य दो तस्वीरों में निक और एड्रियन वॉरेन नजर आ रही हैं। आपको बतात चलें कि ऋतिक और उनकी गर्लफ्रेंड निक जोनास के ब्राडवे म्यूजिकल 'द लास्ट फाइव इयर्स' संगीत कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसी समय की ये तस्वीरें हैं।

## ऋतिक ने लिखा प्यारा संदेश

इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, हम अंदर यह सोचकर गए थे कि दोस्तों के साथ ये शानदार रात होगी। जब बाहर आए तो हम सभी हैरान थे और बहुत ही सुकून महसूस कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने निक जोनास के गाने द लास्ट फाइ ईयर्स को एक शानदार अनुभव बताया और निक जोनास की प्रस्तुति के लिए उनकी तारीफ की। साथ ही निक के गाने की को-स्टार एड्रियन वॉरेन की भी सराहना करते हुए बताया कि मजेदार संगीत शो था।



# ऑफिसर से लेकर गैंगस्टर तक के किरदारों में नजर आए अजय

अजय देवगन ने फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। दर्शकों ने उन्हें कई बार ऑफिसर के रोल निभाते देखा, साथ ही कुछ फिल्मों में गैंगस्टर भी अजय देगवन बने। हर किरदार में अभिनेता का अंदाज जुदा नजर आया। जल्द ही अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' रिलीज होगी। इस फिल्म में वह एक ऑफिसर के रोल में हैं। इससे पहले भी वह 'रेड( 2018 )' में यही किरदार निभा चुके हैं। अजय देगवन ने कई फिल्मों में ऑफिसर का रोल किया तो कभी गैंगस्टर भी बने हैं। हर किरदार में वह दर्शकों को पसंद आए। जानिए, अजय देवगन की ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में। अजय देवगन ने 'रेड 2' में एक ईमानदार इनकम टैक्स ऑफिसर का रोल निभाया है। इस बार फिल्म में उनके सामने विलेन के तौर पर रितेश देशमुख नजर आएंगे, वह एक भष्ट्राचारी राजनेता की भूमिका में दिखेंगे। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म को राजकुमार गुप्ता ने निर्देशित किया है। रोहित शेट्टी निर्देशित 'सिंघम' सीरीज की फिल्मों में अजय देवगन पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आए। बाजीराव सिंघम नाम के सख्त पुलिस वाले की भूमिका को दर्शकों ने काफी पसंद किया। पिछले साल 'सिंघम अगेन' में भी अजय देवगन यही किरदार निभाते दिखे। साल 2021 में अजय देवगन फिल्म 'भुज-द प्राइड ऑफ इंडिया' में एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में दिखे। अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित रही। फिल्म में अजय देवगन के अलावा संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा जैसे कलाकार भी नजर आए। अजय देवगन ने आर्मी ऑफिसर के रोल भी फिल्मों में निभाए हैं। वह मणिशंकर निर्देशित फिल्म 'टैंगो चार्ली' में और जेपी दत्ता निर्देशित 'एलओसी कारगिल' में आर्मी ऑफिसर बने। इन किरदारों को अजय देवगन ने बड़ी ही संजीदगी से बड़े पर्दे पर निभाया।

साभार एजेंसी

# अमेरिकी शुल्क से वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आने की आशंका : संयुक्त राष्ट्र अर्थशास्त्री

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है और निर्यात अमेरिका और चीन जैसे बाजारों से भारत, कनाडा और ब्राजील की ओर स्थानांतरित हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह एक व्यापक शुल्क योजना की घोषणा की। अमेरिका ने बाद में चीन को छोड़कर अधिकांश देशों के लिए जवाबी शुल्क पर 90 दिनों की रोक की घोषणा की। बदले में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं के आयात पर 125 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने शुक्रवार को जिनेवा में कहा, व्यापार तरीके और आर्थिक एकीकरण में महत्वपूर्ण दीर्घकालिक बदलावों के साथ वैश्विक व्यापार में तीन प्रतिशत की कमी आ सकती है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मेक्सिको से निर्यात, जो अत्यधिक प्रभावित हुआ है, अमेरिका, चीन, यूरोप और यहां तक कि अन्य लातिन अमेरिकी देशों जैसे बाजारों से स्थानांतरित हो रहा है। इससे निर्यात कनाडा और ब्राजील और कुछ हद तक भारत में मामूली लाभ हो रहा है।**



उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, वियतनामी निर्यात अमेरिका, मैक्सिको और चीन से हट रहा है, जबकि पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीकी(एमईएनए) बाजारों, यूरोपीय संघ, दक्षिण कोरिया और अन्य बाजारों की ओर काफी बढ़ रहा है। परिधान का उदाहरण देते हुए कोक-हैमिल्टन ने कहा कि विकासशील देशों के लिए आर्थिक गतिविधि और रोजगार के मामले में कपड़ा उद्योग शीर्ष उद्योग है। इस संदर्भ में, उन्होंने कहा कि अगर यह लागू होता है तो दुनिया के दूसरे सबसे बड़े परिधान निर्यातक बांग्लादेश को 37 प्रतिशत का जवाबी शुल्क झेलना पड़ेगा, जिससे 2029 तक अमेरिका को वार्षिक निर्यात में 3.3 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों के लिए किसी भी वैश्विक झटके से निपटने के लिए समाधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा - चाहे वह कोविड महामारी हो, जलवायु आपदा हो या नीतियों में अचानक बदलाव हो - तीन क्षेत्रों - विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और क्षेत्रीय एकीकरण को प्राथमिकता देने में निहित है। उन्होंने कहा, इसलिए विकासशील देशों के लिए न केवल अनिश्चितता के समय से निपटने के अवसर हैं, बल्कि लंबी अवधि के लिए सक्रिय रूप से तैयारी करने के भी अवसर हैं। कोक-हैमिल्टन ने कहा कि फ्रांसीसी अर्थशास्त्र अनुसंधान संस्थान सीईपीआईआई के साथ तैयार प्रारंभिक अनुमान, 90-दिवसीय विराम की घोषणा और चीन पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ोतरी से पहले गणना की गई थी। यह दर्शाता है कि 2040 तक, तथाकथित जवाबी शुल्क और प्रारंभिक प्रतिवादों का प्रभाव वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को 0.7 प्रतिशत तक कम कर सकता है। मेक्सिको, चीन और थाईलैंड जैसे देशों और दक्षिणी अफ्रीका के देश भी अमेरिका के साथ-साथ सबसे अधिक प्रभावित हैं। अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत शुल्क लगाने के चीन के फैसले पर, एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट (एएसपीआई) के वाशिंगटन डीसी स्थित कार्यालय की उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक वेंडी कटलर ने कहा कि अमेरिकी आयात पर शुल्क बढ़ाने की चीन की घोषणा से यह स्पष्ट है कि यह उम्मीदें गलत हैं कि चीन इस व्यापार युद्ध में पहले कदम उठाएगा। उन्होंने कहा, चीन को लंबी लड़ाई लड़नी है। उसने शायद यह संकेत देते हुए कि यह भी स्वीकार किया है कि वह शुल्क के साथ जवाबी कार्रवाई करने के अंतिम बिंदु पर पहुंच गया है कि उसके पास अपने शस्त्रागार में बहुत सारे अन्य उपकरण हैं जिन्हें आगे सक्रिय किया जा सकता है यदि अमेरिका आज अतिरिक्त उपायों के साथ जवाब देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लागू भारी शुल्क अमेरिका में चीनी आयात पर 145 प्रतिशत तथा चीन में अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत - वस्तुतः विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सभी वस्तु व्यापार को रोक देगा।

## 10 मिनट में प्रवासी श्रमिकों ने 10 बच्चों को इमारत से निकाल लिया था

# सिंगापुर सरकार ने आग की घटना में बच्चों को बचाने में मदद करने वाले चार भारतीयों को सम्मानित किया

» सिंगापुर, भाषा।

**सिंगापुर सरकार ने एक इमारत में लगी आग से बच्चों और वयस्कों को बचाने में वीरतापूर्ण कार्य के लिए चार भारतीय प्रवासी श्रमिकों को सम्मानित किया है। इस इमारत में 16 नाबालिग और छह वयस्क फंसे गए थे।आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का आठ वर्षीय पुत्र मार्क शंकर पवनोविच आठ अप्रैल को लगी आग की घटना से बचाए गए लोगों में शामिल था। इमारत से निकाली गई 10 वर्षीय आस्ट्रेलियाई लड़की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। मानव शक्ति मंत्रालय के एश्योरेंस, केयर एंड एंगेजमेंट (एसीई) समूह ने आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए इंद्रजीत सिंह, सुब्रमण्यम सरनराज, नागराजन अनबरसन और शिवसामी विजयराज को फ्रेंड्स ऑफ एसीई सिक्के प्रदान किए। साप्ताहिक पत्रिका तबला ने शुक्रवार को मंत्रालय के हवाले से कहा, उनकी सूझबूझ और बहादुरी ने सब कुछ बदल दिया... ज़रूरत के समय हमें समुदाय की ताकत याद दिलाने के लिए धन्यवाद। बच्चों की चीखें सुनकर और तीसरी मंजिल पर स्थित इमारत की खिड़की से घना धुआं निकलता देखकर, प्रवासी मजदूरों ने बिना समय गंवाए घटनास्थल के ठीक सामने स्थित अपने कार्यस्थल से एक स्कैफोल्ड उठाया।**



उन्होंने इमारत में बच्चों तक पहुंचने के लिए स्कैफोल्ड और सीढ़ी का उपयोग किया। उनके साथ अन्य प्रवासी श्रमिक भी आ गए जो इमारत के पास रिवर वैली रोड पर काम कर रहे थे। सिंगापुर नागरिक सुरक्षा बल (एससीडीएफ) के पहुंचने से पहले 10 मिनट में प्रवासी श्रमिकों ने 10 बच्चों को इमारत से निकाल लिया था। सुब्रमण्यम सरनराज (34) ने कहा कि वह उन बच्चों का दृश्य कभी नहीं भूल पाएंगे जिनके चेहरों पर कालिख के निशान थे, वे खांस रहे थे और सांस लेने में परेशानी महसूस कर रहे थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे। तमिलनाडु के रहने वाले सरनराज ने कहा,धुएं के बीच से देखा कि एक पुरुष शिक्षक और बच्चे खिड़की से बाहर देख रहे थे और मदद के लिए चिल्ला रहे थे। धुआं बढ़ता जा रहा था और हमारे पास ज्यादा समय नहीं था। उन्होंने कहा,हमारे भी बच्चे हैं। अगर ये हमारे बच्चे होते, तो क्या हम चुपचाप खड़े होकर कुछ नहीं करते? यही बात उनके सहकर्मी नागराजन अनबरसन (37) ने भी कही। उन्होंने कहा,जब हमने बच्चों को संकट में देखा, तो हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सके। सरनराज ने कहा, हमारे पास धुएं से बचने के लिए कोई सुरक्षात्मक उपकरण नहीं था। हम इमारत से भी परिचित नहीं थे और हमें नहीं पता था कि सीढ़ियां कहां हैं। इसलिए हमने खिड़कियों से जाने का फैसला किया। घटना के 22 हताहतों में से 16 बच्चे थे जिनकी उम्र छह से 10 वर्ष के बीच थी। अन्य छह वयस्क थे जिनकी उम्र 23 से 55 वर्ष के बीच थी। इमारत में अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया गया।

# कांगो की सेना ने 40 बंधकों को विद्रोहियों के चंगुल से मुक्त कराया

**किंशासा।** कांगो के संघर्ष प्रभावित पूर्वी क्षेत्र में चरमपंथियों के साथ भीषण लड़ाई के बाद कांगो की सेना ने इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों के कब्जे से 41 बंधकों को मुक्त करा लिया। सेना के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उत्तर कीवू प्रांत में सैन्य प्रवक्ता माक हजुके ने शुक्रवार को बताया कि 13 महिलाओं और कई विदेशी नागरिकों सहित 41 बंधकों को पड़ोसी देश युगांडा के सैनिकों के साथ एक संयुक्त सैन्य अभियान में लुबेरो और बेनी क्षेत्रों से विद्रोही संगठन एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के कब्जे से रिहा कराया गया। उत्तर कीवू प्रांत के बेनी से शुक्रवार को रिहा कराए गए बंधक बेहद थके और कमजोर दिखाई दे रहे थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कब से बंधक बनाकर रखा गया था, लेकिन संघर्ष प्रभावित क्षेत्र में बंधकों को अक्सर महीनों तक कैद रखा जाता है। बेनी में नागरिक समाज से जुड़े एक संगठन के नेता पेपिन कावोटा ने परिवारों से आग्रह किया कि वे बंधकों का स्वागत करें और सामान्य जीवन जीने में उनकी मदद करें। स्थानीय मीडिया के अनुसार कावोटा ने संयुक्त सैन्य अभियान की सराहना की क्योंकि कुछ वर्षों में इस प्रकार के अभियानों में सैकड़ों बंधकों को मुक्त कराया गया है। एडीएफ चरमपंथी समूह 100 से अधिक सशस्त्र समूहों में से एक है, जो दशकों से कांगो के खनिज-समृद्ध लेकिन गरीब पूर्वी क्षेत्र में हिंसा में शामिल हैं।



## ट्रंप ने कराई वार्षिक शारीरिक जांच, स्वास्थ्य को बताया अच्छा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को वार्षिक शारीरिक जांच कराई और कहा कि उनका स्वास्थ्य अच्छा है। जनवरी में 78 वर्ष की आयु में अमेरिकी इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति बनने वाले ट्रंप जांच के लिए लगभग पांच घंटे तक वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में रहे। उन्होंने कहा, मैं काफी समय वहां था। मुझे लगता है कि मेरा स्वास्थ्य काफी अच्छा है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की शारीरिक व मानसिक क्षमता पर लंबे समय से सवाल उठाने के बावजूद, ट्रंप अपने स्वास्थ्य के बारे में बुनियादी तथ्यों को लंबे समय से गुप्त रखते आए हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनकी नवीनतम शारीरिक जांच के बारे में चिकित्सकों की रिपोर्ट रविवार को तैयार हो जाएगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप की अभी भी जांच की जा रही है और उनके स्वास्थ्य के बारे में व्हाइट हाउस के चिकित्सक की ओर से विवरण जितनी जल्दी संभव हो सकेगा जारी किया जाएगा। ट्रंप जांच के बाद सीधे एयरफोर्स वन में सवार होकर फ्लोरिडा रवाना हो गए। उड़ान के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चिकित्सकों ने उन्हें जीवनशैली में बदलाव के बारे में कुछ सलाह दी है जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह सलाह क्या है। ट्रंप ने कहा, कुल मिलाकर, मुझे लगा कि मैं बहुत अच्छी स्थिति में हूं।



# एआई की पूरी क्षमता सामने लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद ले जी20 : दक्षिण अफ्रीकी मंत्री

» जोहानिसबर्ग, भाषा।

**दक्षिण अफ्रीका के एक मंत्री ने कहा है कि जी-20 देशों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जटिल परिदृश्य को समझने और मानवता की सेवा में इसकी पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संपर्क और सहयोग करना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका के संचार एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी उपमंत्री मोंडली गुंगुबेले ने हाल ही में यहां सतत विकास के लिए एआई, डेटा, गवर्नेंस और नवाचार पर आयोजित जी-20 कार्यबल की बैठक में कहा, हम डिजिटल औद्योगिक क्रांति के निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में यह स्पष्ट है कि एआई अर्थव्यवस्थाओं, शासन व दैनिक जीवन को नया आकार देने पर केंद्रित है। दक्षिण अफ्रीका 2025 के लिए जी-20 की अध्यक्षता करेगा।**

उन्होंने कहा, यह कार्यबल जी-20 सदस्यों के बीच निरंतर संवाद व सहयोग के लिए एक मंच स्थापित करने और व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ाव के माध्यम से एआई के जटिल परिदृश्य को समझने और मानवता की सेवा में इसकी पूरी क्षमता का दोहन करने का अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमें न केवल डिजिटल दूरी को पाटने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि ग्लोबल साउथ के देशों को गरीबी, असमानता और बेरोजगारी की तिहरी चुनौतियों से निपटने का मौका भी देती है।



## न्यूज ब्रीफ

### यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की सैन्य सहायता देने का संकल्प लिया

» ब्रसेल्स, भाषा।



**यूरोपीय देशों ने यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर की अतिरिक्त धनराशि भेजने का संकल्प लिया है। वहीं, अमेरिकी दूत ने तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने की रूस की इच्छा पर लगते सवालिया निशानों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यूक्रेन ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन रूस ने दूरगामी शर्तें लगाकर इसे प्रभावी रूप से रोक दिया है। यूरोपीय सरकारों ने पुतिन पर अपने कदम पीछे खींचने का आरोप लगाया है।**

रूस ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन से मुलाकात की। विटकॉफ क्रेमलिन पर युद्धविराम को स्वीकार करने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने इससे पहले रूस के दूत किरिल दिमित्रिव से मुलाकात की थी।रूस की समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पुतिन और विटकॉफ के बीच बैठक साढ़े चार घंटे तक हुई और इस दौरान दोनों ने युद्ध समाप्त करने के पहलुओं पर चर्चा की। इस बीच शुक्रवार को ब्रसेल्स में यूक्रेन के पश्चिमी समर्थकों की एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने कहा कि 21 अरब यूरो की नई सैन्य सहायता देने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन को दी जा रही सैन्य सहायता में अभूतपूर्व वृद्धि है।

### भारतीय उच्चायोग ने सिंगापुर के लोगों को परोसे ओडिशा के व्यंजन

» सिंगापुर, भाषा।

**सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग ने शनिवार को ओडिशा फूड फेस्टिवल के तहत 120 से अधिक विशेष अतिथियों की मेजबानी की, जिसमें ओडिशा के व्यंजन परोसे गए। सिंगापुर में 10 से 12 अप्रैल तक ओडिशा फूड फेस्टिवल का आयोजन ओडिशा पर्यटन, ग्लोबल स्कूल्स फाउंडेशन (जीएसएफ) और ओडिया सोसाइटी सिंगापुर के सहयोग से किया गया। महोत्सव के तहत, उच्चायोग ने सिंगापुर सरकार, मीडिया, व्यापार और सामुदायिक संगठनों के प्रतिनिधियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया।**

इस कार्यक्रम में ओडिशा की समृद्ध और विविध पाक परंपराओं की झलक पेश की गई और मेहमानों को ओडिशा के लोकप्रिय व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन ने ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया। महोत्सव में 10 अप्रैल को ओडिशा के व्यंजनों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां प्रतिभागियों को पारंपरिक ओडिया व्यंजन पकाने के तरीके सिखाए गए।

# गाजा से रफा को अलग करने वाले नए गलियारे का निर्माण कार्य पूरा हो गया : इजराइल

» तेल अवीव , भाषा।

**इजराइल ने रफा शहर को गाजा पट्टी के बाकी हिस्सों से अलग करने वाले नए मोराग गलियारे का निर्माण कार्य पूरा कर लेने की घोषणा शनिवार को की। इजराइल के इस कदम से फलस्तीनियों की जमीन और भी कम हो गई है और हवाई हमले पूरे क्षेत्र में जारी हैं। इजराइली सेना के एक बयान में बताया कि सेना ने रफा की घेराबंदी पूरी कर ली है। सेना द्वारा रफा के अधिकांश हिस्सों को गलियारे के दायरे में लाते हुए व्यापक निकासी का आदेश दिए जाने के बाद, 36वीं डिवीजन के साथ इजराइली सैनिकों को पिछले सप्ताह मोराग में तैनात किया गया था।**



इस आदेश से यह संकेत मिला था कि इजराइली सेना जल्द ही एक और बड़ा जमीनी अभियान शुरू कर सकती है। मोराग, एक यहूदी बस्ती का नाम था जो कभी रफा और खान यूनिस के बीच स्थित थी। इजराइल ने हमास पर शेष 59 बंधकों को रिहा करने के लिए दबाव बनाने के लिए फलस्तीनी क्षेत्र के बड़े हिस्से पर कब्जा करने का संकल्प लिया था, जिसके बाद यह निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इजराइल को बंधकों में से 24 के जीवित होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता पर एक महीने तक नाकाबंदी भी लगाई हुई है, जिससे क्षेत्र के लगभग 20 लाख फलस्तीनियों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नेतन्याहू ने कहा था कि मोराग दूसरा फिलाडेल्फिया गलियारा होगा और यह हिस्सा मिस्र के साथ सटी सीमा के गाजा क्षेत्र को संदर्भित करता है। यह क्षेत्र पिछले वर्ष मई से इजराइल के नियंत्रण में है। इजरायल ने नेत्जारिम गलियारे पर भी नियंत्रण बना लिया है, जो गाजा के उत्तरी तीसरे हिस्से को बाकी पट्टी से अलग करता है।

## पाकिस्तान में 5.5 तीव्रता का भूकंप



» इस्लामाबाद, भाषा।

**पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (एनएसएमसी) के अनुसार, अपराह्न करीब 12:31 बजे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन के 12 किलोमीटर नीचे स्थित था।**

भूकंप पंजाब के अटक, चकवाल और मियांवाली जिलों तथा आस-पास के इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के झटके पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आतंकवादी हमला विफल

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक जांच चौकी पर बड़े आतंकवादी हमले को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रांत के शांगला जिले में स्थित चौकी पर हमला शुक्रवार रात को नाकाम कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शांगला, स्वात जिले की सीमा से लगा एक पहाड़ी इलाका है। प्रांत के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) जुल्फिकार हमीद ने मीडिया को बताया कि आतंकवादियों ने शांगला जिले में शिकोलाई पुलिस चौकी पर देर रात हमला किया, जिसे पुलिस ने समय पर कार्रवाई करके सफलतापूर्वक विफल कर दिया। आईजी ने बताया कि आतंकवादियों ने हमले के दौरान हल्के और भारी दोनों हथियारों का इस्तेमाल किया, लेकिन शांगला पुलिस ने पूरी ताकत से जवाब दिया, जिससे आतंकवादियों को भागने पर मजबूर होना पड़ा। पाकिस्तान में हाल में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में वृद्धि देखी गई है, खासकर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में प्रांतों में।

## 19 अप्रैल को अगले दौर की वार्ता

## हम कूटनीति को एक वास्तविक और ईमानदार अवसर दे रहे : बघेई

# ईरान, अमेरिका परमाणु कार्यक्रम पर और बातचीत को हुए सहमत

» मस्कट, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है।**



अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की ओर से आ रही खबरों की तत्काल पुष्टि नहीं की है। खबरों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने ओमान के बाहरी इलाके में एक स्थान पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की, जो स्थानीय समयानुसार, शाम पौने छह बजे समाप्त हुई। वार्ता स्थानीय समयानुसार, अपराह्न साढ़े तीन बजे शुरू हुई थी। दोनों देशों के बीच करीब पचास साल से जारी दुश्मनी के बीच बातचीत का महत्व और भी बढ़ गया है। ट्रंप ने बार-बार धमकी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वे ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले करेंगे। ईरानी अधिकारी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि वे अपने यूरेनियम को हथियारों में इस्तेमाल करने के स्तर तक संवर्धित कर परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वार्ता शनिवार दोपहर ओमान में हुई। एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाताओं ने देखा कि विटकॉफ के काफिले ने शनिवार दोपहर ओमानी विदेश मंत्रालय से प्रस्थान किया और फिर तेजी से मस्कट के बाहरी इलाके की ओर बढ़ गया। काफिला एक परिसर में प्रवेश कर गया और इसके कुछ ही मिनट बाद, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि अनौपचारिक वार्ता शुरू हो गई है। बघेई ने लिखा, यह वार्ता ओमानी मेजबान द्वारा तय स्थान पर होगी, जिसमें इस्लामी गणराज्य ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल होंगे तथा ओमानी विदेश मंत्री के माध्यम से एक-दूसरे को अपने विचार और स्थिति से अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान का उद्देश्य बहुत स्पष्ट है - हमारा केवल एक ही लक्ष्य है, और वह है ईरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना। बघेई ने कहा, हम कूटनीति को एक वास्तविक और ईमानदार अवसर दे रहे हैं, ताकि बातचीत के माध्यम से हम एक ओर परमाणु मुद्दे पर आगे बढ़ सकें, और दूसरी ओर हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिबंधों को हटाया जाए। बघेई ने कहा, देखिए, यह तो बस एक शुरुआत है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि इस चरण में दोनों पक्ष ओमानी मध्यस्थ के माध्यम से अपनी मौलिक स्थिति प्रस्तुत करेंगे। इसलिए, हमें उम्मीद नहीं है कि वार्ता का यह दौर लंबा चलेगा। इससे पहले अराघची ने ईरानी पत्रकारों से बात की। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी एक ऑडियो क्लिप में अराघची ने कहा, अगर दोनों पक्षों में पर्याप्त इच्छाशक्ति है, तो हम कार्यक्रम तय करेंगे। लेकिन इस बारे में बात करना अभी भी जल्दबाजी होगी।

# हनुमान जयंती समारोह के दौरान झड़प के बाद नेपाल के बीरगंज में कर्फ्यू लगाया गया

» काठमांडू, भाषा।

**नेपाल में परसा जिले की बीरगंज नगर पालिका में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा के दौरान हिंसक झड़पें होने के बाद शनिवार को कर्फ्यू लागू कर दिया गया। धार्मिक कार्यक्रम के लिए एकत्र भीड़ पर कथित तौर पर पथराव किया गया जिससे समूहों के बीच टकराव शुरू हो गया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी और स्थानीय निवासी घायल हो गए। जिला प्रशासन कार्यालय ने भारत के सीमावर्ती शहर रक्सौल (बिहार) के पास स्थित बीरगंज के मध्य भाग में शनिवार शाम साढ़े छह बजे से रविवार दोपहर तक कर्फ्यू लगा दिया है।**

जिला प्रशासन कार्यालय ने एक नोटिस जारी कर कहा, हनुमान जयंती समारोह के दौरान तनाव बढ़ने के कारण बीरगंज मेट्रोपॉलिटन सिटी के वार्ड संख्या 14, 15, 16 और 25 में शनिवार शाम साढ़े छह बजे से रविवार दोपहर 12 बजे तक कर्फ्यू लगाए जाने का आदेश जारी किया गया है।



पुलिस ने कहा, घंटाघर इलाके से शुरू होकर महानगर के अन्य प्रमुख हिस्सों की ओर जा रही शोभा यात्रा के दौरान हुए विवाद में कुछ पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। तनाव बढ़ने के बाद बीरगंज में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कर्फ्यू लागू करने के आदेश के तहत मध्य बीरगंज में लोगों की आवाजाही, रैलियों, बैठकों, विरोध प्रदर्शनों और सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।